लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 164, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 4 फरवरी 2024

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम

24.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 59
सूर्यास्त 5 : 54

भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...15

होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो0: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!

समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान

पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000

आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। –लालकृष्ण आडवाणी, वयोवृद्ध भाजपा नेता

आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी

संबलपुर (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी

लखनऊ। लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

मुख्यमंत्री योगी ने सपा को बताया राम और डॉ. आंबेडकर का विरोधी

कन्नौज में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज फिर होगा डॉ. आंबेडकर के नाम पर

- चुनावी मूड में दिखे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा मुखिया अखिलेश पर किया कटाक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

कन्नौज में विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोड़ों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा। मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है, वहीं आस्था का सम्मान भी करती है। कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया।

एक नजर

राशन कार्ड वाले दिव्यांगों को मिलेगी पेंशन

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी ने दिव्यांगों को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगों के पास राशन कार्ड होगा, उन्हें पेंशन के साथ मकान भी दिया जाएगा। जल्द ही पेंशन की राशि बढ़ाई भी जाएगी। अफसरों को निर्देश दिया कि कोई भी दिव्यांग राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे।

जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

लखनऊ। उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यों में गति प्राप्त होगी।

जज का फंदे पर लटका मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

ज्योत्सना राय

- पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार
- अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

अमृत विचार : जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे।

महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। –आलोक प्रियदर्शी, एसएसपी

न्याय प्रणाली को और अधिक लचीला बनाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। मोदी ने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है।

सीबीआई ने सीएपीएफ में भर्ती को लेकर की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे। सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में शामिल हैं। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने सीबीआई की प्रारंभिक जांच के नतीजों पर गौर करने के बाद कहा था कि सशस्त्र बलों में भर्ती में कोई अनियमितता नहीं पाई गई लेकिन केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों में चार घटनाएं पाई गई हैं।

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा

बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ सबका विकास सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।

अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददाश्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित माहवारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइड, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशीर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिह्न भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
26 फरवरी 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपराह्न 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला–हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपराह्न 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

हौसले से जीती कैंसर की जंग, दूसरों के लिए बने मिसाल

कैंसर दिवस विशेष

- इलाज के साथ गौमूत्र और योग के माध्यम से ब्लड कैंसर को दी मात
- वन विभाग में अकाउंटेंट रहे राम उजागर ने बीमारी पता चलने पर नहीं खोया हौसला

विकास कुमार, कानपुर

अमृत विचार। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जी हां, मजबूत संकल्प लेकर इच्छा शक्ति, हौसले और जज्बे से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को भी मात दी जा सकती है, वर्ना इस बीमारी का खौफ उसे पल-पल और तिल-तिल मारता रहता है। अधिकांश मरीज कैंसर का पता चलने पर अपनी जिंदगी का सफर खत्म मान लेते हैं, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। इसी बात की मिसाल हैं राम उजागर सिंह। उन्हें जब वर्ष 2011 में ब्लड कैंसर होने का पता चला तो दहशत में धैर्य और हौसला नहीं खोया। इलाज के साथ गौमूत्र सेवन और योग के जरिए कैंसर से लड़ने का फैसला लिया। डॉक्टरों ने अधिकतम आठ साल जीवन बताया था, लेकिन राम उजागर 13 साल बाद भी पूरी तरह स्वस्थ जीवन जीने के साथ दूसरे कैंसर पीड़ितों को जीने का हौसला दे रहे हैं।

साथी कर्मचारियों के साथ काम करते राम उजागर सिंह। अमृत विचार

सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे खुद को व्यस्त रखने और दूसरों को प्रेरणा देने के लिए स्वेच्छा से वन विभाग में इसी पद पर सेवा दे रहे हैं। कानपुर में विनायकपुर निवासी राम उजागर सिंह वन विभाग में अकाउंटेंट पद से वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 2011 में उनको ब्लड कैंसर होने का पता चला तो परिवार परेशान हो उठा। लेकिन राम उजागर ने पहले खुद को संभाला पिर परिवार को समझाया। कई डॉक्टरों को दिखाया। इसी दौरान एक डॉक्टर ने अधिकतम आठ साल जीवन होने की बात कही। लेकिन राम उजागर ने हिम्मत नहीं हारी। सर्वोदय नगर स्थित रिजेंसी अस्पताल में डॉ.गौरव श्रीवास्तव से इलाज कराया। बोन मैरो जांच में 64 प्रतिशत कैंसर की पुष्टि हुई। नियमित दवा, इलाज व जांच के साथ उन्होंने गौमूत्र पीना और योग करना शुरू किया। आज उनका शरीर कैंसर मुक्त हो चुका है। गौमूत्र, योग व दवा से उन्होंने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि अब वह अन्य कैंसर रोगियों को भी जीने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उनके चेहरे का आत्मविश्वास देखने लायक होता है। सेवानिवृत्त होने के बाद खुद को व्यस्त रखने के लिए वह स्वेच्छा से वन विभाग में सेवा भी दे रहे हैं।

2011 में ब्लड कैंसर होने का पता चला

अब पीड़ितों को दिखा रहे जीने की राह

राम उजागर सिंह ने बताया कि कैंसर की बीमारी से ठीक होने के बाद उन्होंने फैसला लिया कि वह कैंसर पीड़ितों का उत्साहवर्धन करेंगे। जहां भी उन्हें कैंसर मरीज की जानकारी मिलती है, वह उनके पास जाते हैं और जीने की राह दिखाते हैं। वह बताते हैं कि हिम्मत और जीने की चाहत ऐसी थी कि उनको कीमोथेरेपी की जरूरत ही नहीं पड़ी। अब कैंसर की एबीएल बीसीआर जांच हर छह माह में करानी होती है। सैंपल मुंबई भेजे जाते हैं, जिसमें अभी तक सब कुछ ठीक है।

संकल्प व संस्कार की ऊर्जा से युवाओं में भरेंगे राष्ट्र निर्माण के लिए आत्मबल

- करौली शंकर महादेव ने कर्नाटक से शुरू किया स्मृति पवित्रीकरण अभियान
- भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों से जुड़ा आश्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। करौली शंकर महादेव ने युवाओं को तनाव मुक्त, क्रोध मुक्त और नशा मुक्त बनाकर आत्मबल बढ़ाकर संस्कारवान बनाने के लिए देश भर के स्कूल, कॉलेजों में व्यापक अभियान चलाने की पहल की है। इस अभियान की शुरुआत कर्नाटक और तमिलनाडु से की गई है। ताकि भारत का भविष्य युवा हर मुश्किल का डटकर सामना कर सके।

करौली शंकर महादेव के अनुसार इस अभियान की जरूरत उन्होंने इसलिए महसूस की क्योंकि आए दिन ऐसे मामले आ रहे हैं जिनमें युवा परीक्षा में फेल होने के डर व अन्य छोटे- छोटे मामलों की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं। भारत तभी पूर्व की भांति विश्व गुरु बनेगा, जब हमारा युवा आत्मविश्वास से भरा होगा। तनाव, आलस्य, एंजाइटी, ओसीडी आदि से मुक्त होगा और एकाग्रचित्त होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करेगा। अमृत विचार से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाने के लिए यह अभियान चलेगा ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें और हर क्षेत्र में टॉपर बनें। यह प्रोग्राम छात्रों के साथ ही शिक्षकों के लिए भी है ताकि वे भी आत्मविश्वास भरा शिक्षण कार्य कर सकें। क्रोध स्वयं का ही नुकसान करता है, इस बात को भी समझाना है। मोबाइल पर रील बनाने के बजाय रियल लाइफ बनाने का कार्य युवा कर सकें।

करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

मेडिकल कालेज में कैंसर की जांच के लिए लगेगी पैट स्कैन मशीन

शरीर के किसी भी अंग में छिपी कैंसर की बीमारी का समय रहते चल जाएगा पता

विश्व कैंसर दिवस आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शरीर के किसी भी अंग में छिपे कैंसर की जानकारी जीएसवीएम मेडिकल कालेज में अब आसानी से हो सकेगी। कैंसर की जांच के लिए यहां अत्याधुनिक पैट स्कैन मशीन लगेगी। इस मशीन से होने वाली जांच में स्पष्ट हो जाएगा कि शरीर के किस अंग में कैंसर कोशिकाएं विकसित हो रही हैं। शुरुआत में ही कैंसर का पता चलने पर मरीज का तत्काल इलाज शुरू कर उसकी जान बचाना संभव हो सकेगा।

शहर में जेके कैंसर संस्थान होने के बावजूद जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में बड़ी संख्या में कैंसर ग्रस्त मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। इसकी वजह यह है कि मेडिकल कॉलेज में जटिल कैंसर से पीड़ित कई मरीजों के ऑपरेशन सफलता पूर्वक किए गए हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की मेहनत और लगन की वजह से कैंसर मरीज इसी कारण मेडिकल कॉलेज पर अधिक भरोसा करते हैं। कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लोगों में कई प्रकार के कैंसर की समस्या भी देखी जा रही है। कैंसर की कोशिकाएं शरीर के किसी भी अंग में विकसित हो सकती है। इसलिए विकसित हो रही कोशिकाओं की शुरुआत में ही जानकारी करने के लिए जीएसवीएम में अत्याधुनिक पैट स्कैन (पाजिट्रान एमिशन टोमोग्राफी) मशीन लगेगी। जीएसवीएम से मशीन के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। मशीन मिलते ही कैंसर की अत्याधुनिक जांच की सुविधा शुरू हो जाएगी।

पैट स्कैन मशीन से इस तरह होगी जांच

पाजिट्रान एमिशन टोमोग्राफी यानी पैट स्कैन मशीन की मदद से कोशिकाओं में होने वाले बदलाव को आसानी से पहचाना जा सकता है। जांच से पहले मरीज को विशेष प्रकार के ग्लूकोज के साथ रेडियो आइसोटोप का इंजेक्शन लगाया जाएगा, जो सिर्फ कैंसर कोशिकाओं में पहुंचता है। इन कोशिकाओं से पाजिट्रान निकलते हैं, जिसे मशीन के रेडियो एक्टिव आइसोटोप पकड़ लेते हैं। तस्वीर स्पष्ट होने से पता चल जाता है कि किस अंग से कैंसर कोशिकाओं के सिग्नल आ रहे हैं।

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने प्रस्ताव भेजा

अभी ऐसे होती है जांच

मेडिकल कालेज व जेके कैंसर संस्थान के विशेषज्ञ कैंसर का पता लगाने के लिए अभी अलग-अलग अंगों के लिए अलग-अलग एमआरआइ व सीटी स्कैन जांच कराते हैं, फिर उसी आधार पर इलाज करते हैं। इसके बाद भी कैंसर कोशिकाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगना मुश्किल होता है।

शासन ने चार जिले में यह मशीन लगाने का निर्णय लिया है, जिसमें जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज भी। मशीन के संबंध में प्रस्ताव भेजा है। मशीन आने के बाद कैंसर की जानकारी शुरुआत में होगी। **-प्रो. संजय काला, प्राचार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज**

प्रो. अशोक कुमार बने निदेशक

कानपुर। आईआईटी कानपुर में संचालित लॉ ट्रोब यूनिवर्सिटी शोध अकादमी के निदेशक का कार्यभार संस्थान के ही बीएसबीई विभाग के प्रो. अशोक कुमार को बनाया गया है। इसके अलावा अकादमी के अकादमिक प्रोग्राम के निदेशक का कार्यभार प्रो. राजू कुमार गुप्ता संभालेंगे।

आईआईटी कानपुर और ऑस्ट्रेलिया की लॉ ट्रोब यूनिवर्सिटी के साथ पूर्व में समझौता हुआ था। इस एमओयू के तहत 2020 में पहला निदेशक का कार्यभार प्रो एससी गुप्ता को मिला था। लॉ ट्रोब यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों को आस्ट्रेलिया में स्वास्थ्य, पर्यावरण व जल संरक्षण, नदियों की स्वच्छता जैसे विषयों पर बेहतर अकादमिक कार्यों के लिए जाना जाता है। यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर आईआईटी में शुरू इस अकादमी का उद्देश्य भी भारत के विभिन्न शहरों में समस्याओं को चयनित कर उनका समाधान करना है। इसके अलावा नदियों के संरक्षण पर शोध कार्यों को बढ़ावा देना है। उधर अकादमी की ओर से यातायात प्रबंधन, कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर कर्मचारियों व विद्यार्थियों को शोध कार्य करने के लिए सहायता दी जाती है।

मिठाई खिलाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बांटी मिठाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए पर शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष वात्सेय त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ विजय नगर तिराहे पर मिष्ठान वितरण किया। जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र की सरकार ने आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित कर भारतीय जनता पार्टी को गौरवान्वित किया हैं। इस दौरान जगदीश तिवारी, आनंद मिश्रा, श्रीकांत मिश्रा, राघवेन्द्र मिश्रा, घनश्याम गुप्ता, नीरज बाजपेयी, नीरज रक्सैल, दीपक तिवारी, अक्षय द्विवेदी, प्रभात पाल, सूरज पाल, अभय पांडे, विकास प्रजापति, अजय गुप्ता, अजय चौरसिया, बसंत शर्मा, अरूण दुबे, सतीश शुक्ला, शिखर वैद्य व राजन तिवारी उपस्थित रहे।

आगजनी कांड में पुलिस ने गवाह नियोजित किए

कानपुर। आगजनी कांड में अभियोजन पक्ष की ओर से पेश किए गवाह पुलिस की ओर से नियोजित किए गए हैं। घटना के समय कोई भी गवाह मौके पर नहीं था। यह तर्क शनिवार को सपा विधायक इरफान व उनके भाई रिजवान के वकील ने कोर्ट में दिए। अगली सुनवाई की तिथि पांच फरवरी तय की गई।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले के शनिवार को एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की गई। आगजनी कांड के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान के अधिवक्ता सईद नकवी ने अभियोजन की ओर से पेश किए गवाह अकील अहमद, विष्णु कुमार सैनी, शारिक अली बरकाती व नसीम आरिफ के बयान कोर्ट में पढ़ कर सुनाए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट में तर्क दिया कि घटना के समय उक्त गवाहों में से कोई भी मौके पर मौजूद नहीं था। उन्होंने बताया कि अकील, विष्णु कुमार सैनी व शारिक अली को पुलिस ने नियोजित किए है। घटना के समय उक्त लोगों में से कोई भी मौके पर मौजूद नहीं था। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि पांच फरवरी निर्धारित की है।

नारायना में कल कैंसर की फ्री जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में कल यानी सोमवार को नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने निःशुल्क शिविर का आयोजन किया है। शिविर में मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टर मरीजों की कैंसर संबंधित जांच के साथ ही जरूर सलाह देंगे।

नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सलाहकार एवं वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.एके दीक्षित ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य है कि हमें एक साथ मिलकर कैंसर के खिलाफ लड़ने का संकल्प करना। कैंसर एक ऐसा खतरनाक रोग है, जिसको हम सभी को मिलकर हराना होगा। यह दिवस याद दिलाता है कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोहिणी श्रीवास्तव ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और जागरूकता से हम कैंसर के खिलाफ सशक्त हो सकते हैं। कैंसर के रोग से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति हमारी कृतज्ञता है और हमें उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनको संबल और सहयोग प्रदान करना चाहिए। सभी संकल्प लें कि कैंसर के खिलाफ एकजुट हो लड़ेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता।

एक घंटे में कैंसर जांच रिपोर्ट मिलेगी

पनकी स्थित नारायना मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में अब आधुनिक क्रायोसेक्शन तकनीक से कैंसर की जांच रिपोर्ट एक घंटे में मिलेगी। अभी तक इस रिपोर्ट के लिए मरीज को चार से पांच दिन का इंतजार करना पड़ता था। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.एमपी मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के हिस्टो पैथोलॉजी विभाग में क्रायोस्टेट का सेटअप लगाया गया है, जिसका प्रयोग ऑन्कोलॉजी सर्जरी में किया जाएगा। सामान्य हिस्टोलॉजी स्लाइड से पांच से 10 माइक्रोमीटर के नमूने को काटा जाता है। नमूने को माइनस 20 से माइनस 30 डिग्री पर जमाया जाता है। तब जांच रिपोर्ट तैयार की जाती है। इस तकनीक से एक घंटे में रिपोर्ट मिल जाती है।

सीएसजेयूएमयू में बच्चों ने शोध को लेकर दिखाई रुचि

कानपुर। सीएसजेएमयू में शनिवार को स्कूली बच्चों ने शैक्षणिक यात्रा की। इस दौरान बच्चों की ओर से विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय और शोध केंद्रों के बारे में बच्चों को बताया गया।

विश्वविद्यालय में संचालित कई स्टार्टअप प्रोजेक्ट के बारे में भी बच्चों को भ्रमण कराते हुए जानकारी दी गई। भ्रमण कार्यक्रम में राजकीय हाई स्कूल (जीएचएस) भीमसेन के 120 विद्यार्थी भ्रमण में शामिल रहे। यात्रा समन्वयक डॉ सुधांशु राय ने उन्हें सेवा उद्यान का भ्रमण करते हुए बताया कि इस उद्यान को सेवा भावना के साथ बनाया गया है। एनएसएस वालंटियर और एनसीसी कैडेट्स स्वयंसेवा करते हैं।

मैरिज हॉल में सिलेंडर में आग, भागे लोग

- रावतपुर थानाक्षेत्र का मामला दमकल ने आग पर काबू पाया
- जांच में मैरिज हॉल में नहीं मिले आग बुझाने के इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रावतपुर थानाक्षेत्र में मैरिज हॉल में आयोजित शादी समारोह में उस समय हड़कंप मच गया जब गैस भट्ठी लीकेज होने से रबर के पाइप से होती हुई आग सिलेंडर तक पहुंच गई। यह देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई। सिलेंडर फटने के डर से लोग पंडाल छोड़कर दूर जाकर खड़े हो गए। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। जांच में अग्निशमन कर्मचारियों को मैरिज हॉल में आग बुझाने के इंतजाम नहीं मिले।

राणा प्रताप नगर शनेश्वर चौराहा निवासी संतोष दिवाकर की पुत्री स्वाती की शादी शनिवार को इंदौर कौर मैरिज हॉल से आयोजित थी। वर पक्ष बारात फर्रुखाबाद के कमालगंज से लेकर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि शनिवार शाम करीब छह बजे मैरिज हॉल में बरातियों और जनातियों के लिए खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान गैस भट्ठी लीकेज होने के चलते रबड़ से सिलेंडर तक पहुंची आग जिससे वह धू-धूकर जलना शुरू हो गया। घटना के दौरान लोगों ने सिलेंडर के फटने के डर से पंडाल में अफरातफरी मच गई। किसी तरह लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। पूरे हॉल में धुआं भर गया। ऊंची ऊंची लपटे देख आग फैलने के डर से कुछ युवकों ने पेट्रोल पंप और मिठाई की दुकान से अग्निशमन यंत्र लाकर दूर से आग बुझाने की कोशिश की। घटना के दौरान मैरिज हॉल में आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं मिले। सीएफओ ने बताया कि लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा था।

प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि मैरिज हॉल में आग बुझाने के कोई इंतजाम नहीं थे। जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना था कि समय रहते अगर सिलेंडर में लगी आग न बुझाई जाती तो वह फट सकता था। जिससे कई लोग चपेट में आ सकते थे।

मैरिज हॉल में धू-धूकर जलता सिलेंडर। अमृत विचार

जागरुकता आलू फसल प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला, सीएसए के विशेषज्ञों ने आलू की नई प्रजातियां उगाने पर भी दिया जोर

आलू की बेहतर पैदावार को हरी खाद का करें इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आलू की बेहतर पैदावार के लिए हरी खाद का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। इससे आलू की अधिक पैदावार होने की असीम संभावना है। क्षमता से कम पैदावार होने का बड़ा किसानों की ओर से तकनीक का कम प्रयोग किया जाना है। इसके अलावा किसानों को अधिक पैदावार के लिए नवीन प्रजातियों की बुआई करने की तरफ भी रुझान बढ़ाना चाहिए।

यह सुझाव शनिवार को सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विशेषज्ञों की ओर से अरशदपुर गांव में किसानों को दिए गए। आलू फसल प्रबंधन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण साग-भाजी अनुभाग की ओर से किया गया था। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में साग भाजी अनुभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. राम बटुक सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जनपद में आलू उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। अधिकांश प्रजातियां अपनी अनुवांशिक क्षमता के अनुरूप पैदावार नहीं दे पा रही हैं। इसका मुख्य कारण किसानों की ओर से तकनीकी का उपयोग किया जाना बहुत कम है। इसलिए अधिक आलू उत्पादन के लिए नवीन प्रजातियों का प्रयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सदस्य वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे खेत जहां आलू की फसल की बुवाई की जाती है उसमें बुवाई से पहले हरी खाद का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इससे उर्वरक उपयोग क्षमता बढ़ती है।

अरशदपुर गांव में हुए कृषक प्रशिक्षण में बोलते विशेषज्ञ। अमृत विचार

लहसुन के लिए सल्फर का प्रयोग जरूरी

प्रशिक्षण में किसानों से मसाला वैज्ञानिक डॉ. संजीव सचान ने कहा कि लहसुन की फसल पर सल्फर के प्रयोग करना लाभदायक हो सकता है। उन्होंने भी किसानों को बेहतर मसाला फसल के उत्पादन के लिए तकनीकी का प्रयोग करने का सुझाव दिया।

कटाई करने के बाद करें मूंग की बुवाई

किसानों को एक फसल के बाद दूसरी फसल को तैयार करने का भी तरीका बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अरुण सिंह ने कहा कि आलू फसल की कटाई के बाद मूंग, उर्द, मक्का की बुवाई करने से बेहतर परिणाम सामने आते हैं। डॉ अजय कुमार यादव ने कहा गया कि जो किसान उत्पादित आलू कंदो को बीज के रूप में रखना चाहते हैं वे भंडारण से पहले उनका बोरिक एसिड से तीन प्रतिशत घोल से अवश्य उपचारित करना चाहिए।

तंबाकू व सिगरेट का पुतला दहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर गुजैनी स्थित स्टेट बैंक टेंपो स्टैंड चौराहे पर तंबाकू, गुटखा, पान, मसाला, सिगरेट व बीड़ी आदि का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। जन जागृति मंच के अध्यक्ष विनोद मिश्र ने लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान आदि की जानकारी दी। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. हेमंत मोहन ने कहा कि कानपुर पान मसाला उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, इसकी वजह से कानपुर में मुख कैंसर के रोगी ज्यादा पाए जाते हैं। कहा कि यदि किसी व्यक्ति के मुंह खुलना कम हो गया हो, मुंह में लाल या भूरे चकत्ते हो, मुंह के अंदर छाले हो, जो इलाज करवाने के बाद भी ना ठीक हो रहे हो तो ऐसे लोगों को तत्काल डॉक्टर से जांच करवाना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में कैंसर ठीक होने के ज्यादा संभावनाएं होती हैं।आधुनिक टेक्नोलॉजी से कैंसर इलाज में अनेक नए शोध हुए हैं। डॉ. आनंद गौतम ने कहा कि धूम्रपान व तंबाकू जनित पदार्थ से मुख कैंसर व फेफड़े का कैंसर हो सकता है। इसके अलावा पेट लिवर, आहार नली का कैंसर, महिलाओं में स्तन व गर्भाशय कैंसर आम होता जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक विनोद मिश्र ने कहा कि संस्था पिछले लगभग चार दशकों से बिना कोई सरकारी आर्थिक सहायता, चंदा या अनुदान लिए निस्वार्थ भाव से सामाजिक सेवा कार्य कर रही है। हर वर्ष कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। आचार्य रामगोपाल द्विवेदी, सुमन मिश्र, राजेंद्र गुप्त रहे।

तंबाकू, पान मसाला और सिगरेट का पुतला फूंका गया। अमृत विचार

आज का मौसम
अगले दो दिनों में बारिश होने की संभावना।

24.8°	09.4°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:52	सूर्यास्त 05:53

शहर में आज

- **संगोष्ठी :** डीएवी में गैर पारंपारिक सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सुबह 10 बजे।
- **नेत्र शिविर :** प्रगतिशील जन कल्याण सेवा समिति द्वारा संतलाल का हाता हर्ष नगर में नेत्र शिविर सुबह 11 बजे ।
- **जागरुकता :** विश्व कैंसर दिवस पर काकादेव उजाला सिगनस कुलवंती अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम 12 बजे।
- **समारोह :** चिड़ियाघर का स्वर्ण जयंती समारोह दोपहर 12 बजे।

सीओडी पुल को पैचवर्क कर मोटरेबल बनाया

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिकारियों ने किया पुल की जर्जर स्थिति का निरीक्षण सड़क की मरम्मत हुई शुरू
- पीडब्ल्यूडी अधिकारी बोले जर्जर आरओबी पर कई बार रेलवे से कर चुके पत्राचार

अमृत विचार। सीओडी पुल की बदहाली का अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होने पर शनिवार को जिम्मेदार नींद से जागे। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने पुल का निरीक्षण कर पैचवर्क कार्य शुरू कराया। रेलवे के हिस्से वाले क्षतिग्रस्त पुल पर भी पीडब्ल्यूडी ने फौरी तौर पर बिटुमिंस वर्क कराना शुरू कर दिया।

वर्ष 2009 में सीओडी पुल की रामादेवी से टाटमिल वाली लेन तैयार हुई थी। 26 जनवरी 2020 को औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने पुल का लोकार्पण किया था। लेकिन चार साल के भीतर पुल जर्जर हो गया। रेलवे के हिस्से वाली आरओबी की बियरिंग कोट उखड़ने से पुल की सरिया तक दिखने लगी थीं। कई स्थानों पर बिटुमिंस सरफेस उखड़ने की वजह से पुल पर एक दर्जन से ज्यादा गड्ढे हो गए थे, इस कारण वाहन सवारों को हिचकोले खाने पड़ते थे। अमृत विचार ने शनिवार के अंक में पुल की जर्जर दशा का समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार जयंत, जेई अभिषेक सिंह समेत अन्य अधिकारियों के पुल का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने तत्काल प्रभाव से पुल की मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

सीओडी पुल पर शुरू किया गया मरम्मत कार्य। अमृत विचार

जागे जिम्मेदार

11 साल में बना पुल चार साल में ही हो गया जर्जर
तीन फरवरी के अंक में छपी खबर।

मौसम खराब होने के कारण पैचवर्क नहीं हो पा रहा था। पुल के पीडब्ल्यूडी वाले हिस्से पर पैचवर्क के साथ आरओबी पर भी फौरी तौर पर बिटुमिंस वर्क कराया गया है। रेलवे को आरओबी की मरम्मत के लिए सूचना दी गई है।

-अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी एनएच डिवीजन

26 जनवरी 2020 को मंत्री महाना ने लोकार्पण किया

कई बार क्षतिग्रस्त हो चुकी आरओबी, रेलवे लापरवाह

आरओबी की सीसी चार साल में कई बार क्षतिग्रस्त हो चुकी है। अक्टूबर 2023 में आरओबी की बियरिंग कोट उखड़ गई थी। गहरे गड्ढे के कारण सरिया तक बाहर निकल आई थीं, जिससे राहगीरों के चुटहिल होने की आशंका थी। पीडब्ल्यूडी ने सरिया हटाकर रेलवे को पत्र लिखा था। एक बार फिर रेलवे के हिस्से वाला स्थान क्षतिग्रस्त हो गया है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि आरओबी मरम्मत के लिए रेलवे अधिकारियों को कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया है।

पुरानी पेंशन के लिए 11 को होगा धरना और पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्मचारियों ने आठवां वेतन आयोग गठन की भी मांग उठाई

अमृत विचार। आठवें वेतन आयोग के गठन व पुरानी पेंशन बहाली के लिए 11 फरवरी को फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना-प्रदर्शन के बाद कलक्ट्रेट तक कर्मचारी पैदल मार्च कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के धरने को सफल बनाने के लिए शनिवार को अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में जनसंपर्क किया गया। घाटमपुर, पतारा व बिधूना ब्लाक के कर्मचारियों, शिक्षकों को आंदोलन में भागीदारी के लिए पोस्टर, स्टीकर बांटे गए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक सुरेश चंद्र यादव ने बैठकों का संचालन किया। घाटमपुर ब्लाक मीटिंग में आशुतोष दीक्षित व पंकज पांडेय ने कहा कि मनरेगा कर्मियों को राज्यकर्मी घोषित करने व पुरानी पेंशन व आठवां वेतन आयोग के लिए धरने में भागीदारी जरूरी है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के मंडल महामंत्री अटल बिहारी, महामंत्री बृजेश कटियार व जिला कोषाध्यक्ष लालता प्रसाद ने कहा कि परिषद ने सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली की मांग ज्ञापन में रखी है।

इस मौके पर रणधीर सिंह, संघर्ष समिति के चेयरमैन साहब सरताज, संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक इंजीनियर एएन द्विवेदी, सुरेश चंद्र यादव, विक्रम शर्मा, अनिल बाजपेई, सुरेश चंद्र निगम, अजीत सिंह, राजेश तिलकधारी, जितेन्द्र मिश्रा, सत्य प्रकाश, प्रताप नारायण सचान, प्रदीप कुमार, रेनू सचान, ब्रजभार मौजूद रहे।

एक नजर

अवनींद्र कुमार नगर निगम के नए अपर नगर आयुक्त

कानपुर। लखनऊ के अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार का कानपुर तबादला किया गया है। वह नगर निगम में नए अपर नगर आयुक्त होंगे। विशेष सचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया है।

बेटे ने दी मां-बहन की मौत की फर्जी सूचना

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र के रतनपुर इलाके में बेटे ने आग लगाकर मां और बहन को मार डाला। यह सूचना आरोपी ने नशे की हालत में पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को घटना फर्जी मिली। थाना पनकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तत्काल फोर्स के साथ मौके पर पहुंचा। जहां मां बेटी की आग की चपेट में आने से मौत की सूचना फर्जी मिली।

दो अधिकारी 50 लोगों से करेंगे वसूली

कानपुर। श्रम विभाग के पोर्टल पर साइबर फ्रॉड के बाद बनी टीम को दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। विभागीय जांच के लिए बनाई गई दूसरी टीम में आठ सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों को ऐसे पंजीकरणों को सौंपा गया है जहां पर ऑनलाइन रुपयों का ट्रांसफर हुआ था। खास बात यह है कि टीम के सभी सदस्यों को 25 लोगों की जांच कर भुगतान की वसूली करनी है।

गंगा में मिला युवक का शव

कानपुर। कैंट थानाक्षेत्र में सत्ती चौरा वार्ड नंबर एक के इलाके में गंगा में अज्ञा युवक का शव औंधे मुंह उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों के अनुसार शव दो से तीन दिन पुराना बताया गया। युवक के शरीर पर नीली जैकेट, नीली जींस, पैरो में जूते पहने हुए है। स्थानीय लोगों ने मृतक की उम्र 22 से 24 वर्ष के बीच में बताई।

पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा

कानपुर। सेन पश्चिमापारा निवासी 32 वर्षीय रमा कुशवाहा उर्फ गोल्डी के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा किया गया। परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। वहीं रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई। परिजनों ने पति समेत ससुरालीजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शहर में जल्द चलेंगी डबल डेकर बसें

परिवहन विभाग ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया, प्रमुख मार्गों पर सुगम होगा नगरीय परिवहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर की सड़कों पर जल्द ही डबल डेकर बसें दौड़ती हुई नजर आएंगी। यह बसें मेट्रो के बाद सार्वजनिक नगरीय परिवहन का बड़ा विकल्प बनेंगी। परिवहन विभाग की ओर से इन बसों को चलाए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शासन ने शहर में डबल डेकर बसों का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। इस आदेश के बाद अधिकारियों की ओर से डबल डेकर बसों के लिए रूट तैयार किए जाने की कवायद भी शुरू कर दी गई है।

शहर में फिलहाल 100 इलेक्ट्रिक बसें 90 किलोमीटर परिधि के मार्ग में यात्रियों को सुविधा देती हैं। इन बसों पर रोज लगभग 30 हजार यात्रियों का लोड है। इलेक्ट्रिक बसों की सफलता के बाद अब डबल डेकर बसों को सड़क पर उतारे जाने की तैयारी हो रही है। इसके लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। इन बसों को ऐसे रूट पर उतारा जा सकता है, जहां पर यात्रियों की संख्या सबसे अधिक है। ऐसे रूट में रामादेवी से आईआईटी और घंटाघर से गंगा बैराज रूट सहित अन्य रूट शामिल हैं। परिवहन विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यह डबल डेकर प्राइवेट कंपनियों की ओर से चलाई जानी है।

पहले दौड़ती थीं डबल डेकर

शहर में पांच दशक पहले डबल डेकर बसें चलती थीं। इनका रूट फूलबाग से चिड़ियाघर और रावतपुर के बीच था। चार दशक पहले आखिरी डबल डेकर चलना बंद हो गई थी।

मेट्रो की कनेक्टिविटी भी दी जाएगी

शहर में मेट्रो का जाल भी बिछाया जा रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की ओर से रूट निर्धारित करने में इसका भी ख्याल रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि रूट निर्धारण पर मेट्रो से उतरने वाले यात्रियों को हर पांच मिनट पर बसें उपलब्ध हो इस तरह की योजना बनाई जा रही है।

फिलहाल चल रहीं सौ ई-बसें

शहर को स्मार्ट सिटी के तहत सौ इलेक्ट्रिक बसें मिली थीं। इन बसों को शहर के विभिन्न मार्गों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ा गया था। इन बसों के संचालन के दौरान शहर के 10 नए रूट को जोड़कर बसों का संचालन शुरू किया गया था। फिलहाल यह बसें अयोध्या गई हुई हैं।

सुविधा के लिए बनेगा नया डिपो

परिवहन विभाग की ओर से नई बसों के लिए मंधना स्थित संडीला गांव में नए बस डिपो के लिए तैयारी अंतिम चरण में हैं। नई बसों के लिए इन डिपो में रखरखाव व यात्रियों को लाने व ले जाने का कार्य भी प्रस्तावित है। अधिकारियों का मानना है कि नई डबल डेकर बसों के आने के आदेश के बाद अब इस डिपो का कार्य भी तेज गति से होगा।

आधुनिक सुविधाएं होंगी

अधिकारियों ने बताया कि शहर की सड़कों पर चलने वाली नई डबल डेकर बसों में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं भी दी जाएंगी। इनमें आराम दायक कुर्सियां, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, टीवी स्क्रीन और इलेक्ट्रॉनिक लोकेशन स्क्रीन शामिल हैं।

गोविंद नगर बाजार में व्यापारियों को खाली करना होगा फुटपाथ

अमृत विचार प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गोविंद नगर बाजार के फुटपाथ सोमवार तक नहीं खाली किए गए तो दुकानदारों का चालान कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही दोबारा फुटपाथ पर कब्जा करने पर दुकानदारों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गोविंद नगर बाजार में फुटपाथ खाली कराने का जिम्मा ट्रैफिक पुलिस ने संभाल लिया है। शनिवार को एसीपी ट्रैफिक ने गोविंद नगर बाजार का निरीक्षण कर व्यापारियों को फुटपाथ खाली करने के लिए अंतिम चेतावनी दी।

'पांच सौ से एक हजार में बिकता फुटपाथ, बोलो खरीदोगे' शीर्षक के साथ शनिवार को गोविंद नगर बाजार में फुटपाथ पर कब्जे की समस्या को प्रकाशित किया गया था। मामले को संज्ञान में लेकर शनिवार शाम एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने गोविंद नगर बाजार का निरीक्षण किया।

इस दौरान दुर्गा मंदिर से लेकर चावला मार्केट तक दोनों ओर उनको दुकानों के बाहर फुटपाथ घिरे दिखे। आधी सड़कों तक वाहन खड़े होने के कारण जाम की समस्या से भी एसीपी रूबरू हुईं। उन्होंने व्यापारियों को फुटपाथ से सामान हटाने की सोमवार तक की हिदायत दी। कहा कि सोमवार तक फुटपाथ खाली न होने पर नगर निगम के साथ अभियान चलाया जाएगा। फुटपाथ पर सामान मिलने पर चालान किया जाएगा। साथ ही जिन दुकानों के बाहर दोबारा फुटपाथ घिरे दिखेंगे उन पर जुर्माना किया जाएगा। जिस पर व्यापारियों ने स्वयं ही फुटपाथ खाली करने पर सहमति जताई।

पांच सौ से एक हजार में बिकता फुटपाथ, बोलो खरीदोगे
तीन फरवरी के अंक में छपी खबर।

- सोमवार तक फुटपाथ खाली नहीं हुए तो चालान के साथ चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान
- एसीपी ट्रैफिक ने देखा बाजार का हाल, निरीक्षण में व्यापारियों को दी कड़ी हिदायत

व्यापारियों से फुटपाथ खाली करने को लेकर बातचीत कर हिदायत दी गई है। सोमवार तक फुटपाथ खाली न किए गए तो अभियान चलाकर दुकानदारों के चालान किए जाएंगे। दोबारा फुटपाथ घिरा मिलने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

-सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

यूपी बजट में शहर को विकास परियोजनाएं के धन की आस

यूपी का बजट कल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विधानसभा में पांच फरवरी को प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेंगे। माना जा रहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। जानकारों के अनुसार योगी सरकार 2024-2025 के लिए साढ़े सात लाख करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक बजट पेश करने की तैयारी कर रही है।

इस बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े आवंटन और लोकसभा चुनावों से पहले संभावित लोकलुभावन घोषणाएं शामिल हो सकती हैं। शहर को पिछले साल के बजट में प्रमुख रूप से मेट्रो के लिए धन आवंटन की सौगात मिली थी। इस बार उम्मीद है कि कई विकास परियोजनाओं के लिए धन मिल सकता है। ऐसे कयास हैं कि सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास के लिए बड़ा खजाना खोलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विकास के बुनियादी ढांचे के लिए अधिक धन आवंटित करने के लिए कहा है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश सरकार के बजट में किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कल्याणकारी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

पुलिस कमिश्नर ने आनंदेश्वर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था देखी

कानपुर। शनिवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंदर से लेकर बाहर तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम देखे। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि सुरक्षा के साथ लोगों की सहूलियत का भी खास ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने सीसीटीवी से निगरानी और पब्लिक एड्रेस सिस्टम से भीड़ को नियंत्रित करने के साथ मंदिर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध करने का आदेश दिया। सीसीटीवी, कंट्रोल रूम, मेटल डिटेक्टर समेत अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। कहा कि पार्किंग बेहतर होनी चाहिए।

हिंसा का मास्टर माइंड हाशमी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नई सड़क हिंसा के मास्टरमाइंड जफर हयात हाशमी को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वर्ष 2012 में मकान पर कब्जा करने को लेकर उसने मां और बहन पर कलेक्ट्रेट में केरोसिन डालकर आग लगवाई थी। दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में आत्महत्या के उकसाने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। हाशमी के फरार रहने पर कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसे 11 साल बाद गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि चमनगंज निवासी हयात जफर हाशमी शातिर अपराधी है। उसने वर्ष 2012 में अपना मकान किराएदारों से खाली कराने के लिए बहन और मां के साथ साजिश रची थी। दोनों से कहा था कि जिलाधिकारी कार्यालय में मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लेना, इससे दहशत में आकर जिला प्रशासन उनका मकान किराएदारों से खाली करा देगा। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गई थी और दम तोड़ दिया था। चमनगंज थाने में हाशमी के खिलाफ 2012 में आत्महत्या के लिए उकसाने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया था। वर्ष 2022 में जून माह में हुई हिंसा का भी मुख्य आरोपी हयात जफर हाशमी है। वह जौहर फैंस एसोसिएशन के नाम से संस्था चलाता है। जून 2022 में हयात ने नुपुर शर्मा के बयान के बाद कानपुर में बंदी का ऐलान किया। इसके बाद सोची-समझी साजिश के तहत कानपुर में दंगा भड़का दिया था।


पुलिस की गिरफ्त में हाशमी।

- 2012 में मां और बहन को खुदकुशी के लिए उकसाया था आग लगाने से हो गई थी मौत

शराब की दुकान का ताला तोड़कर चोरी

कानपुर। कोहना थानाक्षेत्र में वीआईपी रोड पर स्थित शराब की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। यहां की मैनेजर सुगंध जायसवाल ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह उनको सूचना मिली कि उनकी दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है तो वह कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचे। चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद हुई है मैनेजर ने बताया कि चोरी करीब 60 हजार रुपये की शराब व नकदी चोरी कर ले गया। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने बताया कि दुकान में लगा डीवीआर निकलवाकर फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

सज गया प्राणि उद्यान | चेन्नई से आए जानवर नहीं देख पाएंगे दर्शक, अगले माह से विचरण करेंगे

स्वर्ण जयंती पर आज देखिए बाइसन और ढोल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चिड़ियाघर की स्वर्ण जयंती पर तिरुपति से आए बाइसन-ढोल दर्शकों को लुभाएंगे। तिरुपति से आए जनवरों को बाहर निकाला गया है। लेकिन चेन्नई से आए जानवर दर्शक नहीं देख पाएंगे। अभी ये जानवर 21 दिन क्वारंटीन रहेंगे।

चिड़ियाघर के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह रविवार को मनाया जाएगा। प्राणि उद्यान के निदेशक केके सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले चिड़ियाघर में वन्य जीवों की संख्या में इजाफा हुआ था। तिरुपति से एक जोड़ी जंगली ढोल, गौर, सफेद शेरनी, दो जोड़ी बाइसन कानपुर प्राणि उद्यान लाए गए थे। स्वर्ण जयंती पर उन्हें दर्शकों के लिए बाहर निकाला गया है। रविवार को यही जानवर दर्शकों को लुभाएंगे। इसके साथ रंग-बिरंगी विदेशी चिड़ियों का भी दर्शक आंनद लेंगे। दो दिन पहले चेन्नई प्राणी उद्यान से विनिमय के तहत कानपुर प्राणी उद्यान लाए गए शुतुरमुर्ग, रेटीकुलेटेड पायथन, ग्रीन इगुवाना, भेडिया, माउस डियर को दर्शक नहीं देख पाएंगे। ये सभी जानवर 21 दिन क्वारंटीन रहेंगे और मार्च माह में ही बाहर निकाले जाएंगे।

अमेरिकी बाइसन।

तिरुपति का ढोल। इंटरनेट

21 दिन क्वारंटीन रहेंगे चेन्नई से आए जानवर

ढोल होता जंगली कुत्ता

तिरुपति से आया ढोल सियार से मिलती-जुलती प्रजाति है। स्वर्ण सियार व अफ्रीकी जंगली कुत्ता के मध्य की यह प्रजाति है। इसकी लंबाई तीन फिट होती है। यह पहाड़ों पर निवास करते हैं। झुंड में शेरों का शिकार करने से भी नहीं डरते हैं।

बाइसन होता अमेरिकी भैंसा

एक स्वस्थ्य बाइसन का वजन 1000 से लेकर 1300 किलोग्राम तक हो सकता है। ये 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हैं। इनका शरीर पूरी तरह बालों से ढका होता है और काले, भूरे रंग के पाए जाते हैं।

एनिमल रेस्क्यू वैन का लोकार्पण

कानपुर। सेल्स टैक्स रोड गोपालय लॉन में शनिवार को नवोदय फाउंडेशन की ओर से एनिमल रेस्क्यू वैन का लोकार्पण नगर आयुक्त शिवशरणाप्पा जीएन ने किया। इस वाहन के माध्यम से फाउंडेशन पशु-हित के लिए सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करेगा। पशुओं का इलाज, सही पोषण और उत्पीड़न से बचाव भी होगा। संगठन की संस्थापिका व अध्यक्ष रचना मिश्रा ने कहा कि इस पहल के माध्यम से बेजुबान प्राणियों की सहायता का प्रयास कर रहे हैं। जिन्हें उपेक्षित किया गया है। इस वाहन के माध्यम से हम उन जगहों पर शीघ्रता से पहुंचेंगे जहां सहायता की आवश्यकता होगी। संचालन निधीकरण मेहरोत्रा ने किया। नीतू सिंह, रितु सिब्बल, आरके निरंजन, रिचा खुल्लर मौजूद रहीं।

एनीमल वैन के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

अरौल में सौतेली मां ने नाबालिग बेटी को पीट-पीट कर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घटना से पुलिस महकमे में मच गया हड़कंप, जांच शुरू
- हत्या के बाद शव को छत पर लकड़ियों के बीच छिपा दिया था

अमृत विचार। कानपुर कमिश्नरेट के अरौल थाना क्षेत्र से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां एक सौतेली मां ने 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को पीट पीट कर मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद शव को छत पर रखी लकड़ी नुमा झाड़ियों में छिपा दिया। मामले की जानकारी मिलने पर गांव के सैकड़ों लोग घर पहुंच गए। इसके बाद आनन फानन उसे निकालकर पुलिस को सूचना देकर हैलट अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद पुलिस ने हत्यारोपी सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के शव को मोर्चरी में रखने के बाद हत्यारोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज पूछताछ कर रही है। किशोरी के पूरे शरीर में चोट के काफी निशान हैं।

अरौल के गजना गांव में रहने वाला अनीष ने फरजाना से दूसरी शादी की है। पहली वाली पत्नी से एक 13 वर्षीय की बेटी रेहाना है। शनिवार देर शाम रेहाना को उसकी सौतेली मां फरजाना ने पीट-पीट कर मरणासन्न कर दिया। बेटी बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी तो उसे छत पर रखी लकड़ियों के बीच छिपा दिया और देर रात शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। लेकिन इससे पहले गांव के लोगों को पूरे मामले की भनक लग गई और सैकड़ों लोग घर में पहुंच गए। छत से उसे किसी तरह निकालकर सीएचसी लेकर गए। जहां पर जांच के बाद उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट पहुंचने से पहले गंभीर रूप से घायल किशोरी की सांसे थम गईं। सूचना पर पहुंची अरौल थाने की पुलिस ने घटना की सूचना आलाधिकारियों को दी तो महकमे में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर डीसीपी विजय दुल, एसीपी बिल्हौर अजय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर फॉरेंसिक यूनिट और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे।

वीडियो वायरल हुआ तो लोगों के रोंगटे खड़े हो गए

गजना गांव में हुई सनसनीखेज घटना से लोगों के होश उड़ गए। पटना के बाद का किशोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो लोगों का रोंगटे खड़े हो गए। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह किशोरी को लड़कियों के पीछे छुपाया गया था इसके बाद उसे कुछ लोग घसीटते हुए ले जाते नजर आए।

किशोरी के शरीर पर मिले दर्जनों जख्म

घटना की जानकारी के बाद जैसे ही ग्रामीण आरोपी के घर पहुंचे और किशोरी को लड़कियों के पीछे से निकालने लगे तो मृतक के शरीर पर चोटों के दर्जनों निशान थे लोगों का अनुमान था कि उसे शरीर पर कई दिन से जख्म दिए जा रहे थे।

बर्रा में नशेबाजी को लेकर युवक की पीट-पीटकर हत्या, रिपोर्ट

- किदवई नगर के प्लॉट की रकम और मोबाइल लूटने का आरोप
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर, आइब्रो, पेट में गंभीर चोटें, टूटी मिली पसलियां
- बेड पर गिला मिला शव, कमरे में मिलीं शराब की बोतलें और ताश की गड्डी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बर्रा थानाक्षेत्र में नशेबाजी को लेकर युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मकान मालिक के बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक ने घटना की जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने हत्यारों पर लूटपाट का आरोप लगाया है।

बर्रा के-154 विश्व बैंक निवासी 30 वर्षीय गौरव सिंह पत्नी बच्चों से अलग एक सिपाही के मकान में किराए पर रहता था। उस मकान में दो अन्य किराएदार और रहते थे। इटावा निवासी गौरव के बहनोई बृज मोहन सिंह ने बताया कि उन लोगों को शनिवार सुबह पुलिस ने गौरव की मौत की जानकारी देकर कानपुर आने के लिए कहा। जिसके बाद वह लोग मौके पर कुछ घंटे में पहुंच गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों ने रात में बुफर सिस्टम लगाकर गाने बजाकर डांस और शराब पार्टी चल रही थी। जहां तीन से चार लोग मौजूद थे। उन्होंने बताया कि रात में तीन बजे तक जमकर नशेबाजी हुई है, इसके बाद मारपीट और शोर शराबे की तेज-तेज आवाजें आने लगीं। बताया कि कुछ देर बाद अंदर से आवाजें आना बंद हो गईं। बहनोई के अनुसार उनके आरोपियों ने साले को पीट-पीटकर मार डाला इसके बाद उसके शव को बिस्तर में डालकर ऊपर से रजाई ओढ़ा दी गई। शव पानी में पूरी तरह से गीला पड़ा था। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाथरूम में उसकी हत्या कर शव को वहां बिस्तर में डाल दिया गया होगा। बताया कि तड़के चार बजे के आस पास गौरव की बचाने की गुहार सुनाई दी लेकिन कोई हिम्मत करके भी नहीं जा पाया। गौरव की पत्नी खुशबू सिंह व बच्चे शिखा और खुशी का बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस और फोरेंसिक ने घटनास्थल के साक्ष्य एकत्रित किए है। वहीं गौरव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर,आईब्रो, पेट, हाथ में तो चोटें आई ही हैं साथ ही पसलियां भी टूटी मिली हैं। अधिक खून बहने से हत्या की पुष्टि हुई है। बर्रा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट की गई है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गौरव के परिजन। अमृत विचार

नशेबाजी के साथ जुएं के भी मिले साक्ष्य

कमरे में जैसे ही मकान मालिक के बेटे की सूचना पर पुलिस पहुंची तो उसे मौके से शराब की बोतलें और ताश की गड्डी फैली मिली हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने तीनों कमरों को ठीक से स्कैन किया अलमारी, बिस्तर, कपड़े और कई जगह के सैंपल लिए। पुलिस ने भी माना है कि शुक्रवार रात जमकर नशेबाजी हुई है। जिसके बाद हत्या को अंजाम दिया गया।

फोरेंसिक की कहानी कुछ और कह रही

वहीं इस मामले में फोरेंसिक एक्सपर्ट की मानें तो युवक नशे में घर के पास नाले में गिर गया होगा। इस कारण उसकी मौत हो गई। उनकी तरफ से यह एक हादसा बताया गया है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट तो कुछ और ही कह रही है।

रकम और मोबाइल लूटकर मार डाला

बहनोई बृज मोहन सिंह और साले सानू ने बताया कि हाल ही में गौरव ने किदवई नगर के ब्लॉक के पास स्थित एक प्लॉट को बेचने के लिए तीन लाख का बयाना लिया था। नकद रुपये और मोबाइल मौके से गायब मिला है। आरोप है, कि हो सकता है कि हत्यारों को रुपयों की जानकारी हो गई हो इस कारण सुनियोजित ढंग से पार्टी के कार्यक्रम में लूटने के बाद हत्या कर दी गई हो।

आधा घंटा लग गया घर की खोजबीन में

परिजनों ने बताया कि गौरव घर से अलग रहता था। परिजनों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। लेकिन पुलिस ने जब घटनास्थल से मामले की सूचना तो परिजनों को किराए का मकान ढूंढने में काफी समय बर्बाद हो गया। परिजनों का कहना था कि बर्रा क्षेत्र में वह एक बड़े से नाले किनारे रहता था। जो इलाका अभी ज्यादा विकसित भी नहीं है।

जुआ खेलने के विरोध पर पिटाई, चेन लूटी

कानपुर। सेन पश्चिम पारा में जुआ खेलने से मना करने पर जुआरियों ने मौरंग व्यापारी की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर राहगीरों को आता देख आरोपी सोने की चेन लूट कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

परसौली कठोगर निवासी गुलाब राजपूत उर्फ नीशू की परसौली पंचायत भवन के पास मौरंग व गिट्टी की दुकान है। गुलाब ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपनी दुकान से ग्राहक को प्लाट दिखाने गए हुए थे। जब वह प्लाट पर पहुंचे तो वहां पर आशीष राजपूत, छोटे अपने एक अन्य साथी के साथ जुआ खेल रहे थे। आरोप है कि जुआ खेलने से मना करने पर आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी।

दबंगों ने सरेआम बदनीयती से दुपट्टा खींचकर युवती को दिया धक्का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपने सहकर्मी के साथ मिठाई लेने गई थी पीड़िता

अमृत विचार। अनवरगंज थानाक्षेत्र में मिठाई लेने अपने सहकर्मी के साथ गई युवती से गाड़ी खड़ी करने को लेकर अज्ञात लोगों से जमकर विवाद हो गया। इस दौरान विरोध करने पर आरोपियों ने युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझा बुझाकर थाने ले गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

रेल बाजार गैजेस मॉल के पास काम करने वाली युवती शुक्रवार शाम आठ बजे करीब दोस्त के साथ घर लौट रही थी। इस दौरान

वह मिठाई लेने के लिए अनवरगंज स्थित बाबा स्वीट्स पहुंची। युवती के अनुसार वह गाड़ी खड़ी करके मिठाई लेने को चली तो पड़ोस में खड़े दुकानदार ने स्कूटी खड़ी करने का विरोध किया। जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी दुकानदार ने उससे अभद्रता कर गाली-गलौज की। विरोध किया तो दुकानदार ने कुछ साथियों संग बदनियती से दुपट्टा खींचकर उसे धक्का दे दिया। आरोप है कि आरोपी उसे रोके रहे और गाली-गलौज करते रहे। इस दौरान वहां से गुजर रहे दो पुलिसकर्मियों ने उसे बचाया और अनवरगंज थाने ले गए। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर अनवरगंज थाना प्रभारी ने बताया आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, गाली-गलौज, धमकाने और जबरन रोकने संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

छेड़खानी से तंग छात्रा, शोहदे ने पिता को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र का मामला, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार। कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली इंटर की छात्रा ने पुलिस को बताया कि कल्याणपुर बाजार में प्रांशु अपने पिता की परचून की दुकान में बैठता है। प्रांशु स्कूल और कोचिंग आते-जाते आए दिन पीछा करने के साथ ही छेड़खानी और अश्लील कमेंट करता है।

24 जनवरी को वह दवा लेने कोकाकोला चौराहा जा रही थी। महिला होटल तिराहे पर पहुंची ही थी कि उसे रोक लिया और छेड़खानी की।

लोकलाज के डर से परिवार वालों ने थाने में शिकायत नहीं की। लेकिन आरोपी के पिता से

शिकायत कर दी। इससे आरोपी आक्रोशित हो उठा और उसने एक फरवरी को उसके पिता को रास्ते में घेर लिया और मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी।

इसके बाद मौके से भाग निकला। दहशत के चलते अब छात्रा स्कूल नहीं जा रही है। छात्रा के पिता की तहरीर पर कल्याणपुर थाने की पुलिस ने आरोपी प्रांशु और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करके उसे हिरासत में लिया है। इसके साथ ही पीड़िता को बुलाकर उसके बयान दर्ज किया है।

दबंगों ने महिला पर धारदार हथियार से किया हमला

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में रंजिश मान रहे दबंगो ने घर पर अकेली महिला को गंभीर रुप से घायल कर दिया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत चिंता जनक बताई जाती है। इस संबंध में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। रेल बाजार निवासी सोमनाथ का पड़ोस के रहने वाले मुकेश राजपूत आदि लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया था। विवाद की रंजिश मान रहे पड़ोसी दबंगों ने सोमनाथ के घर उस समय धावा बोल दिया जब उसकी पत्नी सीमा सिंह घर पर अकेली थी। इसी बीच दबंगो महिला को धारदार हथियार मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार हमलावरो को गिरफ्तार कर लिया।

युवती के आत्महत्या में रिपोर्ट हुई दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सरकारी नौकरी लगने पर प्रेमी व उसके जीजा ने तोड़ा था रिश्ता
- आहत युवती ने बीते गुरुवार को फंदा लगाकर दे दी थी जान

अमृत विचार। सरकारी नौकरी लगने पर प्रेमी के शादी तोड़ने से आहत युवती के आत्महत्या करने के मामले में हनुमंत विहार थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी व उसके जीजा के खिलाफ दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करना, दहेज प्रतिषेध अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की।

कानपुर देहात के शिवली थानाक्षेत्र के ग्राम बढ़ईपुरवा निवासी राज मिस्त्री की बेटी ने गुरुवार देर शाम दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी थी। पिता ने बताया था कि बेटी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। तीन वर्ष पूर्व पड़ोसी श्याम

मृतका संध्या पाल।

पाल का फतेहपुर, जहानाबाद के बेहटा गांव निवासी साला विवेक पाल भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आया था।

इसी दौरान विवेक के युवती से प्रेम संबंध हो गए थे। इस दौरान विवेक युवती का शारीरिक शोषण भी करता रहा। एक वर्ष पूर्व विवेक की एनटीपीसी में नौकरी लग गई थी। आरोप है कि 21 जनवरी को श्याम पाल व विवेक घर आए और शादी के लिए 35 लाख दहेज देने की बात कही, दहेज न देने पर शादी से इंकार किया।

इसके बाद युवती के माता पिता को बेईज्जत किया। बेईज्जती से आहत युवती ने गुरुवार शाम को फांसी लगाकर जान दे दी थी। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर विवेक व श्याम पाल पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर जांच शुरू कर दी गई है।

इतनी भी क्या जल्दी है...

जिंदगी को जोखिम में डाल कर बंद रेलवे फाटक के नीचे से निकल कर ट्रेन के सामने से गुजरते आम व खास लोग कानून व नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। आम लोगों को नियमों का पालन कराने वाली पुलिस के जवान भी कानून का पालन ना करके रेलवे लाइन पार कर रहे हैं। ● मनोज तिवारी।

रावतपुर और जूही में दो युवकों ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कमिश्नरेट के दो थानाक्षेत्र रावतपुर और जूही में फांसी लगाकर दो युवकों ने आत्महत्या कर ली। परिजनों ने फांसी के फंदे से लटकते शव देखे तो होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

रावतपुर निवासी इवेंट का काम करने वाले 25 वर्षीय आशुतोष उर्फ छोटू पटेल रोज की तरह शुक्रवार रात भी परिवार के साथ खाना खाकर सो गया था। बड़े भाई अंशु उर्फ दुजेंद्र ने बताया कि शनिवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आया को आवाज देकर दरवाजा खटखटाया गया। अंदर से कोई भी प्रतिक्रिया न आने के बाद शंका हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा जिसके बाद उसका युवक का शव दुपट्टे से लटक रहा था। मां सुमन और छोटी बहन खुशी ने कमरे का दृश्य देखा कोहराम मच गया। भाई ने बताया कि शनिवार सुबह इवेंट के सिलसिले से आशुतोष को बनारस जाना था।

रिपोर्ट दर्ज कराने को एक माह से काट रहा चक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थानाक्षेत्र के खाड़ेपुर का रहने वाला है पीड़ित
- अर्मापुर थानाक्षेत्र में 28 दिसंबर को हुई थी लूट की वारदात

अमृत विचार। अर्मापुर थानाक्षेत्र में एक माह पूर्व हुई लूट की वारदात को दर्ज कराने के लिए पीड़ित एक माह से थाने से लेकर अधिकारियों की चौखट के चक्कर लगा रहा है। इसके बावजूद भी कमिश्नरेट के अधिकारियों ने कोई एक्शन नहीं लिया। थाना पुलिस घटना को संदिग्ध बताते हुए इसे मारपीट का विवाद बता रही है।

नौबस्ता योगेन्द्र विहार कालोनी खाड़ेपुर निवासी विनय कुशवाहा एक कंपनी में सॉफ्टवेयर बेचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को उनके पास एक कॉल आई। जिसमें युवक ने अर्मापुर बुलाकर कुछ सॉफ्टवेयर खरीदने की बात कही। वह देर शाम कार से वहां पहुंचे और तो उसका नंबर स्विच ऑफ मिला। जिसके बाद वह वापस घर जा रहे थे अभी वह फजलगंज पहुंचे ही थे कि युवक ने दोबारा फोन किया और बुलाया। जब वह अर्मापुर थाने के पीछे गली में पहुंचे तो आरोपी ने

कहा कि उनकी कार गली में नहीं जा पाएगी और वह उसकी साथ स्कूटी पर बैठकर चले।

इस पर विनय आरोपी की स्कूटी पर बैठकर गए आरोप है कि वहां पर मौजूद साथियों के साथ मिलकर मारापीटा और उसका लैपटाप, सॉफ्टवेयर, मोबाइल, डेबिट व क्रेडिट कार्ड चाबियां व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज लूट लिए और मारपीट कर गला दबाने का प्रयास किया। इस पर विनय किसी तरह वहां से जान बचाकर भाग निकला।

आरोप है कि थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की तो पुलिस ने पूछताछ करते हुए चलता कर दिया। यहां सुनवाई न होने के बाद वह एसीपी पनकी के पास गए तो वहां भी सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि एक माह से वह मामला दर्ज कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया कि घटना पूरी तरह से संदिग्ध है। मामले की जांच की जा रही है।

पति को रंगरेलियां मनाते पत्नी ने पकड़ा

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सत्यम बिहार इलाके में शुक्रवार देर रात पति-पत्नी और वो के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। प्रेमिका से मिलने आए एक अधेड़ को उसकी पत्नी ने रिश्तेदारों समेत काफी लोगों के साथ आकर रंगे हाथों पकड़ लिया रोड पर हंगामा होता देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। केशव पुरम निवासी 55 वर्षीय व्यक्ति पांडु नगर में सिक्योरिटी एजेंसी चलता था। शुक्रवार देर रात्रि वह अपना कार्यालय बंद कर सत्यम विहार निवासी प्रेमिका के घर आ गया किसी की सूचना पर पीछे से उसकी पत्नी भी अपने रिश्तेदारों के साथ पति को प्रेमिका के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया।

दरोगा बन स्कूटी हड़पने वाला दबोचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वेंडी चौराहे से आरोपी को किया गया गिरफ्तार

अमृत विचार। दरोगा बताकर युवती की स्कूटी हड़पने व पुलिस विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 50 हजार की ठगी करने वाले शातिर को पुलिस ने वेंडी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। शातिर स्कूटी हड़पने के बाद पुलिस का लोगो लगाकर लोगों को चकमा दे रहा था। पीड़िता ने बीते शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

किदवई नगर बी ब्लाक निवासी प्रमोद कुमार तिवारी ने किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उनकी बेटी स्वाती की

पुलिस की गिरफ्त में फर्जी दरोगा।

जान पहचान फेसबुक के माध्यम से फर्रूखाबाद, शमसाबाद थानाक्षेत्र के बेला सराय गांव निवासी सुदीप अवस्थी से हुई थी। सुदीप ने खुद को दरोगा बताया था। बातचीत के दौरान स्वाती ने स्कूटी बेचने की इच्छा जाहिर की तो सुदीप खरीदने के लिए राजी हो गया था। सुदीप ने स्वाती को स्कूटी लेकर नौबस्ता चौराहे फिर किदवई नगर चौराहे पर बुलाया। स्वाती किदवई नगर चौराहे पर पहुंची, जहां युवक टेस्ट करने बहाने स्कूटी लेकर फरार हो गया था। फिर डयूटी जाने की बात कह कर टालमटोल शुरू कर दिया था। कुछ समय बाद सुदीप ने पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पिता को पुलिस कप्तान बताया था, जिसके एवज में 50 हजार रुपये की मांग की थी।

प्रतियोगिता में मिले पुरस्कार | डीपीएस में हुए बेबी शो कार्यक्रम में बच्चों ने मन मोह लिया

बच्चों की मुस्कान से जीवन में भर जातीं खुशियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डीपीएस कल्याणपुर के सभागार में शनिवार को बेबी शो कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्रोफेसर डा. अरुण कुमार आर्य, डा. निधिका पांडेय रहीं।

नौनिहालों की प्रतियोगिता चार भागों में हुई। एक से 11 माह के बच्चों में मोस्ट फोटोजेनिक बेबी, एक से दो साल तक मोस्ट एक्टिव बेबी, तीसरा मोस्ट स्टाइलिश बेबी व चौथा बेस्ट डांसर बेबी तीन से चार साल के बच्चों की प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें प्रथम विजेता के रूप में श्रीहान सिंह, अजहर अली, रिद्धिता साहनी, गुनीशा सिंह चयनित हुए।

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि।

अतिथियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या डा. अर्चना निगम ने कहा कि भागदौड़ से भरी जिंदगी में हंसते खिलखिलाते बच्चों की मुस्कान हमारे जीवन में भी खुशियां भर देते हैं। उन्होंने कहा आगे भी डीपीएस कल्याणपुर इस तरह की प्रतियोगिताएं कराता रहेगा। उन्होंने प्लान भी बताए।

चिंटल्स स्कूल के कार्यक्रम में उपस्थिति अतिथि।

स्कूल लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन

कानपुर। द चिंटल्स स्कूल कल्याणपुर ने शनिवार को स्कूल में इंडियाज बेस्ट करियर एक्सपर्ट माइंडलर के तत्वाधान में लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय प्रमुखों, शिक्षाविदों व शैक्षिक सलाहकारों ने भाग लिया। इसमें नगर के साथ देशभर के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व विद्यालय प्रमुखों ने भी भाग लिया। 40 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व विद्यालय प्रमुखों की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर हुआ। इस मौके पर बोर्डिंग स्कूल एसोसिएशन के भारतीय सलाहकार व अध्यक्ष डा. सुमेर सिंह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की अध्यक्ष डा. नंदिनी रस्तोगी, परीक्षित ढांडा, अजय सिंह, वंश नथानी, डा. सुव्रत डे, वीएसएसडी कॉलेज अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष नीरू टंडन, कहानीकार रोहिणी विज, सुमित बसु रहे।

सेवानिवृत्त निरीक्षक से नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फीलखाना थाना क्षेत्र का मामला, एफआईआर दर्ज

अमृत विचार। फीलखाना थानाक्षेत्र में सेवानिवृत्त बीमार निरीक्षक के साथ बटाईदार ने नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली।

रामनारायण बाजार निवासी शाहिद हुसैन नकवी ने पुलिस को बताया कि वह निरीक्षक के पद से पुलिस पेन्शनर हैं। बताया कि पिछले 32 वर्षों से मधुमेह के कारण 120 यूनिट दिन में चार बार प्रतिदिन इन्जेक्शन लगाता है। बताया कि वह हेपेटाइटिस बी से क्रोनिक एक्टिव रूप से ग्रस्त हैं इस कारण लीवर कैंसर का खतरा हर समय बना हुआ है। केजीएमयू लखनऊ के डॉक्टरों के पैनल ने उक्त रोगों के कारण पुलिस विभाग के लिए अनफिट पर जॉब घोषित कर दिया था। जिसके बाद पुलिस विभाग ने समय से पूर्व महराजगंज से निरीक्षक के पद से सेवानिवृत कर दिया था। बताया कि प्रतिमाह उपचार पर लगभग 40,000 रुपये उपचार पर व्यय होता है। आरोप लगाया कि इस बात का फायदा उठाकर विश्वासघात करते हुए आरोपी बटाईदार आशाराम निवासी ग्राम जमुलापुर थाना आसीवन जिला उन्नाव ने सरकारी लगान पर 10 वर्षों के लिए ग्राम मवई ब्रह्मनान थाना सफीपुर में स्थित तीन तालाब मछली पालन के लिए अधिक लाभ के प्रलोभन के जाल में फांस लिया।

कानपुर की रेवड़ी का स्वाद पहुंचा सात समंदर पार

अमृत विचार
रविवार विशेष

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

अमृत विचार। कभी रेवड़ी लखनऊ की शान हुआ करती थी, लेकिन अब चर्म उत्पादों के लिए जाने जाने वाले शहर कानपुर की रेवड़ी यूरोपीय देशों में लोगों का स्वाद बढ़ाएगी। यहां से बेल्जियस, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड जैसे देशों को रेवड़ी का निर्यात होगा। रेवड़ी को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलने से शहर के उत्पादकों का मानना है कि जल्द ही शहर को मिठाई से जुड़े ऑर्डर भी मिल सकते हैं।

परंपरागत मिठाई में शुमार तिल से तैयार होने वाली शहर की रेवड़ी जल्दी ही चार देशों में अपने स्वाद का जलवा बिखेरेगी। निर्यातकों की माने तो तिल, चीनी और गुड़ से बनी रेवड़ी को सबसे ज्यादा बेल्जियम और फ्रांस में पसंद किया जा रहा है। हालांकि निर्यात में गुड़ की बनी रेवड़ी का हिस्सा लगभग 80 फीसदी है।

निर्यातकों के अनुसार पूरे साल इन देशों में रेवड़ी का निर्यात करने का करार हुआ है। ऑर्डर की मात्रा मांग के अनुसार और अधिक बढ़ सकती है। शहर से रेवड़ी का निर्यात शुरू करने वाले बडी ओवरसीज के निदेशक कमलदीप सिंह ने बताया कि यह पहला मौका है जब शहर से किसी मिठाई का निर्यात शुरू हुआ है।

80% गुड़ की बनी रेवड़ी का हिस्सा निर्यात में

- शहर की कंपनी ने शुरू किया यूरोपीय देशों को निर्यात
- फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड को भाई शहर की रेवड़ी

विदेशों में कैंडी का बन रही विकल्प

- निर्यातकों ने बताया कि विदेश में भारतीय मिठाइयों का क्रेज बढ़ने से रेवड़ी जैसी लंबे समय तक सुरिक्षत रहने वाली मिठाई का चलन बढ़ा है। रेवड़ी को कैंडी के विकल्प के रूप में लोग उपयोग कर रहे हैं। विदेशों में कोरोनाकाल के बाद लोग प्राकृतिक चीजों की ओर मुड़े हैं। टॉफी की जगह रेवड़ी भी इसी का स्वरूप है।

पूरी तरह हाथ से उत्पादन 1.37 करोड़ का है ऑर्डर

- बडी ओवरसीज को 1.37 करोड़ रुपये की रेवड़ी का ऑर्डर दो माह पहले मिला था। उत्पाद तैयार करके अब निर्यात किया जाना शुरू किया जा चुका है। शहर से जाने वाली रेवड़ी पूरी तरह हाथ से बनी हुई है। इसे बनाने में किसी मशीन का इस्तेमाल नहीं हुआ है। मिठाई बनाने के काम में 60 महिला कामगारों का सहयोग लिया जा रहा है।

इस तरह रेवड़ी की जाती तैयार

- गुड़ की रेवड़ी बनाने के लिए पहले गुड़ को भट्टी पर तेज आंच में पकाकर चासनी बनाई जाती है। इस दौरान उसमें घी भी मिलाया जाता है। चासनी को ठंडा करके खींचकर मथने का काम किया जाता है। चासनी को जितना मथा जाता है, रेवड़ी का स्वाद उतना ही बढ़ता है। ठंडी चासनी रबड़ की तरह खिंचती है। इसके बाद रोल बनाकर छोटे-छोटे टुकड़े काटे जाते हैं। इन टुकड़ों को हल्की आंच में गरम तिलों में मिलाया जाता है। कढ़ाई में हल्की आंच पर तिलों के साथ गुड़ के छोटे-छोटे टुकड़ों को देर तक मिलाया जाता है।

मतदाता सूची से काटे नाम जुड़वाएगी सपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शनिवार को ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला की अध्यक्षता में मासिक बैठक हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव पर विशेष चर्चा हुई। इसके बाद लोकसभा के बूथ प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई। तय हुआ कि सभी कार्यकर्ता इस बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने बताया कि वोटर लिस्ट में जिन लोगों के नाम मृत दर्शाकर काटे गए हैं, उनके नाम वोटर लिस्ट प्रकाशन से पहले जुड़वाए जाए। पीडीए के 90 प्रतिशत लोगों का समूह है, जो मंहगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सामाजिक अन्याय से सबसे ज्यादा प्रताड़ित है। किसानों को नहर से पानी नहीं मिल रहा। रजबहों की सफाई नहीं हो रही है। खाद की बोरी का वजन घटा कर 40 किलो कर दिया गया है। अकबरपुर से सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद राजा राम पाल ने कहा कि पीडीए ही भारती जनता पार्टी को देश की सत्ता से उखाड़ फेंकेगा। क्योंकि इस भाजपा सरकार से किसान, मजदूर , युवा सभी वर्ग के लोग परेशान है। इस दौरान महामंत्री जितेंद्र कटियार, गोविंद त्रिपाठी, योगेंद्र कुशवाहा, सूधाकर त्रिपाठी, नसीम रजा, सुरेश गुप्ता, राज कुमार चौहान, अनिल सोनकर, केके कुशवाहा, साहिर हुसैन जाफरी, श्याम सुंदर यादव, अर्चना रावल, परमेश्वर दयाल कनौजिया, विनय यादव, सतेंद्र यादव, भारत सिंह, गोपी पाल, हरि कुशवाह, वीरपाल सिंह, हरि सोनकर आदि सपाई मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव जीतने की तरकीब बताते अकबरपुर से सपा प्रत्याशी राजाराम पाल व साथ में ग्रामीण जिलाध्यक्ष समेत अन्य। अमृत विचार

- कार्यालय में हुई बैठक में बनाई गई बूथवार चुनावी रणनीति

एक नजर

कूड़ा डालने का विरोध करने पर बच्ची को पीटा

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में कांशीराम कॉलोनी में बाहर खेल रही दस साल की बच्ची ने कूड़ा फेंकने का विरोध किया तो महिला ने बच्ची को डंडे से मारापीटा। जिससे वह घायल हो गई। कांशीराम कॉलोनी निवासी रोजी के अनुसार एक फरवरी को उनकी दस वर्षीय बेटी इंशा कॉलोनी के नीचे खेल रही थी। तभी दूसर मंजिल पर रहने वाली रेखा चावल फटक रही थी। जिसका कूड़ा बेटी पर पड़ा तो उसने कूड़ा फेंकने से मना किया। इस पर रेखा ने बच्ची के सिर पर डंडा मारकर घायल कर दिया। इस पर रोजी ने विरोध किया तो आरोपी उन्हें धमकाने लगी। इसके बाद उन्होंने शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पंजीकरण का आज अंतिम दिन

कानपुर। केंद्र सरकार के चौथे युवा संगम के तहत संचालित एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के लिए युवाओं का पंजीकरण रविवार चार फरवरी तक कराया जा सकेगा। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के नोडल शिक्षण संस्थान के तौर पर पंजीकरण अभियान की निगरानी कर रहे आईआईटी कानपुर के निदेशक ने दी। उन्होंने यह भी आह्वान किया कि युवा अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण करा कर खुद को लाभांवित करें। आईआईटी निदेशक ने बताया कि 25 जनवरी से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हुई है। इस आयोजन में18 से 30 वर्ष आयु के युवाओं को पूरे देश के युवाओं के साथ जुड़ने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के अलावा एनएसएस, एनवाइकेएस के अलावा नौकरी या अपना व्यवसाय कर रहे युवा भी शामिल हो सकते हैं।

साहब ! बाबूजी मर जाएंगे तब घर का क्या करेंगे

आपसे ही आवास मिलने का आसरा है, लगातार दौड़ते-दौड़ते थक गया हूं, डीएम से रूबरू हुए फरियादियों ने सुनाई पीड़ा

सम्पूर्ण समाधान दिवस
लाइव

सर्वेश मिश्र, कानपुर

अमृत विचार। साहब ! बाबूजी मर जाएंगे तब आवास मिलने का क्या फायदा होगा। आपसे ही अब आसरा है। दौड़ते-दौड़ते थक चुका हूं। पात्र होते हुए भी आसरा नहीं मिल सका। सब धांधली चल रही है। कोई सुन नहीं रहा है। बाल भवन में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी आसरा योजना में लाभ नहीं मिलने का दर्द लेकर पहुंचे। डीएम ने अधिकारियों को तलब कर योजना की जानकारी ली और फरियादियों की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। कुल 128 शिकायतों में 40 फीसदी शिकायतें आसरा योजना को लेकर आईं।

बाल भवन में आयोजित समाधान शिविर में पहली बार फरियादियों से रूबरू हुए नव नियुक्त डीएम राकेश कुमार सिंह के बैठते ही आसरा योजना के तहत आवास न मिलने का दुखड़ा लेकर फरियादी पहुंचने लगे। ग्वालटोली से आए ठेला दुकानदार शीतल ने बताया कि उनके यहां कोई जांच करने तक नहीं आया। अधिकारी शिकायत पत्र लेकर आश्वासन देते रहते हैं। निचले स्तर पर तो भगा दिया जाता है।

तहसील दिवस में आए फरियादी। अमृत विचार

पिता पैडल रिक्शा चलाते

- ट्राई साइकिल से पहुंचे विजय नगर निवासी दिव्यांग अजय कुमार ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में दर्द बयां किया कि आसरा योजना में फार्म भरा था, 80 फीसदी विकलांग हूं। पिता पैडल रिक्शा चलाते हैं। किराए का मकान है। 2000 रुपये महीने कमरे का किराया है। पिता आवास का इंतजार कर रहे हैं। पात्रता संख्या मिलने के बाद भी वर्ष 2020 से दौड़ रहा हूं। फिर भी आवास नहीं मिला। पिता बुजुर्ग हैं। उनको खुद के आवास में रखने की इच्छा पूरी कर दीजिए।

40% फरियादी आसरा योजना के आए कुल 128 लोगों में

फरियाद सुनते डीएम राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार

देखो गैंग बनाकर करते हैं काम

- जिलाधिकारी ने आसरा योजना के तहत आई शिकायतों पर विभागीय अफसर को बुलाकर कहा कि आय प्रमाण पत्र फर्जी लगाकर लोग लाभ उठा लेते हैं। सही लोग भटकते हैं। गैंग बनाकर फर्जी लोग काम करते हैं। इनकम सार्टिफिकेट की जांच कराते है कि नहीं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से पात्रता जांच में कोई गड़बड़ी हुई तो देखा जाए।

18 हजार आवेदन आसरा योजना में आए

5 हजार लोग पात्रता के मानक में पाए गए

850 लाभार्थियों को ही आवास दिए गए

कार्ड है फिर भी मांगते हैं आपरेशन का पैसा

- टीपी नगर, नयापुरवा निवासी ओमप्रकाश ने शिकायत कि आयुष्मान व अन्तयोदय कार्ड धारक होने के बाद भी आंख के आपरेशन कराने पर हैलट में पैसा लेने की शिकायत की। बोले, डाक्टर बाहर से दवा मंगाते हैं। कोई सुनता नहीं है। इस पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामला देखने के निर्देश दिए। कई फरियादियों ने भूमि के कब्जे की भी शिकायतें

इनकम सार्टिफिकेट के परीक्षण हो

- आसरा योजना के तहत हर माह की आदमनी छह हजार रुपये ज्यादा नहीं होनी चाहिए। साल में 72 हजार रुपये की आमदनी का सार्टिफिकेट लगाना होता है। डीएम ने इनकम सार्टिफिकेट की बारीकी से परीक्षण की जरूरत पर जोर दिया। अधिकारियों ने यह तर्क भी दिया कि पात्र 5000 लोग जरूर पाए गए। बन चुके आवास ही दिए गए हैं।
- **बुजुर्गों का उत्पीड़न न हो** : कई बुजुर्गों ने परिवार के लोगों पर जमीन व खेत कब्जाने की शिकायत की। डीएम ने अफसरों से कहा कि किसी भी बुजुर्ग का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। शिकायतों की जांच कर पीड़ितों को राहत दी जाए। भूमाफियाओं पर नजर रखी जाए। उनकी पहचान की जाए।

आवेदकों की पीड़ा

- तीन-तीन बार पात्र संख्या मिलने पर भी कोई निरीक्षण करने नहीं आया।
- विभाग में कोई सुनवाई नहीं होती है।
- पोर्टल पर भी शिकायत नहीं सुनी जाती है।

डीएम ने यह निर्देश भी दिए

- तहसील में आई समस्या का समाधान गुणवत्ता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए।
- जनकल्याणी योजनाओं का लाभ पात्रों को ही सौ फीसदी दिलाया जाए।
- खण्ड विकास, खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सफाई व्यवस्था दुरस्त करें।
- दिव्यांग प्रमाण पत्र जिला दिव्यांग जन अधिकारी कैम्प में उपस्थित रहकर उपलब्ध कराएं।
- सहभागिता योजना में निराश्रित गोवंशों की सुपुर्दगी योजना के तहत दी जाने वाली अनुमन्य धनराशि का समय से भुगतान कराया जाए।

ऑनलाइन कोर्स के लिए कौशल जरूरी

कानपुर। सीएसजेएमयू में शनिवार को ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली और उपयोगी कोर्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में एमिटी यूनिवर्सिटी की ऑनलाइन एजुकेशन के डिप्टी-डायरेक्टर, डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने युवाओं को शिक्षा में ऑनलाइन सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला की शुरुआत प्रोवीसी प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी और रजिस्ट्रार डॉ. अनिल कुमार यादव ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कोर्स को बनाने की लिये बहुत सारे टूल्स एवं स्किल्स की जरूरत होती है। विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही ऑनलाइन कोर्स प्रारम्भ करने जा रहा है। डॉ. आशीष ने सभी प्रतिभागियों को इफेक्टिव कोर्स कंटेंट बनाने के तरीके बताए। प्रो. अंशू यादव, प्रो. रॉबिन्स पोरवाल सहित अन्य ने विचार रखे।

आज से दो दिन तक बूंदाबांदी के आसार

कानपुर। सीएसए विवि के मौसम विभाग की ओर से 4 से 6 फरवरी के बीच बारिश व बूंदाबादी की संभावना जताई गई है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि यह मौसम परिवर्तन नए पश्चिमी विक्षोप के विकसित होने की वजह से होगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शनिवार को अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

20 को वकील करेंगे वोट की चोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लायर्स एसोसिएशन चुनाव में विभिन्न पदों के 61 दावेदारों के भाग्य का होगा फैसला
- मतदान तिथि को लेकर ऊहापोह खत्म, डीएवी कॉलेज में डाले जाएंगे वोट

अमृत विचार। लॉयर्स एसोसिएशन चुनाव को लेकर काफी समय से बनी ऊहापोह की स्थिति शनिवार को साफ हो गई। 20 फरवरी को डीएवी डिग्री कॉलेज में मतदान कराया जाएगा। शनिवार को एल्डर्स कमेटी व वरिष्ठ सदस्यों की ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

लॉयर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष समेत 10 पदों के कुल 61 उम्मीदवारों ने ताल ठोंकी है। शनिवार को लॉयर्स चुनाव को एल्डर्स कमेटी, वरिष्ठ सदस्यों, अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों के साथ ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी की बैठक हुई। बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के साथ चुनाव के स्थान व तिथि निर्धारित करने को लेकर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि 20 फरवरी को डीएवी डिग्री कॉलेज में चुनाव संपन्न कराया जाएगा। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने बताया कि वार्षिक चुनाव के लिए डिग्री कॉलेज प्रशासन व विश्वविद्यालय से वार्ता हो चुकी है। चुनाव को निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स की व्यवस्था कर ली गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि 20 फरवरी को डीएवी कॉलेज में 10 पदों के 61 दावेदारों के भाग्य का फैसला होगा। बैठक में चेयरमैन विजय आचार्य, सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी, राम प्रातप सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बाजपेई मौजूद रहे।

किस पद पर कितने दावेदार

पद	दावेदार
अध्यक्ष	06
वरिष्ठ उपाध्यक्ष	05
कनिष्ठ उपाध्यक्ष	05
महामंत्री	06
कोषाध्यक्ष	04
संयुक्त मंत्री प्रशासन	05
संयुक्त मंत्री पुस्तकालय	03
संयुक्त मंत्री प्रकाशन	05
वरिष्ठ कार्यकारिणी	08
कनिष्ठ कार्यकारिणी	14

कलश यात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा सुनने से नहीं आचरण में उतारने से कल्याण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। श्रीसाईं सेवा संस्थान की ओर से 24वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीसीताराम महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन तीन से नौ फरवरी तक होगा। दस फरवरी को हवन व भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का समापन होगा।

धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन गणेश पूजन व शोभायात्रा निकाली गई। वृंदावन धाम से पधारे पंडित दीपक कृष्ण महाराज ने कथा में बताया कि हमें किसी भी क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले उसके बारे में जानकारी अवश्य प्राप्त कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। कथा के महत्व के बारे में बताया।

बिठूर महोत्सव में होगी विंटेज कारों की दौड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: बिठूर महोत्सव पौराणिक नगरी बिठूर महोत्सव की धूम 10 फरवरी से 12 फरवरी तक बिठूर स्थित नानाराव स्मारक स्थल में मचेगी। विंटेज कार रैली में आजादी के पहले की कारें इठलाती नजर आएंगी। बालीबुड सिंगर कैलाश खेर और लोक गीत गायिका मैथली ठाकुर भी महफिल लूटने आ रही है। इससे पूर्व 5 फरवरी से स्कूल व कालेजों में महोत्सव की मस्ती छाएगी। विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।स्थानीय कलाकारों को भी मौका मिलेगा।

धरोहर, पर्यटन, इतिहास और मां गंगा के प्रति समर्पण की परिकल्पना पर आधारित महोत्सव की रुपरेखा तैयार हो गई है। पहले दिन 10 फरवरी को नृत्य, रंगोली, स्लोगन व कला प्रतियोगिता के साथ महोत्सव की शुरुआत होगी। दोपहर 12 बजे से बिठूर महोत्सव का उद्घाटन होगा। शाम 4 बजे से कैलाश खेर अपना जादू बिखेरेंगे। कवि सम्मेलन में काव्य गंगा भी देर रात तक बहेगी।

दूसरे दिन 11 फरवरी को सुबह 11 बजे से क्विज प्रतियोगिता होगी। स्थानीय कलाकारों का गीत कार्यक्रम, रामायण पर आधारित नाट्य मंचन, केजी हापर्स ग्रुप, कलाकार हेमंत ब्रजवासी की प्रस्तुति आर्कषण का केंद्र होगी। तीसरे दिन 12 फरवरी को गीत, नाटक, मिमिक्री व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।कानपुर विजन 2047 पर आधारित प्रदेश स्तरीय पैनल डिस्कशन भी होगा।

विंटेज कार। इंटरनेट

5 फरवरी से शुरू हो जाएंगे कार्यक्रम

- बिठूर में धूम मचने के पूर्व ही 5 फरवरी से 9 फरवरी तक स्कूल व कालेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, वोट क्लब में गंगा आरती होगी। 11 फरवरी को विंटेज कार रैली निकलेगी। 11 फरवरी से 12 फरवरी तक ग्रीनपार्क विजिटर गैलरी व द स्पोर्ट्स हब में दो दिवसीय फेस्ट लगेगा।

यह भी आकर्षण

- फन एक्टिविटी व खेल जोन।
- सरकारी विभागों के स्टाल्स।
- वोट क्लब में गंगा आरती।
- कला, वेस्ट से बनी वस्तुओं व फोटो की प्रदर्शनी।
- एक जिला एक उत्पाद स्टाल।
- लिटरेचर फेस्टिवल।

दुख की घड़ी

नम आंखों से निहारते रहे पीपल के पेड़ के नीचे रखा गया शव, अर्थी को कंधा देकर बोले, इस दुख में भागीदार बनकर मन को संतोष हुआ

गावस्कर ने नंगे पैर कंधा देकर सास को दी अंतिम विदाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर शनिवार को सास के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शव को कंधा दिया। पीपल के नीचे रखी गई अर्थी के सामने काफी देर तक खड़े होकर नम आंखों से सास का दीदार किया। हाथ जोड़कर लोगों से बोले, ससुराल व कानपुर से बहुत लगाव है। आप सभी परिवार के लोग हैं। कष्ट के समय भागीदार बनने से मन को संतोष हुआ।

सुनील गावस्कर मुंबई से सिविल लाइंस स्थित ससुराल में परिवार के साथ शुक्रवार देर रात पहुंचे। उनकी सास पुष्पा मेहरोत्रा का दोपहर में निधन हो गया था। मीडिया से बातचीच में हाथ जोड़ते हुए भरे दिल से बोले, सास 94 वर्ष की थीं। आप सब मेरे परिवार जैसे हैं। इस दुख की घड़ी में साथ देने के लिए शुक्रिया।

पत्नी के साथ सुनील गावस्कर।

बेटी ने किया अंतिम संस्कार

- पुष्पा मेहरोत्रा की अंतिम यात्रा सिविल लाइंस स्थित आवास से भगवतदास घाट के लिए रवाना हुई। शव पीपल के पेड़ के नीचे रखा गया तो गावस्कर चप्पल उतार कर नंगे पैर काफी देर तक शव को निहारते रहे। भगवतदास घाट में शव का दाह संस्कार किया गया। गावस्कर की पत्नी मार्शनील, साली सम्मी परांजपे और मासू भी घाट पहुंची। परिवार के करीबी विकास शुक्ला ने बताया कि बेटी मासू ने मां का अंतिम संस्कार किया।

सास से था काफी लगाव

- गावस्कर का सास से बहुत लगाव था। वह उनके हालचाल फोन से लेते रहते थे। ग्रीनपार्क में मैच के दौरान जब भी आते थे, सास को पूरा समय देते थे। सुबह बंगले में रिश्तेदार व नातेदार ही श्रद्धांजलि देने पहुंचे। घाट पर मां का अंतिम चेहरा देखने को कहने पर तीनों बेटियां फफक कर रो पड़ी तो रिश्तेदारों ने ढांढस बंधाया।

नहीं दिखीं खेल जगत की हस्तियां

- यूपीसीए के निदेशक राजीव शुक्ला के आने की चर्चा रही, वह नहीं पहुंचे। खिलाड़ी व खेल जगत से जुड़ी हस्तियां भी नहीं दिखीं।

बड़े कारोबारी थे ससुर बीएल मेहरोत्रा

- लेदर के कारोबार से जुड़े गावस्कर के ससुर बीएल मेहरोत्रा बड़े कारोबारियों में थे। गावस्कर की शादी उनकी बड़ी बेटी मार्शनील से हुई थी। करीबियों ने बताया कि गावस्कर की मुलाकात मार्शनील से 1973 में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी।

सर्राफ ने रिवाल्वर से पत्नी पर झोंका फायर

संवाददाता, रूरा

- पुलिस ने रिवाल्वर के साथ सर्राफ को किया गिरफ्तार
- दहेज प्रथा, मारपीट और हत्या के प्रयास का मुकदमा

अमृत विचार। कस्बे में पति पत्नी का विवाद गहरा गया है। पति ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से पत्नी पर फायर झोंक दिया। हालांकि वह बाल-बाल बच गई। पत्नी ने थाने पहुंचकर पुलिस को आप बीती सुनाई तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी सर्राफ पति को लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

कस्बे की रहने वाली पीड़िता प्रियांशी त्रिवेदी ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी कस्बे के ज्वैलर्स एवं कोल्ड स्टोरेज मालिक आशुतोष त्रिवेदी उर्फ राजा त्रिवेदी से हुई थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद ससुराल वालों और पति की ओर से यह कहकर ताना मारा जाने लगा कि शादी में कार नहीं दी गई।

तानों से आजिज आकर उसके पिता ने शादी के तीन महीने बाद ही अपने खेत बेच कर कार दे दी, फिर मारपीट करना और ताने मारना बंद नहीं हुआ।

शुक्रवार की सुबह वह मायके से ससुराल आई तो फिर सास-ससुर उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। शाम करीब सात बजे पति घर आए तो विवाद बढ़ गया। विवाद में पति ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर झोंक दिया, लेकिन संयोग से वह बच गई। थाना प्रभारी अजय पाठक ने बताया कि दहेज प्रथा, मारपीट, हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लाइसेंसी रिवाल्वर को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

भारत तरक्की की राह पर ऐसे में आंतरिक सुरक्षा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीएवी में हुए सेमिनार में आंतरिक समस्याओं के साथ निदान भी बताया
- भारत में गैर पारंपरिक सुरक्षा मुद्दे विषय पर दो दिनी सेमिनार हुआ शुरू

डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में लेसाथो एवं गिनी बिसाऊ के एम्बेसडर डॉ दीपक वोरा, कुमकुम स्वरूप, विवेक द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दीक्षित पुस्तक का विमोचन करते तथा भाग लेते प्रतिनिधि। अमृत विचार

अमृत विचार। देश की मजबूती के लिए आंतरिक सुरक्षा बहुत जरूरी है। यह सुरक्षा मानव सुरक्षा, पर्यावरण, श्रमिक सुरक्षा, लिंगभेद के आधार पर अपराध से है। देश तेजी से तरक्की कर रहा है। सरकार भी कई योजनाओं के जरिए इनपर काबू पाने का प्रयास कर रही है। सरकार के अलावा यह समाज का भी कर्तव्य है इन सुरक्षाओं के प्रति वे सजब हो सके।

यह विचार शनिवार को डीएवी कॉलेज में चल रहे सेमिनार में विशेषज्ञों ने व्यक्त किए। दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में लेसाथों और गिनी बिसाऊ के प्रधानमंत्रियों के विशेष सलाहकार व डॉ. दीपक वोहरा रहे। उन्होंने कहा कि भारत पांच ट्रिलियन इकॉनोमी की तरफ बढ़ रहा है। उन्होने यह उदाहरण दिया कि देश में पूर्व में सिर्फ तीन सौ पुर्तगाली आए और ब्रिटिशर्स की संख्या भी बहुत अधिक नहीं थी। उनलोगों ने सिर्फ देश में उस वक्त फैली कुरीतियों का लाभ उठाकर लाभ कमाया।

उन्होंने कहा कि जब कोई देश आंतरिक रूप से मजबूत होगा तो उसकी सीमाएं अपने आम शक्तिशाली होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोरोना वायरस ने पूरे विश्व में हमला किया तो हम लड़खड़ा गए। हमे नही पता था कि आखिर करना क्या है। हमने अपना लचीलापन अपनाया और हम उस संकट से उबर गए। उस वक्त देश में पीपीई बनाने का कोई कारखाना नहीं था।

देश के एक फोन से आज लगभग तीन सौ पीपीई के कारखाने देश में हैं। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा के लिए इसी तेजी से काम करने की सलाह दी। 'नौन ट्रेडिशनल सिक्योरिटी इश्यू इन इंडिया' विषय पर हुए सेमिनार में चेयरपर्सन के रूप में न्रबंध समिति की सचिव कुमकुम स्वरूप, सीएसजेएमयू के वीसी प्रो विनय पाठक, आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो अरविंद दीक्षित व डीएवी के प्राचार्य पो अरुण कुमार दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रो निरंकार प्रसाद तिवारी, प्रो विनोद मोहन मिश्रा, चीफ प्रोक्टर प्रो रजत कुमार, प्रो संध्या सिंह सहित अन्य का योगदान रहा।

ट्रैफिक लोड से जर्जर सड़क पर हांफ रहे वाहन सवार

लाल इमली से चुन्नीगंज तक मेट्रो के कारण रोज एक लाख से अधिक वाहनों का आवागमन

- कायस्थाना चौराहे से लकड़मंडी तक अतिक्रमण चबा गया फुटपाथ

बकरमंडी से परेड मार्ग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अराफात हाउस के बाहर सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क। अमृत विचार

कूड़ा घर के पास जर्जर सड़क पर चलना मुहाल। अमृत विचार

अमृत विचार। यतीमखाना से कायस्थाना चौराहा, लकड़मंडी होकर बकरमंडी तक जाने वाली जर्जर रोड बीते दो साल से भारी ट्रैफिक लोड के कारण हांफ रही है। चुन्नीगंज से लाल इमली चौराहे तक मेट्रो निर्माण कार्य का मुख्य मार्ग बंद होने से लोगों को लकड़मंडी से होकर गुजरना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के कारण ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट तो कर दिया, लेकिन जिम्मेदारों रास्ते पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे पा रहे। आलम यह है कि कायस्थाना चौराहे से लकड़मंडी तक हर आधे घंटे में राहगीरों को जाम से जूझना पड़ता है। जाम का एक प्रमुख कारण रोड पर अतिक्रमण का जाल भी है।

लालइमली से चुन्नीगंज तक मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिस कारण परेड, नई सड़क, बड़ा चौराहे से बजरिया की ओर जाने वाले वाहनों को संपर्क मार्ग लकड़मंडी से होकर गुजरना पड़ता है। लेकिन इस मार्ग की स्थिति बद से बदतर है। भारी वाहनों के आवागमन के दबाव, फुटपाथ पर फैले अतिक्रमण व जर्जर सड़क होने से के कारण लकड़मंडी मार्ग दम तोड़ने की कगार पर है। मुख्य मार्ग बंद होने से इस मार्ग पर रोजाना करीब एक लाख से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का गुजरना होता है। कायस्थाना चौराहे से लकड़मंडी तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण के सड़क संकरी हो गई है। साथ ही मार्ग पर दिन भर ई-रिक्शा चालकों को धमाचौकड़ी लगी रहती है। व्यापारियों के मुताबिक मार्ग से गुजरने के दौरान अधिकारी भी जाम में फंसते है।

15 फिट का फुटपाथ लापता

लकड़मंडी रोड पर जाम का एक प्रमुख कारण सड़क के दोनों ओर फैला अतिक्रमण है। कायस्थाना चौराहे पर फुटपाथ करीब 15 फिट है। चौराहे से बजरिया की ओर चलते ही फुटपाथ पर लकड़ी कारोबारियों का वर्षों से कब्जा है। वहीं दूसरी ओर फर्नीचर, कपड़ा, मीट कारोबारियों ने सड़क पर कब्जा कर रखा है। जिस कारण लकड़मंडी में सड़क काफी संकरी हो जाती है।

क्या बोले लोग

गाड़ी रिपेयरिंग के साथ हमारे भाई की रेडीमेड कपड़ों की भी दुकान थी। जर्जर सड़क के कारण दुकान में दिन भर धूल भरी रहती थी। जिस कारण व्यापार प्रभावित हो रहा था। सड़क तो अब तक नहीं बन सकी, लेकिन व्यापार प्रभावित होने के कारण दुकान बंद कर दी गई। –शमशाद

मेट्रो के काम के कारण रूट डायवर्ट तो कर दिया गया, लेकिन मार्ग पर सुविधाएं नहीं दी गई। मार्ग पर क्षमता से अधिक ट्रैफिक लोड होने के कारण सड़क और भी जर्जर हो रही है। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए मार्ग में एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं नजर आता है। –शाकिर

निर्माण कार्य चल रहा है तो कुछ समय तो संघर्ष झेलना ही पड़ेगा, लेकिन ट्रैफिक के सुचारू रुप से आवागमन के लिए सड़क का निर्माण तो करना चाहिए। साथ ही सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण बना रहता है, जिस कारण बजरिया से कायस्थाना चौराहे तक सड़क काफी संकरी है। अतिक्रमण को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। –वहीद

लकड़मंडी रोड पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

आठ से 10 बार रोज लगता लंबा जाम

लोहा काराबोरी आलम ने बताया कि विकास नगर, काकादेव, कल्याणपुर के लिए दिन भर बसें लकड़मंडी मार्ग से होकर गुजरती हैं। कायस्थाना चौराहें पर साइकिल मार्केट, लालकुंआ रहमानी मार्केट, बजरिया व यतीमखाना से ट्रैफिक आता है। चौराहा संकरा होने के कारण बसें, लोडर फंस जाते हैं, जिससे चारों ओर कई घंटे का जाम लग जाता है। चौराहे पर कोई भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तैनाती नहीं है, जिस कारण व्यापारियों को ही थोड़ी-थोड़ी देर में यातायात व्यवस्था सुचारू करानी पड़ती है।

लीकेज के कारण बदहाल रहती सड़क

लकड़मंडी कूड़ा घर के सामने की सड़क पर पेयजल लाइन कई वर्षों से जर्जर पड़ी है। लोगों ने बताया कि कई बार लीकेज बनाने का कार्य किया गया, लेकिन कुछ ही दिन बाद दोबारा लीकेज हो जाती है। जिस कारण सड़क काफी समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। साथ ही अराफात हाउस के सामने सीवर लाइन कार्य के चलते खोदाई की गई है, जिस कारण इस स्थाना पर यातायात का भारी दबाव बना रहता है।

राम भक्तों ने चाय और मिष्ठान बांटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

भाजपा जिलाध्यक्ष का सम्मान करते पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा खुशहाली से होने पर व्यापार मंडल लोहा मंडी अफीम कोठी में राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा व व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को चाय व मिष्ठान वितरण कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामभक्तों ने जयकारे लगाए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी व पूर्व अध्यक्ष लायर्स रवि शंकर बाजपेई, राष्ट्रीय सलाहकार रजनीश तिवारी का विशिष्ठ अतिथि के रूप में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि हमारे रामलला अपने जन्म स्थान पर विराजे हैं। उनकी कृपा के बगैर जीवन में मुक्ति संभव नहीं है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया है।

इस मौके पर पंकज दीक्षित, संजीव मिश्रा, व्यापार मंडल के चेयरमैन जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता, महामंत्री सलोने गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशोर सक्सेना, रमाकान्त यादव, आनन्द कुशवाहा, रजनीश तिवारी, नीरज प्रसाद दीक्षित, गौरव मिश्रा, मनोज तिवारी, राजू दीक्षित, नीरज बाजपेई, अंकित दीक्षित, अंकुर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के पिम्मापुरवा गांव में संदिग्ध हालात में 20 वर्षीय युवक ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजनो ने उसका अन्तिम संस्कार कर दिया।

सिठऊमताना के माजरा पिम्मापुरवा गांव में सोबरन के बड़े बेटे शिवम (20) ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अन्दर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनो ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। और पुलिस को बिना सूचना दिए औरैया में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से मृतक की मां पुष्पा, पिता सोबरन और भाई दीपक रो-रो कर बेहाल।थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि परिजनो ने घटना की सूचना नहीं दी। और बिना सूचना के शव को औरैया क्षेत्र ले जाकर अन्तिम संस्कार कर दिया।

आत्महत्या की कोशिश

कानपुर देहात। रसूलाबाद कस्बे के निराला नगर गांव में एक किसान की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने उसे फंदा काट कर सीएचसी ले जाया गया वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया ।कस्बा के निराला नगर निवासी छोटे लाल प्रजापति की पत्नी मोनिका 32 ने आए दिन होने वाली पारिवारिक कलह से दुखी होकर कमरे के अंदर छछ के कुंडा से साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। परिजन फंदे में लटकते देख फौरन सीएचसी ले गए, जहां डॉ. सौरभ शाक्य ने इलाज किया।

पुलिस ने वाहनों की चेकिंग कर हेलमेट लगाने की हिदायत दी

राजपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के चलते सट्टी पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की। हेलमेट लगाने की हिदायत दी गई। शनिवार को देर शाम शाहजहांपुर कस्बे में थानाध्यक्ष शिवशंकर ने फोर्स के साथ वाहन चेकिंग की, जिसमें बिना हेलमेट के चलने वाले बाइक चालकों को हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी साथ वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी। बिना हेलमेट के चलने वाले दो बाइक चालको के एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान उप निरीक्षक राजीव सिंह, श्री राम, कांस्टेबल सोनू, अमित कुमार मौजूद रहे।

बजट में विकसित भारत की नींव रखी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएसजेएमयू के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को बजट पर चर्चा हुई। चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में विशेषज्ञ राहुल कुमार यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज के डीन प्रो. संदीप कुमार सिंह ने बजट को विकास की नींव बताया।

चर्चा में डॉ प्रशांत, डॉ अनीता अवस्थी, डॉ प्रियंका शुक्ला, डॉ किरन झा, डॉ पवन गुप्ता, डॉ एसपी वर्मा, डॉ उर्वशी, डॉ अभिषेक मिश्रा और डॉ मानस उपाध्याय सहित अन्य ने विचार रखे।

लॉयर्स एसोसिएशन के चुनाव में घनश्याम निर्विरोध उपाध्यक्ष

रसूलाबाद। लॉयर्स एसोसिएशन तहसील रसूलाबाद के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष सहित कई पदों के वकीलों ने नामांकन दाखिल किये। इस दौरान अधिवक्ता घनश्याम तिवारी को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। लॉयर्स एसोसिएशन तहसील रसूलाबाद के वार्षिक चुनाव में शनिवार को अध्यक्ष पद से लेकर कार्यकारणी सदस्य हेतु वकीलों ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस दौरान एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता घनश्याम तिवारी को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वही भुवनेश्वर यादव को संयुक्तमंत्री, सर्वेश पाल को कोषाध्यक्ष जय नारायण राठौर को ऑडिटर, राजेश कुशवाहा को पुस्तकालय अध्यक्ष, गोविंद कुशवाहा को सदस्य कार्यकारणी हेतु निर्विरोध चुना गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत ख्वाजा अहमदपुर कटिया विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/ प्रकाशन–2023–2024/ दिनांकः 03/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

एसबीएम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 **ख्वाजा अहमदपुर कटिया** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक **04/02/2024 से 08/02/2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक **08.02.2024** सायं 5: 30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

क्र0	योजना का नाम	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	जमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	एसबीएम	आर0आर0सी0 सेंटर निर्माण कार्य	बिल आफ क्वांटिटी	4.68	2%	500/

नियम एवं शर्तें – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी।

सियाराम प्रधान — **अभय प्रताप सिंह** सचिव

ग्राम पंचायत ख्वाजा अहमदपुर कटिया ,विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — क्लासीफाइड

सूचना

सूचित करना है कि मेरे पुत्र आयुष वर्मा की हाईस्कूल की मार्कसीट में पिता का नाम संजय वर्मा अंकित हो गया है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम संजय कुमार वर्मा है। अतः आयुष वर्मा पिता का नाम संजय कुमार वर्मा ही सही है। यही समझा और पढ़ा जावे। संजय कुमार वर्मा 228 न्यू रामनगर, इटावा

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि दिनाँक 20/01/2024 को मेरे मकान के कागजात डीड नं0 1777 वर्ष 05/06/1984 वास्तव में खो गये है। जिस किसी व्यक्ति हो मिले कृपया इस मोबाइल नं0–9838029527 पर अवगत कराने का कष्ट करे। जिससे बैनामे के कागज का कही दुरुपयोग न हो सके। **उमादेवी, नीशू देवी निवासी– G.N.–रोड पोस्ट आफिस चौराहा – सुलतानपुर**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मै रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवा मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लाक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई का हूँ। मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है मेरा बड़ा पुत्र विवेक कुमार आयु 23 वर्ष के व्यवहार व चाल चलन से काफी परेशान हूं आये–दिन परिवार को परेशान करता रहता है अपने बड़े बेटे विवेक कुमार के व्यवहार से तंग आकर अपनी समस्त चल –अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हू उसके द्वारा किए गए कृत्यो से मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। – **रामू पुत्र ब्रजलाल निवासी ग्राम हरिगवॉ मजरा कोईली पोस्ट पीपरगाँव ब्लॉक भरावन परगना गोड़वा तहसील सण्डीला जिला हरदोई**

सूचना

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि ईदू उर्फ शफीक मेरा लड़का है लेकिन उसके चाल चलन ठीक नहीं हैं और मेरी कोई भी बात नहीं मानता है मुझे काफी यातनाएं देता है इसलिए ईदू उर्फ शफीक को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है यदि वह कोई भी सही या गलत कार्य करता है तो वह उसका स्वय जिम्मेदार होगा अब उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।– **मोहम्मद् अयूब पुत्र स्वर्गीय फकीरे, निवासी– ग्राम धनसरी, थाना– जरवलरोड, तहसील कैसरगंज, जिला– बहराइच**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता	प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण	डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि
शाखा - हरैया, जिला बस्ती		
उधारकर्ताः (1) मेसर्स तुलसीराम कंस्ट्रक्शन, प्रो प्रोप के तह. श्री तुलसी राम वर्मा सो राम मिलन ग्राम–जुदाईपुर, पोस्ट व थाना महराजगंज, परगना व तहसील–हरैया, जिला–बस्ती, उ.प्र.– 272155 **बंधककर्ताः श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम–जुदाईपुर, पो. महराजगंज, थाना महराजगंज, तह. हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155 **जमानतकर्ताः (1) श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा** पुत्र श्री राम, ग्राम बिहराबाजार, पोस्ट व थाना–महराजगंज, परगना व तहसील हर्रैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155 **(2) श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम जुदाईपुर, पोस्ट व थाना–महराजगंज, तहसील हर्रैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155	अचल संपत्ति का विवरण का वह सारा भाग जहां स्थित है गाटा संख्या 77, खाता संख्या. 14, प्लॉट 77 का, ग्राम क्षेत्रफल 0.013 हे. ग्राम जुदाईपुर पोस्ट माल महराजगंज, परगना व तहसील हरैया व जिला बस्ती, उ.प्र.–272155 पर श्रीमती विन्दा पत्नी तुलसीराम के नाम पर लगभग 127.00 वर्ग मीटर स्थित है। **चौहद्दीः** पूर्व–संत राम का खेत, दक्षिण–चक मार्ग, पश्चिम–खड़ंजा मार्ग, उत्तर–श्रीमती जलाली की भूमि	17.11.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,29,350.00 + ब्याज व अन्य खर्चे
शाखा - दरियापुर, सुलतानपुर		
उधारकर्ताः 1) श्री हरि पुत्र स्वर्गीय रामदुलारे तिवारी मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **2) विद्योत्तमा तिवारी** पत्नी श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **3) श्री सुधांशु त्रिपाठी तिवारी** पुत्र श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्दनगर शास्त्रीनगर, सुल्तानपुर उ.प्र. 228001	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण – सर्वे नंबर 29 एमआई विलेज नारायणपुर, परगना – मीरांपुर, तहसील – सदर, जिला – सुल्तानपुर, **संपत्ति की सीमाः** उत्तरः प्लॉट गिरीश नारायण सिंह, दक्षिण – अहाता दुबे जी, पूर्व–द्वारिका प्रसाद तिवारी का घर, पश्चिम–सड़क	06.02.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,81,650.00 + ब्याज व अन्य खर्चे
शाखा - ऐहार, रायबरेली		
उधारकर्ताः मैसर्स शिव ट्रेडर्स (प्रो–स्व. दशानंद बाजपेयी पुत्र जटा शंकर बाजपेयी पता– ग्राम कल्ली पूरे गौरी, पोस्ट–भीरा गोविंदपुर, तहसील डलमऊ जिला–रायबरेली **जमानतकर्ताः सीमा बाजपेयी** पत्नी स्व. दशानंद बाजपेयी, ग्राम कल्ली फुरे गौरी पोस्ट–शिना गोविंदपुर तहसील डलमऊ, जिला–रायबरेली	सुरक्षित संपत्तियों का विवरण– संपत्ति का प्लॉट गाटा संख्या–332, गांव–गोविंदपुर वालौली (आदर्श नगर), परगना डलमऊ और तहसील–लालगंज, जिला–रायबरेली (उ.प्र.) में स्थित है, संपत्ति का क्षेत्रफल 162 वर्ग मीटर यानी 1740 वर्ग फुट है। **विलेख के अनुसार चौहद्दीः** उत्तर–अशोक द्विवेदी की भूमि, दक्षिण– मीरा त्रिवेदी का भूखंड, पूर्व– 15 फीट चौड़ा रास्ता और पश्चिम– रज्जन शुक्ला की भूमि, **साइट के अनुसार सीमाः** उत्तर–बाजपेयी जी का घर, दक्षिण–मीरा त्रिवेदी का प्लॉट, पूर्व–15 फीट चौड़ा रास्ता व पश्चिम–अन्य प्लॉट	04.06.2022 / 03.02.2024 / ₹ 15,11,461.86 + ब्याज व अन्य खर्चे

दिनांक : 03.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

खूनी रफ्तार: टक्कर से स्कूटी जली, महिला की मौत

सजेती थाना क्षेत्र में यमुना पुल पर हुआ हादसा, पति और नातिन गंभीर रूप से घायल, दोनों को कानपुर किया गया रेफर

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र में यमुना पुल पर शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद स्कूटी आग का गोला बन गई। हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति और नातिन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को अस्पताल भेजा और फायर ब्रिगेड की मदद से स्कूटी में लगी आग बुझाई गई। टक्कर मारने वाले वाहन का अभी तक पता नहीं चल सका है।

हमीरपुर के भिलावां मोहल्ला के रहने वाले रामकिशोर सचान (60) अपनी पत्नी मीरा (55) और नातिन वाणी (5) को लेकर पुखरायां आए थे। शनिवार को वह पत्नी और नातिन को लेकर स्कूटी से अपने घर वापस हमीरपुर लौट रहे थे। जैसे ही वह सजेती थाना क्षेत्र में यमुना पुल पर पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी पुल के डिवाइडर से टकरा गई और उसमें आग लग गई।

यमुना पुल पर हादसे के बाद भीड़ लग गई।। अमृत विचार

अस्पताल में वाणी का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

दर्दनाक हादसा

- डिवाइडर से टकराने के बाद आग का गोला बनी स्कूटी
- फायर ब्रिगेड की मदद से बुझाई गई स्कूटी में लगी आग

तेज टक्कर से स्कूटी में पीछे बैठी पत्नी मीरा सड़क पर जा गिरीं और तेज रफ्तार वाहन के पिछले पहिये के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पति रामकिशोर सचान और नातिन वाणी गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डिवाइडर से टकराने के बाद स्कूटी आग का गोला बन गई। राहगीरों की सूचना पर सजेती पुलिस के साथ खन्ना क्षेत्र का पीएनसी का पेट्रोलिंग वाहन और सजेती टोल प्लाजा से पीएनसी की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और रामकिशोर व नातिन वाणी को हमीरपुर के अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर उनके घर पहुंची तो कोहराम मच गया। सजेती पुलिस ने मीरा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सजेती थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि स्कूटी में टक्कर मारने वाले वाहन का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अनियंत्रित वैन पेड़ से टकराई, चालक घायल

शिवराजपुर। बिल्हौर थाना क्षेत्र के मान निवादा गांव निवासी रामबाबू अपने निजी काम से शिवराजपुर से शिवली की ओर जा रहा था, तभी अचानक उसकी वैन अनियंत्रित हो गई और रोड के पास खड़े एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों ने किसी तरह वैन चालक को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल चालक को शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।

हादसे में घायल दीपक की हालत अभी भी गंभीर

घाटमपुर। भदरस रोड पर गुरुवार रात कार पलटने से प्रहलाद सिंह की मौत हो गई थी, जबकि दोस्त दीपक अवस्थी की हालत गंभीर है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक्सप्रेस-वे पर आग का गोला बनी बस, यात्री कूदे

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार की रात लखनऊ से आगरा की ओर जा रही बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बस का आग का गोला बन गई। चीख-पुकार के बीच जान बचाने के लिए यात्री बस से कूदने लगे। हादसे में चार यात्री झुलस गए, जिन्हें यूपीडा की एंबुलेंस से कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। फायर ब्रिगेड के जवानों ने बस की आग पर काबू पाया।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर यह हादसा गुरुवार की रात करीब दो बजे हुआ। लखनऊ से यात्री लेकर रवाना हुई लग्जरी बस आगरा की ओर जा रही थी। बस जब बिल्हौर के खड़ैंचा गांव के पास गुजर रही थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। बस में आग लगने से चीख-पुकार मच गई। बताते हैं कि हादसे के समय ज्यादातर यात्री नींद में थे। चीख-पुकार मचते ही लोगों की नींद टूटी और यात्री बदहवाश हालत में जान बचाने के लिए बस से कूदने-फांदने लगे। इस बीच चार यात्री झुलस गए। हादसे की जानकारी मिलते ही यूपीडी की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और झुलसे यात्रियों को कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यूपीडी कर्मचारियों ने शिवराजपुर फायर स्टेशन पर फोन कर हादसे की जानकारी दी। हादसे की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी और अरौल पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने बस में लगी आग बुझाई। अरौल एसओ अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

एक्सप्रेस पर जलती लग्जरी बस।

एक नजर

एक बाइक फिर चोरी

शिवराजपुर। शुक्रवार की शाम सात बजे देशी शराब ठेका के सामने से एक बाइक फिर चोरी हो गई। क्षेत्र के मुस्ता गांव निवासी रामआसरे ने तहरीर में बताया कि वह शाम को काम से कस्बा आया था। देशी शराब ठेका के सामने रेलवे लाइन की तरफ बाइक खड़ी कर दी और पांच मिनट बाद लौटकर आया तो बाइक गायब थी। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। छानबीन चल रही है।

21 क्वार्टर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

भीतरगांव। भीतरगांव चौकी क्षेत्र में मलखानपुर रोड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने किशन पाल को 21क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। साढ़ प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

खाते से पार किए 50 हजार

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने फोन पर बात करके एप डाउनलोड कराया। इसके बाद खाते से पचास हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। श्यामनगर निवासी विमल कुमार कपूर ने तहरीर में बताया कि 31 जनवरी की दोपहर एक अंजान नंबर से फोन आया। जिसने झांसा देकर एक एप डाउनलोड कराया। इसके बाद उनके खाते से पचास हजार रुपये निकल गए।

पेंशन बहाली के लिए देंगे धरना

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग के गठन को लेकर शनिवार को विकास खंड सभागार में राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 फरवरी को कानपुर के फूलबाग में गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना दिया जाएगा और फिर प्रदर्शन के साथ 11 बजे गांधी प्रतिमा से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में कहा गया कि अपनी मांगों को लेकर शुरू हुआ अभियान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में चल रहा है। 11 फरवरी के धरने को सफल बनाने के लिए परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के लिए बैठक के दौरान घाटमपुर, पतारा और बिधनू ब्लाक के कर्मचारियों, शिक्षकों को आंदोलन में बढ़-चढ़कर भागीदारी के लिए पोस्टर, पम्पलेट व स्टीकर बांटे गए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक सुरेश चन्द्र यादव ने बैठक का संचालन किया।

आंदोलन की रणनीति

- 11 को कानपुर के फूलबाग में एकत्र होंगे कर्मचारी
- घाटमपुर ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

शनिवार को घाटमपुर ब्लाक सभागार में कर्मचारियों की बैठक हुई। अमृत विचार

बैठक में आशुतोष दीक्षित और पंकज पांडेय ने कहा कि मनरेगा का एक-एक सदस्य राज्यकर्मी घोषित किए जाने, पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग के गठन के लिए धरना में भागीदारी करेगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के मण्डल महामन्त्री अटल बिहारी, जिला कोषाध्यक्ष लालता प्रसाद ने कहा कि परिषद ने सफाई कर्मियों की सेवा नियमावली की मांग ज्ञापन में रखी है। हर कर्मचारी पैदल मार्च को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखेगा।

विभिन्न ब्लाकों में जोर-शोर से कर्मचारियों में जागरूकता अभियान को सफल बनाने में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरताज, संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक इंजीनियर एएन द्विवेदी, सुरेश चन्द्र यादव, विक्रम शर्मा, अजीत सिंह, राजेश तिलकधारी, जितेन्द्र मिश्रा, सुरेशचन्द्र, रामजी श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश, प्रताप नारायण सचान, प्रदीप कुमार, रेनू सचान, ब्रजभान, महेश शुक्ला, अरविंद कुमार, निलेश श्रीवास्तव, रामबाबू, ललिता, सरोज, रानी, जयकरण, मोइनुद्दीन, कमलेश आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

दिवाकर के भाजपा में जाने से सियासी सरगर्मियां बढ़ीं

संवाददाता, चौबेपुर

अमृत विचार: बिल्हौर के पूर्व विधायक कमलेश चन्द्र दिवाकर के शनिवार को कन्नौज में सीएम के सामने भाजपा में शामिल होने से सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। उन्होंने बसपा से तीन और समाजवादी पार्टी के टिकट पर एक बार विधानसभा का चुनाव लड़ा, जिसमें सिर्फ एक बार ही कामयाबी हाथ लगी।

1995 में उन्नाव के बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख बनने के साथ अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाले कमलेश दिवाकर वर्ष 2007 में बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव जीत कर पहली बार विधायक बने थे। वर्ष 2012 में पुनः बसपा के टिकट पर मैदान पर उतरे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। वर्ष 2017 में बसपा ने फिर उन पर भरोसा जताते बिल्हौर से टिकट दिया, जिसमें वह 71,745 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे।

बसपा से मोह भंग होने पर वह वर्ष 2019 में सपा में चले गए। वर्ष 2022 में कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में शामिल कानपुर देहात की रसूलाबाद विधानसभा से सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन 70,271 मत पाकर भी हार गए। वर्तमान समय में वह रसूलाबाद विधानसभा के सपा प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव थे।

पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर।

- बसपा से तीन और सपा से एक बार लड़े विधानसभा चुनाव

पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने शनिवार को कन्नौज में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा के दौरान अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। पूर्व विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें पार्टी कार्यालय लखनऊ बुलाया है। इसके बाद उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। पूर्व विधायक के भाजपा में शामिल होने से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चली हैं।

सार-संक्षेप

तोता के शोर मचाने पर सामान छोड़ भाग निकले चोर

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव में छत के रास्ते घुसे चोर गृहस्वामी के ललकारने पर सामान छोड़ भाग खड़े हुए। चोर कोई भी सामान नहीं ले जा सके। सुंदरपुर गांव निवासी ऋषभ तिवारी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात छत के रास्ते चोर घर में दाखिल हुए। कुछ सामान घर से निकालकर बगीचे में रखा। रात लगभग दो बजे घर का पालतू तोता जोर-जोर से चिल्लाया तो नींद खुल गई। घर के दरवाजे खुले थे। चोरों का आभास होने पर शोर मचाया तो शोर सुनकर चोर भाग गए। बक्से के साथ जो सामान घर से ले जाकर बगीचे में रखा था, वह सुरक्षित मिल गया। एक कीपैड वाला मोबाइल ले गए हैं। साढ़ प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है, फिर भी सब इंसपेक्टर को भेज जांच कराई जा रही है।

आधा दर्जन बकरियां वाहन में लादकर ले गए चोर

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के उदयीपुर गांव से चार पहिया वाहन सवार चोर आधा दर्जन बकरियां चोरी कर ले गए। पीड़ित युवक ने साढ़ थाने में शिकायत की है। उदयीपुर गांव निवासी तन्ना निषाद की आधा दर्जन बकरियां गांव के बाहर बाड़े में बंधी थीं, जिसमें ताला लगा था। रात में आए चार पहिया वाहन चोरों ने ताला तोड़कर तीन बकरे और तीन बकरियां चार पहिया वाहन में लादकर ले गए। शनिवार की सुबह बाड़े का ताला टूटा पड़ा था और बकरियां गायब थीं। इसके बाद पीड़ित ने साढ़ थाने पहुंचकर बकरी चोरी की लिखित सूचना दी। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि बकरी चोरी की तहरीर मिली है। जल्द ही बकरी चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। क्षेत्र में बकरी चोरी की हर दूसरे दिन घटना हो रही है, लेकिन साढ़ पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।

डेढ़ महीने बाद भी पुलिस ने नहीं लिखी लूट की रिपोर्ट

घाटमपुर। नंदना चौकी क्षेत्र के हथेही की सलोनी पाल के साथ हुई लूट के मामले की डेढ़ महीने बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई है। पीड़िता ने शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की आवाज उठाई है। उसने बताया कि वह खेत की तरफ जा रही थी, तभी बाइक सवार तीन युवक आए और पता पूछने के बहाने मोबाइल फोन, कान के झाले, गले की माला और पैरों की तोड़िया ले गए। इसकी नंदना चौकी में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने बताया कि वह 16 जनवरी को गजनेर जा रही थी, तभी आगापुर ठेके के पास खड़े एक व्यक्ति को पहचान लिया। जब हल्ला मचाया तो वह भाग खड़ा हुआ। पीछा करते-करते भगवंतपुर पहुंची। पड़ोसियों ने बताया कि उसका नाम सानू है। घर में पूछने पर महिलाएं लड़ने लगीं। यह बात चौकी में बताई, लेकिन चौकी प्रभारी आशीष कुमार ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं।

समाधान दिवस बिल्हौर तहसील में अपर जिलाधिकारी रिंकी जायसवाल ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायतों की भरमार

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: ब्लाक सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम रिंकी जायसवाल, एसडीम रश्मि लांबा और तहसीलदार तिमिराज सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

समाधान दिवस में संकरावां निवासी छोटेबाबू ने अपने भाइयों पर पैतृक जमीन और सरकारी आवास पर भी कब्जा कर लेने का आरोप लगाकर अपना हक दिलाने की मांग की। डुड़वा जमौली के चेतराम ने कहा कि वह अपना कच्चा घर गिराकर पक्का मकान बनाना चाहता है, लेकिन दबंग पड़ोसी उसे मकान का निर्माण नहीं करने दे रहे। कीरतपुर के कृष्ण गोपाल ने कहा कि उसे पट्टे पर भूमि आवंटित की गई थी, जिस पर टकटौली गांव के उदयवीर ने कब्जा कर रखा है। एसडीएम कोर्ट में मुकदमे के बाद 2021 में आरोपी को जमीन कब्जा मुक्त करने और 5000 रुपये मुआवजा देने का आदेश पारित हुआ। आदेश के बाद कब्जेदार न तो जमीन से कब्जा हटा रहा है और न ही मुआवजा दिया गया। मामले की बार-बार शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। पीड़ित ने एडीएम से जमीन पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की। इस तरह संपूर्ण समाधान दिवस में आई 72 शिकायतों में एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका। सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के कर्मचारियों को हस्तांतरित कर जल्द निस्तारण की निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान बीडीओ दिनेश कुमार वर्मा, शिवनरेश राजपूत मौजूद रहे।

एडीएम रिंकी जायसवाल से तहसीलदार की शिकायत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

वकीलों ने तहसीलदार के खिलाफ खोला मोर्चा

समाधान दिवस के दौरान बिल्हौर लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संगठन के अध्यक्ष दीपक कटियार के नेतृत्व में तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची अपर जिलाधिकारी रिंकी जायसवाल का घेराव किया और आरोप लगाते हुए बताया कि मौजूदा तहसीलदार तिमिराज सिंह द्वारा दलितों की जमीन पर बिना अनुमति के पैसा लेकर अन्य वर्गों को दाखिल खारिज किया जा रहा है। किसी मामले में बिना पैसे के कोई काम नहीं किया जा रहा। तहसील में भ्रष्टाचार व्याप्त है। शासकीय अधिवक्ता शुशांक मिश्रा ने भी आरोपों का समर्थन करते हुए तहसीलदार पर शासकीय अधिवक्ता पद से हटवा देने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया। वकीलों के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी रिंकी जायसवाल ने वकीलों को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

गरीब की पट्टा की जमीन पर भट्ठा वालों का कब्जा

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम रामानुज ने फरियादों की समस्याओं को सुना। कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया और कुछ समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को भेजकर अति शीघ्र समाधान कराए जाने के निर्देश दिए गए।

तहसील समाधान दिवस में एसडीएम रामानुज ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए दर्जनों समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। कुछ समस्याओं को अधीनस्थ अधिकारियों से शीघ्र निस्तारण कराए जाने की बात कही। रेवना थाना क्षेत्र के ग्राम झवईया अकबरपुर गांव के रहने वाले गंगा प्रसाद पुत्र गिरधारी लाल ने एसडीम रामानुज को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। उसे और उसकी पत्नी के नाम अकबरपुर जवाईया की खाता संख्या 805 में प्रशासन की ओर से कृषि योग्य भूमि का पट्टा किया गया था। यह जमीन गांव के ही आदर्श कुमार पुत्र नरेंद्र पाल सचान, प्रांजल सचान पुत्र आदर्श कुमार के संचालित ईट भट्ठा से लगी हुई है, जिसमें उन लोगों ने जबरियन ईट डालकर कब्जा कर रखा है। कब्जा हटाने के लिए कहने पर वे लोग मारपीट करने पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एसडीएम से कार्रवाई कर जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। गरीब की फरियाद पर एसडीएम ने कानूनगो और लेखपाल को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

शिकायतें सुनते एसडीएम। अमृत विचार

नर्वल तहसील में 58 शिकायतें सिर्फ दो का हो सका निस्तारण

सरसौल। शनिवार को नरवल तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में हर बार की तरह ही इस बार भी फरियादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण न के बराबर हुआ।कुल आई 58 शिकायतों में से महज दो का ही मौके पर निस्तारण हो सका। बाकी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को जांच हेतु भेज दिया गया। एसडीएम ऋषभ वर्मा की अध्यक्षता में तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। सबसे अधिक 37 शिकायतें राजस्व विभाग से जुड़ी आईं, जबकि खण्ड विकास कार्यालय से जुड़ी 15, पुलिस से जुड़ी 3, पीडब्ल्यूडी से जुड़ी एक, आपूर्ति विभाग से संबंधित एक और समाज कल्याण विभाग से संबंधित एक शिकायत पहुंची।

जख्म दे रहीं गड्ढायुक्त सड़कें, राहगीर हलकान

गड्ढामुक्त अभियान का सच

संवाददाता, सोहरामऊ-उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड नवाबगंज के सोहरामऊ क्षेत्र के कई गावों को जाने वाली सड़कें पूरी तरह जर्जर हो गई हैं। इनमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं कि राहगीरों को उधर से गुजरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार उच्चाधिकारियों से कई बार इसकी शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे है। इससे ग्रामीणों में काफी रोष है।

विकासखंड नवाबगंज के कई गावों को नेशनल हाइवे से जोड़ने वाली सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो गई हैं। जिसमें मुख्य रूप से आशाखेड़ा-हिम्मतगढ़ मार्ग पूरी तरह से जर्जर है। सड़क खराब होने से स्कूली छात्र-छात्राओं व आम राहगीरों को सफर में काफी जोखिम उठाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सोहरामऊ से मड़ियामऊ व बजेहरा से निबहरी मार्ग भी पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़कें खराब होने से किसान अपनी फसल तक शहर तक नही पहुंचा पा रहे हैं। जिससे उन्हें खेती में भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकारों की मंशा है कि जर्जर सड़कों की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से मरम्मत हो। जिससे ग्रामीणों का जीवन आत्मनिर्भर व सशक्त हो सके।

सोहरामऊ क्षेत्र की जर्जर सड़कें।

अमृत विचार

- ग्रामीणों ने कहा, उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद भी जिम्मेदार इस ओर नहीं दे रहे ध्यान
- सोहरामऊ क्षेत्र के हिम्मतगढ़, निबहरी व मड़ियामऊ गांव के संपर्क मार्ग गड्ढों में हुए तब्दील

मतदान का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण

सड़कें खराब होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। उनका कहना है कि वे उच्चाधिकारियों से कई बार शिकायत कर चुके हैं। मगर व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। अगर सड़कों की मरम्मत नहीं होती है तो वे लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे।

बोले विधायक

मोहान क्षेत्र के विधायक ब्रजेश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, गरीबों व मजलूमों के साथ है। अगर ग्रामीणों को परेशानी है तो अफसरों से बात कर जर्जर सड़कें दुरुस्त कराई जाएंगी। जनता की समस्या हमारी समस्या है।

आग से झोपड़ी व मवेशी जलकर राख

संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत एक गांव में फूस की झोपड़ी तक किसी तरह से पहुंची चिंगारी ने आग पकड़ ली। इसमें झोपड़ी जलकर राख हो गई और वहां बंधी एक भैंस की जलकर मौत हो गई। इसके अलावा एक गोवंश और भैंस का बच्चा झुलस गया।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के मजरा डड़ियन पुरवा निवासी संदीप पुत्र राम स्वरूप घर के पास बनी फूस की झोपड़ी में पालतू मवेशी बांधता है। शनिवार सुबह अचानक घूरे पर पड़ी राख की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। लपटें उठती देख ग्रामीण दौड़े और बाल्टियों से पानी फेंककर किसी तरह आग बुझाई। किंतु तब तक झोपड़ी पूरी तरह से जल गई और उसमें बंधी एक भैंस की आग की चपेट में आकर मौत हो गई। वहीं एक भैंस व एक गोवंश समेत दो मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। आग में चारपाई व बिस्तर सहित घरेलू कपड़े भी जल गए। सूचना पर नगर के पशु चिकित्साधिकारी डा. राहुल सचान व लेखपाल जितेंद्र बहादुर ने जांच की और झुलसे मवेशियों का उपचार किया।

जली हुई झोपड़ी को देखते ग्रामीण। अमृत विचार

- गोवंश समेत दो झुलसे भी ग्रामीणों ने पानी फेंककर बुझाई आग

आग से जली झोपड़ी।

दो गांवों के बीच सीमा विवाद, दोनों प्रधान जगह पर अड़े

वेयर हाउस निर्माण का मामला: डीएम के आदेश पर जांच करने पहुंचे एडीएम, भैसौरा गांव के प्रधान व ग्रामीणों ने की थी शिकायत

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। सोहरामऊ थानांतर्गत रसूलपुर गांव की जमीन पर एक वेयर हाउस का निर्माण हो रहा है। इसमें दो गावों के प्रधानों में अपनी-अपनी हद को लेकर जंग छिड़ी हुई है। जमीन की लड़ाई मुख्यालय तक पहुंची तो डीएम ने एडीएम को जांच के आदेश दिए। उच्चाधिकारियों के मौके पर पहुंचने पर भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है।

जानकारी अनुसार भैसौरा प्रधान रामचंद्र ने डीएम को शिकायती पत्र देकर तालाबी भूमि नंबर-1199 पर ओसवाल ग्रुप द्वारा अवैध रूप से निर्माण कराने की बात कही थी। प्रधान ने बताया कि इस मामले पर पूर्व में लेखपाल कुलदीप श्रीवास्तव को अवगत कराया था तो उन्होंने मौके पर जाकर पैमाइश कर निर्माण रुकवा दिया था। इसके बाद लेखपाल कुलदीप व रसूलपुर लेखपाल सुनील सिंह ग्राम पंचायत भैसौरा व रसूलपुर की सीमा का सीमांकन करने आये लेकिन, बिना किसी निर्णय के लौट गये। इसके बाद प्रधान ने शिकायती पत्र डीएम को दिया जिस पर डीएम ने तत्काल एडीएम को मौके पर जाकर जांच के आदेश दिए गए थे। शनिवार शाम करीब पांच बजे एडीएम नरेंद्र सिंह, तहसीलदार विराग करवरिया, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल सुनील सिंह, सुशील श्रीवास्तव, लेखपाल अभिषेक मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन की पैमाइश कराई गई। किसानों की गहमा-गहमी के चलते मामले का कोई निस्तारण नही हो पाया।

मौके पर जांच करते एडीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

बोले शिकायत कर्ता

रामचंद्र प्रधान।

प्रधान रामचंद्र ने कहा कि जांच टीम का हिस्सा वही लोग हैं जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है। भैसौरा हद को नाले से व रसूलपुर की हद को हाइवे से नापना है। लेखपाल सुनील सिंह रसूलपुर हद को हाइवे से न नापकर मात्र ओसवाल वेयर हाउस के अंदर ही नाप रहे हैं। जिससे सीमांकन की स्थिति सही नहीं बन रही है। प्रधान ने यह भी कहा कि विवादित भूमि के निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए।

बोले एडीएम

एडीएम नरेंद्र सिंह ने बताया कि मौके पर नक्शा देखने व नापजोख के अनुसार प्रथम दृष्टया भैसौरा गांव के किसानों द्वारा ओसवाल वेयर हाउस के समीप तालाब पर दर्जनों किसानों का कब्जा पाया गया है। टीम गठित कर नाप कराई जाएगी और सरकारी तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

सार-संक्षेप

कांशीराम कालोनी में मिला नवजात का शव

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी के पास शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे एक नवजात का शव देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। बच्चे की नाभि में लगे क्लैंप को देख नर्सिंग होम में जन्म के बाद फेंके जाने की चर्चा रही। सूचना पर कांशीराम चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को जीवित समझ स्वास्थ्य केंद्र कांशीराम लाई। जहां जांच के बाद डॉ. सुजीत कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि नवजात के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

साइकिल सवार बहनों को कार ने मारी टक्कर, एक गंभीर

आसीवन। थानाक्षेत्र के गांव सहजनपुर निवासी राजेंद्र की दो बेटियां राधा (14) व शालू (17) अपनी नानी के गांव सिद्धनाथ से साइकिल से घर आ रही थीं। सफीपुर-मियागंज मार्ग पर अहमदपुर मोड़ के पास सामने से आ रही कार ने साइकिल में टक्कर मार दी और अनियंत्रित कार रोड़ किनारे खंती में चली गई। इसमें दोनों बहनें गंभीर घायल हो गईं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने राधा को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं कार सवार फरार हो गए।

पंचायत सहायक को प्रधानपुत्र ने पीटा, एसडीएम से शिकायत

नवाबगंज उन्नाव। आई कैंप का प्रचार-प्रसार न करने पर पंचायत सहायक को प्रधानपुत्र ने पीट दिया। राहगीरों ने पंचायत सहायक का बीचबचाव कराया। पंचायत सहायक ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के करसेमऊ गांव निवासी दिलीप पुत्र सिद्धिलाल शुक्रवार सुबह 10 बजे सिंघनापुर में स्थित पंचायत घर में कार्य करने जा रहा था। तभी प्रधानपुत्र व ग्राम पंचायत अधिकारी पुत्तन लाल पाल ने पंचायत सहायक दिलीप कुमार को रोककर गांव में लगने वाले आई कैंप का प्रचार-प्रसार करने के लिये कहा। जब पंचायत सहायक ने इससे मना किया तो वे उसे पीटने लगे। पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इसे लेकर एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि पंचायत सहायक ने मारपीट का प्रार्थनापत्र दिया है। जांच के लिए बीडियो को भेजा है। वहीं, ग्राम पंचायत अधिकारी व प्रधानपुत्र पुत्तन लाल पाल ने बताया कि मारपीट नहीं हुई है। पंचायत सहायक गांव में युवतियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। जिसे लेकर वे उसे समझा रहे थे। उन पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार है।

पीटीएम में मौजूद बच्चे व अभिभावक। अमृत विचार

बच्चों को समय से स्कूल भेजें, होमवर्क घर में कराएं

बांगरमऊ। क्षेत्र के गांव धन्नापुरवा सकरौली स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित हुई। इसमें इंचार्ज शिक्षिका गीता यादव ने कहा कि सभी अभिभावक समय से बच्चों को स्कूल भेजें और शिक्षकों द्वारा बच्चों को दिए गए गृह कार्य को उनसे घर पर करवाएं। शिक्षक अभिषेक तिवारी ने अभिभावकों को विद्याज्ञान, नवोदय विद्यालय व अटल आवासीय योजना जैसी परीक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में गीता यादव, अभिषेक तिवारी, देवेंद्र प्रताप सिंह, रजिया खातून, शिखा सिंह चौहान, संतोष यादव, कौशलेंद्र कुमार व ठाकुर प्रसाद यादव के अलावा अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

भाई-बहन पर मधुमक्खियों का हमला, बचाने में मौसी भी जख्मी

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के फतेउल्ला नगर में खेत गए मासूम भाई-बहन पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। बचाने पहुंची मौसी भी मधुमक्खियों के हमले में घायल हो गई। तीनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के रजेई खेड़ा निवासी सूरज पाल की बेटी हर्षिता (8) व बेटा यश (5) क्षेत्र के फतेउल्ला नगर गांव स्थित ननिहाल में रहते हैं। हर्षिता कक्षा छह और यश एक में पढ़ता है। शनिवार को बच्चे सुबह गांव के बाहर खेत गए थे। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने दोनों पर हमला बोल दिया। उनकी चीख सुन वहां मौजूद मौसी शिवानी पुत्री कमलेश ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। जिसमें वह भी चपेट में आ गई।

युवक के शव का हुआ अंतिम संस्कार, हत्यारोपी फरार

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिले युवक की हत्या कर शव फेंके जाने के बाद शुक्रवार शाम उसका शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को युवक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हत्या में नामित युवक की तलाश में पुलिस की टीमें लगी रहीं। लेकिन, अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव सकरौली के मजरा नयनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर राठौर (28) पुत्र छेदीलाल मजदूरी करता था। गुरुवार शाम पड़ोसी गांव सकरौली निवासी वीरेंद्र यादव उर्फ गोबरे के साथ घर से निकला था। रात में वह घर नहीं लौटा था। शुक्रवार सुबह उसका लहूलुहान शव गांव से डेढ़ किमी दूर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर गांव के पास सड़क किनारे अर्धनग्न हालत में मिला था। उसके भाई कौशल किशोर की तहरीर पर वीरेंद्र के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शुक्रवार देरशाम शव गांव पहुंचा था। इसके बाद शनिवार सुबह परिजनों ने गंगातट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हत्या में नामित युवक की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने चार टीमें गठित की हैं। इसमें सर्विलांस टीम के साथ सीओ व एसएचओ के नेतृत्व में दो टीमें और फतेहपुर चौरासी एसओ के नेतृत्व में चौथी टीम गठित है। पुलिस ने संभावित स्थानों पर दबिश दी लेकिन सफलता नहीं मिली।

- बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के युवक की हत्या किए जाने का मामला

सभी श्रमिकों का पंजीकरण कराने पर दिया गया बल

पुरवा। शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम रणवीर सिंह, सहायक श्रमायुक्त एनके चौधरी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रमिकों के पंजीकरण कराने में सहयोग दें। सहायक श्रमायुक्त ने सभी विभाग के अधिकारियों से अपने अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे मजदूरों का पंजीकरण कराने के लिए जानकारी दी। बताया कि 18 से 60 वर्ष की आयु सीमा के श्रमिक जनसेवा केंद्र पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। जो मजदूर निर्माण श्रमिक के रुप में अपना पंजीकरण कराना चाहते हैं वो एक वर्ष में 90 दिनों के कार्य का अनुभव प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक व दो फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं। इसके बाद सरकार द्वारा श्रमिकों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिलेगा। एसडीएम ने सभी अधिकारी इस कार्य में सहयोग करें।

हादसे में घायल युवक की मौत शव पहुंचा तो मचा कोहराम

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी-उन्नाव

- इलाज के लिए ले जाते समय हुई मौत
- फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में हुई थी दुर्घटना

अमृत विचार। थानाक्षेत्र में बीती शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। युवक की मौत से तीन मासूमों के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

क्षेत्र के गांव भड़सर नौशहरा के मजरा धोबैइया निवासी 35 वर्षीय रामचंद्र शुक्रवार को बाइक से जाजामऊ गया था। जहां से दोपहर बाद घर लौटते समय जाजामऊ-लवानी मार्ग पर गांव कोरटखेड़ा के पास उसकी बाइक में सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल रामचंद्र को ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से फतेहपुर चौरासी सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर भेजा गया था। ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। रामचंद्र खेती कर परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने पीछे पत्नी राखी के साथ तीन मासूम बच्चे पांच वर्षीय अंकुश, तीन वर्षीय श्रजल व डेढ़ वर्षीय बेटी तेजल को रोता छोड़ गया है।

सड़क हादसों में किशोर समेत चार घायल

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग मार्गों पर हुए सड़क हादसों में किशोर समेत चार लोग गंभीर घायल हो गए। उन्हें स्थानीय सीएचसी ले जाया गया। जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हरदोई जिला के थाना व कस्बा बिलग्राम निवासी फुरकान (27) पुत्र भूरा शनिवार दोपहर बाइक से अपनी ससुराल कस्बा सफीपुर जा रहा था। तभी रास्ते में उन्नाव मार्ग पर गांव आलमपुर रेतवा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक के दौरान उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और फुरकान सिर के बल सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे कस्बा निवासी उसके रिस्तेदार आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। इसके अलावा अन्य दो हादसों में दिनेश (13) पुत्र सुरेश व भूरा (35) पुत्र मोतीलाल निवासी गांव कछियन पुरवा और साहिल (11) पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी गांव गजिया पुरवा थाना फतेहपुर चौरासी गंभीर घायल हो गए। उन सभी को भी जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

संपूर्ण समाधान दिवस अफसरों ने सुनीं जनसमस्याएं, निस्तारण के दिये निर्देश

सिंचाई विभाग से कोई नहीं पहुंचा, एडीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, सफीपुर-उन्नाव

अमृत विचार। सफीपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम वित्त नरेंद्र सिंह व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने लोगों की शिकायतें सुनने के साथ संबंधित अफसरों को निस्तारण के निर्देश दिए। अफसरों के सामने पहुंची 52 शिकायतों में मौके पर किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस में सिंचाई विभाग से किसी भी अधिकारी के न पहुंचने पर एडीएम ने नाराजगी जताई। इसके अलावा पुरवा, बीघापुर बांगरमऊ व हसनगंज तहसीलों में भी समाधान दिवस पर लोगों ने अपनी समस्यायों के निस्तारण की अर्जियां दीं।

समाधान दिवस में सफीपुर कस्बे के यशोदा नगर निवासी रामजी शुक्ला ने विद्युत आपूर्ति के लिए पोल लगवाने का प्रार्थनापत्र दिया। इस पर एसडीओ विद्युत को शीघ्र पोल लगवाने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र के मवई बृहमनान गांव निवासी सुनीता पत्नी मोहित ने गांव निवासी सुनील पुत्र सरदानंद व धीरेंद्र पुत्र शतीश चंद्र पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं बम्हना गांव के सूरज सिंह, अजीत, नरेंद्र आदि ने बताया कि नहर का कुलाबा संख्या-79 कई वर्षों से बंद पड़ा है। इससे खेतों में पानी न पहुंचने से उन्हें दिक्कत हो रही है। इस पर एडीएम ने सिंचाई विभाग के अफसरों से जानकारी चाही। लेकिन, विभाग से कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद नहीं मिले। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताई। नगर पंचायत ऊगू निवासी अधिवक्ता अरविंद सिंह ने पीएचसी में तैनात एक महिला डाक्टर के प्रतिदिन न आने की शिकायत की। इस दौरान सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, बीएसए संगीता सिंह, एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ ऋषिकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सफीपुर तहसील में लोगों की फरियाद सुनते एडीएम व एसपी। अमृत विचार

- भासफीपुर में 52 शिकायतें आईं, निस्तारित एक नहीं
- बांगरमऊ में छह व बीघापुर में पांच सिकायतें निपटीं

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 26 सहित 62 मामले आए। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सीडीओ ने अधीनस्थों से प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों का निस्तारण करने का आदेश दिया। इस दौरान एसडीएम अतुल कुमार, सीओ अरविंद चौरसिया, तहसीलदार साक्षी राय, एसओ बेहटा मुजावर फूल सिंह, बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी राजकुमार व अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पुरवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों ने एसडीएम रणवीर सिंह व सीओ सोनम सिंह को प्रार्थनापत्र दिए। इनमें राजस्व के पांच मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां कुल 54 मामले पहुंचे थे। इस दौरान तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय, आपूर्ति निरीक्षक चंदा गुप्ता, ईओ संदीप कुमार, बीडीओ संतोष श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत रवीन्द्र प्रसाद, एडीओ आईएसबी, अरविंद कुमा आदि मौजूद रहे।

पाटन संवाददाता के अनुसार तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम क्षितिज कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एसडीएम ने पिछले समाधान दिवस पर आए प्रार्थनापत्रों की समीक्षा के बाद आए हुए फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनीं। ग्राम पोरई की बिटोला देवी पत्नी रामदीन ने विपक्षी द्वारा बच्चों को जान से मारने की धमकी दिए जाने की बात कहते हुए पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने की शिकायत की। भैरमपुर की पूर्व प्रधान रमापति ने पंचायत भवन का भुगतान अब तक न होने व भुगतान दिलाने की गुहार लगाई। 62 प्रार्थनापत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार अरसला नाज मौजूद रहीं।

इसी तरह सदर तहसील में एसडीएम प्रज्ञा पांडेय व हंसनगंज में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता व सीओ ने समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अफसरों निस्तारण के आदेश दिए।

कार्यालय ग्राम पंचायत साईपुर सगौडा, विकास खण्ड बांगरमऊ उन्नाव

पत्रांकः – मेमो/च0रा0वि0/निविदा/2023–24 दिनांकः 01/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

चतुर्थ वित्त/चौदहवां वित्त आयोग 2023–24 के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत साईपुर सगौडा** की स्वीकृत कार्य योजना 2023–24 में निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री सन्दर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06–02–24 समय 11 बजे अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन शाम 4 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

क्रमांक	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत लाख में	निविदा मूल्य लाख में	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	गया प्रसाद के घर से नरेश के घर तक इण्टरलांकिग रोड निर्माण	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईट आदि	4.25 लाख	200	15 दिन
2	मेन रोड से प्रताप के घर तक इण्टर लांकिग रोड निर्माण कार्य	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईट आदि	2.10 लाख	200	15 दिन
3	हेमराज के बंगला से आशाराम के घर तक इण्टरलांकिग रोड निर्माण कार्य	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईट आदि	4.10 लाख	200	15 दिन
4	कछियन पुरवा में राम विलास के घर से चक रोड तक इण्टरलांकिग रोड निर्माण कार्य	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईट आदि	4.25 लाख	200	15 दिन
5	प्रा0वि0हसनपुर सगौडा का सौन्दरीकरण कार्य	ईटा, ईटा गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईट आदि	3.80 लाख	200	15 दिन

आलोक कुमार, ग्राम प्रधान **आनन्द सुमन,** ग्राम पंचायत विकास अधिकारी

ग्राम पंचायत साईपुर सगौडा वि0ख0–बॉगरमऊ, उन्नाव

विधायक सांगा गैंगस्टर मामले में दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सफीपुर कोतवाली में वर्ष 2008 में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

अमृत विचार। गैंगस्टर मामले में कानपुर नगर क्षेत्र के बिठूर विधानसभा से विधायक अभिजीत सिंह सांगा समेत चार आरोपियों को शनिवार को अंतिम सुनवाई के बाद एमपी-एमएलए की कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया।

बता दें कि कानपुर नगर की बिठूर विधानसभा से बीजेपी के विधायक अभिजीत सिंह सांगा पुत्र स्व. धीरेंद्र सिंह निवासी कस्बा ओम भवन थाना बिठूर जिला कानपुर, बीनू गिरी पुत्र स्व. रामऔतार गिरी निवासी बिहारी खेड़ा मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर, हरिओम गिरी पुत्र मुन्नालाल निवासी मोहम्मदपुर थाना चौबेपुर कानपुर नगर, राना गिरी पुत्र स्व. रामऔतार गिरी के विरुद्ध सन-2008 में सफीपुर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इसकी रिपोर्ट तत्कालीन एसएचओ शारदा प्रसाद दीक्षित ने दर्ज कराई थी। आरोप था कि गिरोह के सक्रिय सदस्य बीनू गिरी, राना गिरी, हरिओम गिरी, अभिजीत सिंह सांगा, राम सजीवन, रामकिशन, हरिओम, रिंकू उर्फ रामनाथ, अंजनी कुमार, दिनेश व मदन राठौर अपने आर्थिक व बुनियादी लाभ के लिए सदस्य बदलकर गंगा कटरी उन्नाव व कानपुर नगर क्षेत्र में अपना आतंक व भय फैलाकर अपने साथियों के लिए अनुचित धन अर्जित कर समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त हैं। इस गिरोह के विरुद्ध थाना बिठूर, कोतवाली कानपुर व सफीपुर में जबरन वसूली, गंगा कटरी में अवैध कब्जा, जानलेवा हमला, हत्या, लूट, डकैती व मारपीट की रिपोर्ट भी दर्ज हो चुकी है। मामले की जांच एसआई जीएस पांडेय ने करते हुए अभिजीत सिंह सांगा, बीनू गिरी, हरिओम गिरी, राना गिरी के विरुद्ध अक्टूबर-2009 में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। तब से मुकदमा गैंगस्टर कोर्ट में लंबित था। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट संख्या-12 में पूरी हुई। न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने आदेश में कहा कि मामले में अभियोजन न तो गैंगचार्ट में दर्शित मुकदमों में एक की भी सत्यता साबित कर सका और न ही आरोपियों द्वारा कथित अर्जित लाभ या उनके गैंग संचालन के तथ्य को साबित कर सका है। अदालत ने कहा कि महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि आरोपियों द्वारा विधि विरुद्ध रूप से संग्रहित किसी भी संपत्ति पर कुर्की की कारवाई नहीं की गई। साथ ही अनुचित भौतिक या आर्थिक लाभ अर्जित करने के मामले में किसी संपत्ति का विवरण नहीं दिया गया। वादी ने भी इसका जिक्र नहीं किया है। कोर्ट ने विधायक समेत चार को दोषमुक्त करार दिया।

विधायक अभिजीत सिंह सांगा।

मामूली बात पर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज-उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के कटहा दलनारायनपुर गांव में दबंगों ने एक महिला को बेरहमी से पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। पुलिस ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटहा दलनारायनपुर निवासी गौरी ने बताया कि मामूली बात पर छैला, तरमा, राजकुमार व रंजीत पाल उससे गाली गलौज कर रहे थे, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर चोरों ने उसे लाठी डंडों से बुरी तरह से पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आई। किसी तरह वह कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मेडिकल के लिये पीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं पीड़िता की तहरीर पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

नवीन पुल से सब्जी मंडी तक जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- दोपहर को यातायात सामान्य हो सका
- सुबह जल्दी निकलने के चक्कर में फंसे वाहन

अमृत विचार। शनिवार को छठवें दिन पीक ऑवर के समय बालूघाट से नवीन पुल के संकरे रास्ते पर शुक्लागंज की ओर से वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। इस कारण नवीन पुल से लेकर सब्जी मंडी तक लंबा भीषण जाम लग गया। जाम को देख पुलिस कर्मी खासे परेशान रहे। दोपहर के समय वाहनों का भार कम होने के बाद जाम हट सका।

सुबह करीब नौ बजे कानपुर स्कूल जाने के लिये छात्र-छात्राओं के अलावा ड्यूटी जाने वाले लोग अपने वाहनों से निकले। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन सब्जी मंडी तक ठंसाठंस जाम लग गया। जाम की सूचना पर पुलिस कर्मी आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा करते रहे। पुलिस कर्मी काफी देर तक जाम छुड़ाने के लिये मशक्कत करते रहे। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रही। जाम इतना भीषण लगा कि नवीन पुल के डिवाइडर पर भी दोपहिया वाहनों की कतार लग गई। जाम में तमाम स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग फंसे रहे। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये। दोपहर बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद जाम सामान्य हो सका। वहीं देर शाम एक बार फिर पुल पर जाम की स्थिति बनी रही।

नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

'भाजपा सरकार से सभी वर्ग के लोग परेशान'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पूर्व सांसद व सपा प्रत्याशी ने ग्रामीणों से की मुलाकात

अमृत विचार। देश में भाजपा की सरकार के 10 वर्ष के शासन में किसान, मजदूर, छात्र-छात्राएं, व्यापारी, युवा सहित सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। कानून व्यवस्था इतनी लचर है कि लोगों पर हो रहे अत्याचार की कहीं सुनवाई नहीं होती। इसलिए समय आ गया है कि देश में समाजवादी सरकार बने। जिससे आमजन को न्याय मिल सके।

यह बात सपा की लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने फतेहपुर चौरासी ब्लाक क्षेत्र में लोगों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने क्षेत्र के हाफ़िज़ाबाद कुरौली, राजेपुर, कादियापुर, विजय खेड़ा, समसापुर, चिरंजू पुरवा, मन्नान नगर, दबौली, सरहा, हुसैनपुर, नरीगाढ़ा, बूचागाढ़ा, फतेहपुर चौरासी कस्बे के लोगों से बात की। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने भी बीजेपी सरकार पर हमला बोला। कहा कि अत्याचार व जन समस्याओं से मुक्ति के लिए अन्नू टंडन को जिताएं। इससे पूर्व सपाइयों ने सपा प्रत्याशी ने फूलमती माता मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान पूर्व विधायक बदलू खान, शशांक शुक्ला, संजीव त्रिवेदी, मुन्ना अल्वी, रामपाल कुशवाहा, रमेश रावत, गणेश शुक्ला, प्यारेलाल कश्यप, कमलेश यादव, रामनाथ निषाद, राम नारायण, रामसेवक लोधी, विजय द्विवेदी एडवोकेट, अनिल गौतम आदि मौजूद रहे।

लोगों से संवाद करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। अमृत विचार

आदर्श नगर में फंदे से लटका मिला सात दिन पुराना शव

दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को दी सूचना, फॉरेंसिक टीम भी पहुंची

मौत के बाद गमगीन खड़ीं बहनें। अमृत विचार

मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में किराये में रहने वाले एक युवक का कई दिन पुराना शव शनिवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को शंका हुई। तब पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। वहीं फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने साक्ष्य एकत्र किये हैं।

कृष्णा नगर निवासी सुनील प्रजापति का आदर्श नगर में दूसरा मकान है। जहां डेढ़ माह पहले बांदा जिले के भजौली निवासी बउवा कश्यप (40) पुत्र छिद्दू किराये का कमरा लेकर पत्नी पत्नी मालती बच्चे सूरज, राजा और सोनम के साथ रहता था। शराब का लती होने के कारण 15 दिन पहले पत्नी का उससे झगड़ा हो गया। जिस पर पत्नी उसे छोड़ कर चली गई। इधर उसने कई दिन पहले फांसी लगा ली। काफी दिनों से दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों को शंका हुई और कमरे के पास पहुंचे। जहां कमरे के बाहर दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़ा। जहां बउवा का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। यह देख आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। इंस्पेक्टर ने आलाधिकारियों को अवगत कराया। जिस पर फारेंसिक टीम ने भी मौके पर साक्ष्य एकत्र किये। जिसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और जांच कर शव को पीएम के लिये भेजा है। इस बावत इंस्पेक्टर ने बताया कि शव लगभग सात दिन पुराना लग रहा है। शव को पीएम के लिये भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण और समय पता चल सकेगा। वहीं सूचना पर मृतक की बहन अन्नो, पूनम, गुड्डी पहुंची। जहां भाई का शव देख सभी दहाड़े मारकर रोने लगी।

बउवा।

सार-संक्षेप

कार्यशाला के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यशाला में गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

शुक्लागंज उन्नाव। शनिवार को आजाद मार्ग पर भाजपा किसान मोर्चा की कार्यशाला का आयोजन हुआ। जहां पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उत्तर प्रदेश के शोध प्रमुख एवं जिले के प्रभारी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि किसान मोर्चा के द्वारा 12 फरवरी से 4 मार्च तक ग्राम परिक्रमा यात्रा निकाली जानी है। जहां गांव गांव जाकर ग्राम परिक्रमा यात्रा हर गांव में होनी है। कार्यकर्ता जन जागरण करते हुए और पीएम के द्वारा किए हुए कार्यों को बताते हुए 2024 के प्रचार प्रसार करने की बात कही। इसके साथ ही केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिवेदी, ज्ञानेन्द्र सिंह, सुरेश शुक्ला, मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, विनोद शर्मा, अंकित पांडे, पंकज पटेल, राजकुमार, मनीष निगम मौजूद रहे।

आज धूमधाम से मनेगा श्रीश्री ठाकुर अनुकुलचंद्र का जन्मोत्सव

शुक्लागंज उन्नाव। श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव नगर में पिछले कई सालों से धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी उनका 136वां जन्मोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें नगर समेत गैर जनपद और विभिन्न राज्यों से भारी संख्या से भक्त शामिल होंगे। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। यह जानकारी शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित भागीरथ लॉन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान आयोजक अरूण वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इसी गेस्ट हाउस में श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि छह बजे मांगलिक पाठ, उसके बाद प्रार्थना प्रार्थना, संगीतांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सत्संग आदि कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अशोक सविता, शैलेश मिश्रा, दिनेश शर्मा, अरुण दीक्षित रहे।

आदित्य त्रिपाठी दोबारा बने गंगाघाट मंडल अध्यक्ष

शुक्लागंज। भाजपा गंगाघाट मंडल अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने पर नगर के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष बनाने का नाम शीर्ष नेतृत्व को सौंपा गया था। भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने आदित्य त्रिपाठी को पुन: मंडल अध्यक्ष बनाया है। उनके दोबारा मंडल अध्यक्ष बनने पर केडी त्रिवेदी, दुर्गा तिवारी, अवनीश शुक्ला, अमरेंद्र गुप्ता, जयसिंह कुशवाहा, जैनेंद्र शुक्ला, सुरेश शुक्ला, विनय तिवारी, विकास मिश्रा, बिल्लू त्रिपाठी, विजय तिवारी, संजय तिवारी, शिवराम राजपूत, लव राजपूत आदि ने मुंह मीठा कराया।

पति समेत ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न

पाटन उन्नाव। ससुरालियों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने व देवर द्वारा अभद्रता करने पर पीड़िता ने पति सहित आठ लोगों को नामजद किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज अधिनियम व अभद्रता करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। बिहार थानाक्षेत्र के गांव सराय मंगली की प्रिया देवी पुत्री सुभाष ने पुलिस को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी शादी एक साल पूर्व थाना बारासगवर निवासी रमेश के बेटे भारत के साथ हुई थी। उसके पिता द्वारा दिये गए दहेज से ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद से वे दहेज में सोने की चेन व बाइक की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे आएदिन पीटते थे। बीते दिनों मारपीट कर घर से भगा दिया। तब से वह मायके में रह रही है।

महिला की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- गांव में छोटी बेटी के साथ रहती थी महिला
- पति और बेटा मुंबई में करते हैं नौकरी

अमृत विचार। बिहार थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला की अचानक हालत बिगड़ गई। लोग उसे लेकर जिला अस्पताल आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

बिहार थानांतर्गत साहबगंज गांव निवासी उमाशंकर लोधी अपने बेटे व बहू के साथ मुंबई में रहकर काम करता है। गांव में उसकी पत्नी सुशीला (48) छोटी बेटी आरती के साथ रहती थी। बताते हैं कि सुशीला पेट और फेफड़ों में पानी भरने की बीमारी से ग्रसित थी। शुक्रवार शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ी और उसे उल्टियां शुरू हो गईं। इसके बाद बेटी की सूचना पर रिश्तेदार उसे सीएचसी पुरवा, फिर जिला अस्पताल लेकर आए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेफड़ों में पानी तो मिला लेकिन उससे मौत होने की पुष्टि नहीं हुई। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। जो जांच के लिए भेजा जाएगा। मां की मौत की जानकारी पर विवाहित बेटी अंजली ने पिता व भाई अनिल को सूचना दी। मौत की जानकारी पर पति व बेटा बिलख उठे।

घर में घुसकर मारपीट की अश्लीलता, रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि नैकानी और शिवकुमार से उसका पुराना विवाद चला आ रहा है। दोनों उससे गाली गलौज कर रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर घर में घुस आये और मारपीट की। इसके साथ ही उसके कपड़े फाड़ दिये और अश्लीलता की। पुलिस ने दोनों आरोपी पर एफआईआर दर्ज की है।

एचटी पोल टूटने से गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- कई मोहल्लों में ट्रांसफार्मरों का हुआ मेंटीनेंस

अमृत विचार। शनिवार को अनुरक्षण माह के तहत बिजली कर्मियों ने नगर के कई मोहल्लों में ट्रांसफार्मरों की मेंटीनेंस का काम किया। इसके साथ ही चंपापुरवा मोहल्ले में एचटी पोल टूट गया। जिस कारण कई मोहल्लों की दोपहर से शाम तक बिजली गुल रही।

शनिवार को शक्ति नगर फीडर के रविदा नगर और रविदास पार्क में रखे ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य किया गया। इस दौरान सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक पूरे फीडर की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोग परेशान रहे। वहीं चंपापुरवा के मनसुख खेड़ा में एक एचटी पोल टूट गया। जिसकी जानकारी विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने नया पोल लगाने का काम किया। शाम करीब सात बजे के बाद पोल लग सका। जिसके बाद चंपापुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, तेजीपुरवा समेत आस पास क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति चालू हो सकी।

विश्व कैंसर दिवस | कोई विशेषज्ञों के सहारे तो तमाम योगा को आधार बनाकर संघर्ष किए

कैंसर से कई ने मानी हार तो कुछ ने लड़कर जीती जिंदगी

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

अमृत विचार। कैंसर का नाम सुनकर लोग हताश परेशान हो जाते हैं और डर कर अपना इलाज कराते हैं। इसके बावजूद वह कैंसर से नहीं लड़ पाते हैं। डरने के कारण अधिकांश कैंसर मरीजों को हृदयाघात के अलावा अन्य अटैक पड़ने से काल के गाल में समा जाते हैं। शुक्लागंज के कई ऐसे कैंसर पीड़ित थे, जिनकी कैंसर से मौत हो गई।

वहीं कई ऐसे योद्धा भी हैं, जो इस मरीज से चौबीस घंटे लड़ते रहे और कैंसर स्पेशलिस्टों से इसका इलाज कराकर नया जीवन पाया। वहीं कुछ ने योगा से इस लाइलाज बीमारी को मात देकर कैंसर पीड़ितों को जीने की नई राह दिखाने का काम कर रहे हैं। चंपापुरवा निवासी रिटायर्ड डिफेंस कर्मी व योग शिक्षक उमाशंकर यादव को कैंसर हुआ। जहां उन्होंने लड़ते ही इस बीमारी से जंग जीती। जिसके बाद 18 सालों से कैंसर मरीजों को सलाह देने के साथ ही उनका हौसला आफजाई करते हुये योग के माध्यम से इस बीमारी से लड़ने की प्रेरणा दे रहे हैं। इतना ही नगर के एक पत्रकार, स्वीट हाउस संचालक, कारोबारी भी इस बीमारी से जंग जीतने के बाद कैंसर पीड़ितों को समय पर इलाज कराने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। जिससे कई कैंसर मरीजों को नई जिंदगी मिली है।

डॉक्टर की सलाह

लोगों में फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर के अलावा अन्य कैंसर हो रहे हैं। भारत सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत दस हजार की आबादी में एक सीएचओ की तैनाती की है। कैंसर के लक्षण दिखने के अलावा शरीर में गांठ, वजन कम होना, माहवारी में समस्या या ऐसी कोई चीज जो ठीक न हो रही है तो सीएचओ से संपर्क करे। वहीं सरकार ने सर्वाइकल कैंसर के लिये अंतरिम बजट में सरकार ने तीन हजार रुपये वाले टीके को महिलाओं को मुफ्त में लगाया जायेगा। जल्द ही सरकार सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में इसे मुहैया करायेगी। 25 से 30 उम्र की महिला इस टीके को लगवाकर सर्वाइल कैंसर से बच सकती हैं।

–डा. आशुतोष वार्ष्णेय, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, अचलगंज सीएचसी

कैंसर पीड़ितों ने दी अपनी राय

कैंसर से हर कोई लड़ सकता हैं, यदि वह नियमित योग करे। कई कैंसर मरीजों को योगा करने की सलाह दी है। जिसमें अधिकांश मरीजों ने इस बीमारी को मात दी है। –नरोत्तम पांडेय

18 साल पहले मुंह में कैंसर हुआ था, उसके बाद पैरालाइसिस के अटैक भी पड़े। इसके बावजूद योगा कर सभी बीमारियों को मात दी। योगा से गंभीर बीमारियां जड़ से खत्म हो रही हैं। –उमाशंकर यादव।

लगभग 11 साल पहले जीभ में कैंसर हुआ था, जिसका समय पर इलाज कराया। अब पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और कैंसर के मरीजों को सलाह देने के साथ ही उन्हें प्रेरणा देकर निरोग रहने के बारे में जानकारी दे रहे हैं। –पंकज त्रिपाठी

मुंह में कैंसर होने के बाद ऐसा लगा कि सब खत्म हो गया लेकिन बीमारी से लड़कर जिंदगी जीती है। अब कैंसर के मरीजों को इलाज और स्वास्थ्य रहने के लिए उन्हें प्रेरित कर रहे है। उनकी प्रेरणा दूसरों के अब काम आ रही है। –मनोज त्रिवेदी

बालूघाट मोड़ से हटाया गया अतिक्रमण

अमृत विचार खबर का असर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- नवीन पुल और सरैयां जाम की एएसपी ने देखी हकीकत
- टेंपो स्टैंड को द्वारिका मोहिनी के पास शिफ्ट करने के निर्देश

अमृत विचार। नवीन पुल जाने वाला मार्ग संकरा होने के कारण पिछले छह दिनों से पीक ऑवर में भीषण जाम लगा रहा है। इस समस्या को आपके अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर को डीएम और एसपी ने संज्ञान में लिया। शनिवार को एएसपी नगर ने नवीन पुल और सरैयां क्रासिंग पर लगने वाले जाम की हकीकत देखी। इसके साथ ही बालूघाट मोड़ के पास से अतिक्रमण हटवाया।

शुक्लागंज से कानपुर जाने के लिये नवीन पुल एक मात्र रास्ता है। सुबह के समय वाहनों का अधिक भार बढ़ने से पिछले छह दिनों से भीषण जाम लग रहा है। जिससे स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो रहे हैं और जाम के कारण लोग अपनी ड्यूटी पर देरी से पहुंच रहे हैं। जिसे देखते हुये शनिवार को डीएम अपूर्वा दुबे और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर एएसपी अखिलेश सिंह गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां कोतवाल रामफल प्रजापति, बालूघाट चौकी प्रभारी एचएन शर्मा के साथ पुल पर लगने वाले जाम की हकीकत देखने पहुंचे। जहां पोनी रोड तिराहे पर आड़े तिरछे टेंपो और ई रिक्शा खड़े मिले। इसके साथ ही पुल के रास्ते पर अतिक्रमण देखने को मिला। उन्होंने टेंपो स्टैंड को द्वारिका मोहिनी के पास शिफ्ट करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कुछ अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान उन्होंने सख्त लहजे से कहा कि पुल के फुटपाथ पर सब्जी मंडी बिल्कुल नहीं लगेगी, इसके लिए पुलिस तैनात करने के लिये कोतवाली प्रभारी को निर्देश दिये। वहीं सरैयां क्रासिंग जाम की भी हकीकत देखी। जहां सड़क पर गड्ढे होने पर उसे भरवाने के निर्देश दिये।

नवीन पुल पर एएसपी को जानकारी देते क्षेत्रीय दरोगा। अमृत विचार

सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी. के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,

मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

समाज की मशाल

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया, "जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

हफीज किदवई
लेखक

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था में नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

किताब चोर मैं

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

रामभक्तिः विविधता में एकता के दर्शन

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

बोर्डिंग मैदान पर बने पंडाल में मौजूद महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने 43 कार्यों का किया लोकार्पण, 16 का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 351.47 करोड़ रुपये की कुल 59 योजनाओं-परियोजनाओं को दी हरी झंडी
- इत्र पार्क, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व पॉलिटेक्निक भवन का भी उदघाटन किया

अमृत विचार। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 43 योजनाओं व परियोजनाओं (कार्यों) के लोकार्पण के साथ ही 16 कार्यों का शिलान्यास भी किया। इन सभी 59 कार्यों की लागत 351.47 करोड़ रुपये है। इस दौरान सीएम ने इत्र पार्क, विधि विज्ञान प्रयोगशाला व पॉलिटेक्निक भवन का भी उदघाटन भी किया।

शनिवार को मुख्यमंत्री ने मंच से ही बटन दबाकर उन सभी कार्यों के शिलापटों से पर्दा हटाया जो लोकार्पण व शिलान्यास की सूची में शामिल हैं। उन्होंने 10 करोड़ रुपये से अधिक वाले छह कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन सभी की लागत 200.74 करोड़ रुपये है। 50 लाख से 10 करोड़ रुपये की लागत वाले 37 कार्यों का भी लोकार्पण हुआ।

इन कार्यों की कुल लागत 86.76 करोड़ रुपये बताई गई है। 10 करोड़ रुपये से अधिक के एक कार्य का शिलान्यास भी किया गया। इसका कार्य 39.65 करोड़ रुपये से कार्य पूरा होगा। 50 लाख से 10 करोड़ के 15 कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। इनकी लागत 24.32 करोड़ रुपये है।

शिलान्यास व लोकार्पण के बोर्डिंग ग्राउंड पर रखे शिलापट। अमृत विचार

सूची में शामिल इनका हुआ लोकार्पण

- तालग्राम के निकट बनी विधि विज्ञान प्रयोगशाला श्रेणी ए।
- छिबरामऊ के तालग्राम देहात में राजकीय पॉलिटेक्निक भवन।
- जीटी रोड के किमी 348 जसौली वाया महचंदापुर से वीपी मार्ग के किमी 238 तक चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण।
- तिर्वा-खैरनगर-औसेर-हमीरपुर मार्ग के किमी शून्य से 10 तक चौड़ीकरण।
- छिबरामऊ तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाले विशुनगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण।
- ढठिया के निकट 48.54 एकड़ जमीन में बना इत्र पार्क फेज-1
- टी-4 हसेरन से बेला मार्ग।
- खरगपुर से खड़िनी तक सड़क।
- बेहरापुर-गैसापुर, हमीरपुर, पट्टी-बीबीपुर, मियांगंज, जाफराबाद, खांडेदेवर, असालताबाद, नगला-दनुआ, ताहपुर व गदौरा में पेयजल परियोजना।

इन प्रमुख परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

- नगर पंचायत समधन पेयजल पुनर्गठन परियोजना।
- ढठिया रजबहा के किमी शून्य से किमी 20.203 तक पुर्नस्थापना एवं नहरी भूमि की सीमांकन कार्य परियोजना।
- उमगरा से बारापुल, सुल्तानपुर से बंसरामऊ, हरौली से मन्नापुर्वा, पांडेयपुर्वा से मूसरि, अगौस से सहियापुर, सूरजपुर से परसरामऊ, एरूहो से बैरगरा, बसवारी से इब्राहीमपुर नगरीय, ककरैया मार्ग से नगला हसे, नगला विशुना से मिश्राबाद, बेहटा खास खानपुर कसावा, महमूद खास नादनपुर की पुलिया से शंकरपुर लोकपुर कसावा से पलिया बूचपुर एवं तालग्राम में इंदुयागंज से मीरपुर संपर्क मार्ग।

तुष्टिकरण नहीं, राष्ट्रवाद की भावना से होगा विकास

सीएम बोले, डबल स्पीड से दौड़ रही डबल इंजन की सरकार, सबको मिला अधिकार, केंद्र व प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को गिनाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड से दौड़ रही है। यहां तुष्टिकरण नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद की भावना से विकास किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी में जहां परिवारवाद हावी रहता था, वहीं भाजपा सरकार में राष्ट्रवाद और सबका साथ-सबका विकास के सिद्धांत कर काम किया जा रहा है। समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिला है और सबको समान अधिकार दिया गया है।

शनिवार को शहर के केके इंटर कॉलेज बोर्डिंग मैदान पर कनौजी माटी वंश समागम एवं मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि अच्छे जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं तो इसके परिणाम अच्छे होते हैं और नई योजनाएं बनतीं हैं। सांसद और विधायक जिन प्रस्तावों को लाते हैं, उन्हीं को सरकार धरातल पर साकार करती हैं। समाजवादी पार्टी में चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था। भाजपा सरकार में दिव्यांगों को सम्मान मिला है। दिव्यांगों ने अपने दिव्य ज्ञान से समाज को आलोकित किया है। जैसे कि चित्रकूट में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, जिनके भौतिक चक्षु नहीं हैं, लेकिन दिव्य चक्षुओं से पूरे राष्ट्र को एक नहीं दिशा दी है। यदि किसी जरूरतमंद को योजना का लाभ मिल जाता है तो इससे पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि महापुरुष प्रेरणा के पुंज होते हैं। सांसद सुब्रत पाठक ने दायित्व का निर्वहन किया है, क्योंकि पुरुषार्थ से ही रास्ता मिलता है। यहां के लोगों के लिए वह जेल तक गए थे। कन्नौज में स्टेडियम की मांग पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर जनपद में एक स्टेडियम बनेगा और हर गांव में खेल का मैदान होगा। कन्नौज में भी यह व्यवस्था लागू होगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम जल्द शुरू होंगे। अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है।

प्रत्येक जनपद में अटल आवासीय विद्यालय बनेंगे और पीएम श्री योजना में चयनित विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। मकान, शौचालय, राशन तथा आयुष्मान भव योजना का लाभ सभी पात्रों को मिलेगा।

बोर्डिंग मैदान पर बने मंच पर अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण व सांसद सुब्रत पाठक सहित अन्य नेता।

भीड़ ने गिराई बेरीकेडिंग, उलट दीं कुर्सियां

कन्नौज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा जैसे ही समाप्त हुई तो एक साथ लोग निकलने लगे। भीड़ अधिक होने से जब लोगों को निकलने की जगह नहीं मिली तो युवाओं ने बेरीकेडिंग गिरा दी और उसी के ऊपर से बाहर निकलने लगे। यही नहीं कुर्सियों का हाल भी खराब कर दिया। जगह-जगह लोगों को बैठने के लिये डाली गई कुर्सियां उलट-पलट दी, इससे कुछ कुर्सियां टूट गईं। गैलरी की बेरीकेडिंग से लोग निकलते रहे पर पुलिस ने किसी को भी नहीं रोका। पुलिस भी उसी गिरी बेरीकेडिंग से होकर सभा स्थल से बाहर निकलती रही। इस की मुख्य वजह जनता के साथ ही पुलिस को भी ड्यूटी समाप्त होने के बाद बाहर से आई पुलिस को अपने गंतव्य को पहुंचना था। इसीलिये वह भी चलती बनी। इसी का नतीजा रही कि बेरीकेडिंग गिराने के साथ ही कुर्सियां उलटी-पलटी गईं थीं।

बसपा के कमलेश दिवाकर भाजपा में शामिल

कन्नौज। कानपुर नगर की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इससे सपा को भी झटका लगा है। वहीं, उमर्दा से ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा बसपा से, छिबरामऊ के पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे व तिर्वा से पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता की घर वापसी की गई। इन लोगों को पार्टी विरोधी प्रचार करने पर निष्कासित कर दिया गया था। जनसभा को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक, विधायक अर्चना पांडेय सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान महिलाएं मोबाइल से वीडियो बनातीं रहीं।

रामलला के दर्शन को उठवाये हाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शनों के लिए जिले के लोगों से आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित जनता से हाथ उठवाए कि कौन-कौन रामलला के दर्शन करना चाहता है! इस पर सभी ने हाथ उठाकर जय श्रीराम का जयकारा लगाया और अयोध्या जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक बार रामलला के दर्शन करने अवश्य जाएं, सरकार उनके स्वागत के लिए तैयार है।

इत्र कारोबारियों को भी किया खुश

मुख्यमंत्री ने कन्नौज के इत्र उद्योग को लेकर इत्र कारोबारियों को भी खुश कर दिया। उन्होंने बताया कि इत्र व्यापारियों के साथ सरकार खड़ी है। जिले में इत्र पार्क ही नहीं, बल्कि यहां के इत्र व्यापार को वैश्विक मंच दिया जाएगा। इससे इत्र की सुगंध पूरी दुनिया में फैलेगी। एक जिला-एक उत्पाद योजना के अंतर्गत इत्र व्यापार को नई पहचान दिलाई जाएगी। इसके अलावा जिले के सभी उद्योग-धंधों को एक नई गति मिलेगी।

बाबा साहब को लेकर सपा पर रहे हमलावर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब को लेकर सपा पर हमलावर रहे। सपा को परिवारवादी बताते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। सपा ने हमेशा बाबा साहब और राममंदिर का विरोध किया था। अब राजकीय मेडिकल कॉलेज का नाम फिर डॉ. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कॉलेज होगा और यहां चिकित्सा व शिक्षा से संबंधित सभी अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण सुनते भाजपा कार्यकर्ता व आम जनता। अमृत विचार

जीएसटी टीम का तंबाकू व्यापारी के गोदाम और प्रतिष्ठान पर छापा

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। इटावा व फर्रुखाबाद की जीएसटी टीम ने तंबाकू व्यापारी के प्रतिष्ठान व गोदाम पर छापा मारा। टीम ने दोनों स्थानों पर सघन जांच-पड़ताल की।

इटावा के ज्वाइंट कमिश्नर ने फर्रुखाबाद की जीएसटी विभाग की टीम के साथ करीब आधा दर्जन से अधिक वाहनों के साथ नगर के तंबाकू व्यवसाई शंभूदयाल कौशल के शिवाला व मंडी समिति के सामने गोदाम पर छापा मारा। वही शिवाला रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान पर भी जांच पड़ताल की। टीम के आने की खबर पर हडकंप मच गया। छापे की जानकारी पर तंबाकू गोदाम बंद हो गई। व्यापारी एक दूसरे से टीम के आने की जानकारी लेते रहे। टीम ने व्यापारी की गोदाम व प्रतिष्ठान में अभिलेखीय जांच के साथ ही स्टाक का सत्यापन किया। दिनभर जीएसटी विभाग की टीम जांच करती रही है। समाचार लिखे जाने तक जांच नतीजा सामने आया था।

हाईवे पर पलटी लग्जरी बस, आठ यात्री घायल

संवाददाता, पुखरायां कानपुर देहात

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र मांवर के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव के समीप झांसी से लखनऊ जा रही शताब्दी बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को देवीपुर पीएचसी और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बस को हाईवे से हटा यातायात शुरू कराया।

झांसी से लखनऊ जा रही शताब्दी बस भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मांवर गांव के पास पहुंची, तभी अचानक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। लोगों ने हादसे की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। हादसे में फतेहपुर जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के गढ़रियनपुरवा निवासी शिवकुमार, फतेहपुर जिले के ही बिंदकी क्षेत्र के जरौली निवासी मानसिंह, अमेठी के फुर्सतगंज निवासी फूलचन्द्र, आजमगढ़ के जीयनपुर निवासी अजीजुर रहमान, कानपुर नगर के परेड निवासी प्रीति गुप्ता पत्नी अजय गुप्ता, पुखरायां कस्बा के विवेकानंद नगर निवासी रामबहादुर, महाराजपुर थाना के तिलहर निवासी सोनू घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए देवीपुर पीएचसी में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने सोनू, अजीजुर्रहमान, मानसिंह, रामबहादुर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हाईवे से हटवाकर यातायात शुरू करवाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस में अधिक सामान के कार्टून लदे थे। बस बहुत तेज रफ्तार में थी। वजन अधिक होने के चलते बस बेकाबू होकर पलट गई।

हाईवे पर पलटी पड़ी बस। अमृत विचार

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बरझाला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल हो गए। एक सवार को लोहिया अस्पताल में मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के गांव ज्योनी निवासी रवि कश्यप नगर के रेलवे रोड स्थित एक बेकरी पर कार्य करता है। शनिवार को वह मुड़ौल निवासी अपने बहनोई नरेश की बाइक लेकर जनपद एटा के कोतवाली अलीगंज क्षेत्र के गांव बसोला निवासी साथी उपदेश व एक अन्य साथी के साथ जा रहा था। जब बाइक पर तीनो साथी कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बरझाला के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें तीनो गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी पर सीओ सतेंद्र सिंह इंस्पेक्टर रामअवतार, कस्बा चैकी प्रभारी विद्या सागर तिवारी, कुआखेड़ा चैकी प्रभारी विश्वनाथ आर्य, एसआई सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। जहां टैंपो से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर रवि के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। एक को डाक्टर ने लोहिया अस्पताल में रेफर कर दिया। रवि तथा एक अन्य युवक का उपचार जारी है।

तड़पते रहे घायल, एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

कायमगंज : बरझाला में अज्ञात वाहन की टक्कर में गंभीर घायल को डाक्टर ने उच्चचिकित्सा के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस के लिए 108 पर काल की गई लेकिन एक घंटे के बाद एंबुलेंस आ सकी। एंबुलेंस न आने पर घायलतड़पते रहे। उसके बाद पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस तक पहुंचाया। तब जाकर एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा जा सका।

सीएचसी में घायलों का किया जा रहा इलाज। अमृत विचार

दावे बड़े-बड़े | नियंत्रण कक्ष में चल रही पुताई हकीकत बयां करने के लिए काफी, विभागीय दावे में सब ठीकठाक बताया गया

इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा के नाम पर खिलवाड़, कंट्रोल रूम बंद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं में खिलवाड़ किया जा रहा है। मनमाने तरीके से परीक्षा केंद्रों पर प्रैक्टिकल हो रहे हैं। शनिवार को डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम बंद था। कंप्यूटर भी बंद पड़े थे। प्रैक्टिकल के नाम पर केंद्रों पर खानापूर्ति हो रही है। हालांकि विभागीय अधिकारी कंट्रोल रूम ठीक होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन वहां चल रही पुताई हकीकत बयां करने के लिए काफी है।

शासन के आदेश हैं कि यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो। इसकी देखरेख जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में भी की जाए। प्रयोगात्मक परीक्षा जनपद के 165 माध्यमिक विद्यालयों में होनी है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, जिसका प्रभारी रामलखन पाल को बनाया गया। इसके साथ ही साथ ही ब्लाकवार सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। दो से शुरू प्रायोगिक परीक्षा नौ फरवरी तक सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होनी है। पहले दिन तो मात्र 14 केंद्रों पर परीक्षा हुई, लेकिन दूसरे दिन शनिवार को अधिकतर केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा हुई। प्रधानाचार्यों ने मीडिया को प्रयोगात्मक परीक्षा कक्ष तक जाने की इजाजत नहीं दी। इसके पीछे हवाला उच्चाधिकारियों के आदेश का दिया गया। वहीं डीआईओएस कार्यालय में बना कंट्रोल रूम पूरी तरह निष्क्रय था। सभी कंप्यूटर अस्त-व्यस्त रखे थे और कंट्रोल रूम की पुताई हो रही थी। इसलिए एक कर्मचारी मौजूद था। सूत्रों ने बताया कि निगरानी के लिए बनाए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निरीक्षण के नाम पर खानापूरी कर रहे थे। यह लोग पास के ही सड़क किनारे बने केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर कर्तव्यों व दायित्वों की इतिश्री कर लेते हैं। बीईओ बढ़पुर सुरेशचंद्र पाल ने बताया कि शनिवार को उन्होंने माता चंद्रावती इंटर कॉलेज व महावीर इंटर कॉलेज नगला खैरबंद का निरीक्षण किया। दोनों जगह परीक्षक थे और प्रैक्टिकल सुचारु रूप से हो रहा था। निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम चालू है। फीडबैक भी परीक्षा केंद्रों से लिया जा रहा है। पुताई चल रही है तो कुछ देर के लिए कंप्यूटर हटाए गए होंगे।

बंद पड़े सिस्टम। अमृत विचार

02 फरवरी से शुरू हुआ बोर्ड प्रैक्टिकल

14 केंद्रों में पहले दिन हुई प्रयोगात्मक परीक्षा

165 केंद्रों में आयोजित होनी है यह परीक्षा

- सड़क किनारे के केंद्रों में जा रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट
- अंदर का घालमेल अंदर जाने वाले ही जान सकते

महिला जज के अंतिम शब्द...आई एम हेल्पलेस एंड अलोन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: सिविल जज ज्योत्सना राय ने अपने सुसाइड नोट में आखिरी शब्द लिखे हैं कि 'आईएम हेल्पलेस एंड अलोन'। इन शब्दों से माना जा रहा है कि वह खुद को अकेला मानते हुए ज्यादा तनाव में थीं। सुसाइड नोट में उन्होंने अयोध्या के सरयू नदी किनारे अंतिम संस्कार करने की अंतिम इच्छा जाहिर की है। इसके साथ ही अपने पाले हुए दो खरगोश की भी सेवा करने की बात लिखी है। एक पेज के सुसाइड नोट में तमाम बातें लिखी हैं लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरा मामला गोपनीय रखा है। इधर, हंसमुख रहने वाली महिला जज का शव फंदे पर लटका मिलने की बात पर किसी को यकीन नहीं हो रहा है। शाम को काली पॉलीथिन में जब पुलिस कर्मी उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जा रहे थे तब सभी की आंख नम थीं। जजी कालोनी में आवासों में रहने वाले न्यायिक अधिकारियों को

सुसाइड नोट में लिखी अंतिम इच्छा-अयोध्या के सरयू नदी पर करें अंतिम संस्कार

अपने पाले हुए दो खरगोशों की भी सेवा करने के लिए सुसाइड नोट में लिखा है

महिला जज की मौत की सूचना पर उनके आवास पर अधिवक्ताओं की भीड़।

भी लग रहा है कि क्या पता था कि ज्योत्सना राय दो चेहरे लेकर जी रही थीं। वहीं बेटी की मौत पर महिला जज के माता-पिता बेसुध हैं। बेटी के गम में वह किसी से बात नहीं कर रहे हैं। रविवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय बेहद हंसमुख थीं। सभी से मधुर व्यवहार रखती थीं। दिन में कोर्ट में सुनवाई के बाद शाम को न्यायिक अधिकारियों के परिजनों के पास बैठती थीं। घर के बातें शेयर करती थीं। अपने काम के लिए हमेशा समर्पित रहती थीं। शुक्रवार शाम भी उन्होंने पास के आवास में रहने वाले न्यायिक अधिकारी की पत्नी से आधे घंटे तक बात की थी लेकिन किसी को क्या पता था कि हंसमुख चेहरे के पीछे तनावग्रस्त चेहरा भी छिपा है। वह इतनी परेशान थीं कि अपना जीवन खोने का निर्णय ले लिया।

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार महिला जज का कमरा पूरी तरह से बंद था। उसमें कोई भी भीतर नहीं आ और न जा सकता था। आवास का मुख्य दरवाजा भी भीतर से बंद था।

महिला जज की मौत पर जिला बार और जिला सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने शोक सभा की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में मथुरा प्रसाद मेमोरियल हॉल में शोक सभा हुई। शोकसभा का संचालन महासचिव अधिवक्ता संदीप कुमार मिश्रा ने किया। जिला सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखा। एसोसिएशन के सचिव अधिवक्ता अरविंद पाराशरी ने ज्योत्सना राय को अच्छी अधिकारी बताया।

सोशल साइट पर जताया दुख

महिला जज की मौत की खबर सुनते ही न्यायिक अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे। वहीं सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं का हुजूम आवास के बाहर जमा हो गया। यही चर्चा रही कि ऐसा कैसे हो सकता है। किसी ने मौके पर पहुंचकर तो किसी ने सोशल साइट पर महिला जज को खोने पर दुख जताया।

समय से जातीं थीं कोर्ट

अधिवक्ताओं के अनुसार ज्योत्सना राय रोज समय से कोर्ट जाती थीं। निर्धारित समय के बाद ही आवास पर वापस आती थीं। शुक्रवार को वह शाम 5 .30 बजे आवास पर आई थीं।

अयोध्या के बाद बदायूं मिली थी दूसरी तैनाती

उनका जन्म 5 जुलाई 1995 को हुआ था। उन्होंने 2010 में हाईस्कूल, 2012 में इंटरमीडिएट, 2017 में एलएलबी ऑनर्स प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। जिसके बाद उन्होंने पीसीएस-जे की परीक्षा पास की। उनकी पहली तैनाती 15 नवंबर 2019 में जिला अयोध्या में एडिशनल सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर हुई थी। जो 12 अप्रैल 2021 तक रहीं। इसके बाद वह 13 अप्रैल 2021 से 4 जुलाई 2022 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। 5 जुलाई 2022 से 28 अप्रैल 2023 तक अयोध्या में ही एडिशनल सिविल जज बनीं। इसके बाद वह स्थानांतरित होकर बदायूं आईं। वह 29 अप्रैल 2023 से 30 अगस्त 2023 तक एडिशन सिविल जज, जूनियर डिवीजन पद पर रहीं। जिसके बाद 18 नवंबर 2023 तक जूडिशियल मजिस्ट्रेट रहीं। वर्तमान में वह जूनियर डिवीजन की सिविल जज थीं।

बेटी का शव देखकर बेहोश हो गई मां

सूचना मिलने पर महिला जज के माता-पिता और अन्य परिजन आवास पर पहुंचे। गाड़ी में बैठे रास्ते भर रोते रहे। बेटी का शव देखा तो उनकी मां बेहोश हो गईं और बेसुध होकर गिर गईं। सभी की आंखें नम थीं। इतनी विनम्र स्वभाव की महिला जज हमारे बीच नहीं रहीं। मां कमरे में ही बेसुध बैठी रहीं।

छात्रा ने असिटेंट प्रोफेसर पर लगाया यौन शोषण का आरोप

संवाददाता,प्रयागराज

- छात्रा को जान से मारने की मिली धमकी, डरी-सहमी छात्रा व परिवार

अमृत विचार: इलाहाबाद विश्वविद्यालय(इविवि) में छात्रों और चीफ प्रॉक्टर का विवाद अभी थमा नहीं और शनिवार को एक नया मामला सामने आ गया। इविवि में शनिवार को प्राचीन इतिहास विभाग के एक असिटेंट प्रोफेसर पर बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। डरी और सहमी छात्रा ने असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग में पढ़ने वाली बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सागर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। छात्रा ने तहरीर में लिखा है कि प्रोफेसर अजय कुमार ने उसे द्वितीय वर्ष के समय ही प्रेम प्रस्ताव दिया था। जिसके बाद उस प्रस्ताव को इंकार करने पर फोन कर परेशान करना शुरु कर दिया था। अजय कुमार ने खुद को कैंसर का मरीज बताकर इमोशनल ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया था। मुझे बुलाकर मेरे साथ जबरियन शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। छात्रा ने शनिवार को इस मामले में थाना कर्नलगंज में लिखित शिकायत कर असिटेंट प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गिरने लगे अरहर दाल के भाव

गृहणियों की रसोई का बजट बिगाड़ रही अरहर दाल 23 से 30 रुपये किलो गिरी

नीरज मिश्र, लखनऊ

- नई फसल बाजार में पहुंचना शुरू, अरहर के रेट में आई बड़ी गिरावट
- कर्नाटक के बाद अगले माह महाराष्ट्र, फिर मध्य प्रदेश और यूपी की फसल बाजार में

अमृत विचार। नई फसल की आवक के साथ ही आसमान पर चढ़ी अरहर का भाव धीरे-धीरे जमीन पर आना शुरू हो गया है। अरहर दाल की कीमतों पर इसका असर साफ दिखने लगा है। करीब तीन माह पहले फुटकर मंडी में 175 रुपये और थोक मंडी में 163 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा छू चुकी इस प्रोटीन की कीमत में अब थोक में तकरीबन 23 रुपये और फुटकर में 30 रुपये किलो की कमी आई है। व्यापारी मान रहे हैं कि अलग-अलग स्टेट की फसलों का निकलना शुरू हो गया है। अप्रैल तक बाजार में लगातार नई फसल की आमद रहेगी। कर्नाटक की अरहर बाजार में दस्तक दे चुकी है।

लंबे समय से अरहर दाल की कीमतों में उछाल बना हुआ था। करीब 163 रुपये प्रति किलो की बिक्री थोक मंडी से हुई। लेकिन नई फसल आने से बीते कुछ दिनों में रिकार्ड बना रही दाल का भाव घटना शुरू हो गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उप्र. उद्योग व्यापार मंडल राजेंद्र अग्रवालने बताया कि मौजूदा वक्त में 140 रुपये के इर्द-गिर्द दाल के रेट आ गए हैं। यानी करीब 23 रुपये किलो का थोक बाजार में अंतर आया है। आगे भी अन्य राज्यों की फसलें भी आने वाली हैं। ऐसे में दाल का भाव चढ़ने के आसार काफी हद तक कम ही हैं।

फुटकर मार्केट-अक्टूबर माह (रुपये प्रति किलो)

- अरहर दाल पुखराज ब्रांड-175 -145
- सूरजमुखी-164-142
- डायमंड-135 -118
- माधुरी-120 -110
- हरी उड़द दाल- 135 -120
- काली उड़द दाल-96 -110
- चना दाल-85 -70

> अरहर दाल फुटकर बाजार में 175 से घटकर 145 रुपये के आसपास आ गई है। फुटकर बाजार में 30 रुपये किलो का अंतर आया है। यही अंतर छोला चना के भाव में भी हुआ है। चावल की कीमत में भी दस रुपये किलो की कमी आई है।
>
> -रचित सिंघल, फुटकर व्यापारी सिटी स्टेशन रकाबगंज

कर्नाटक की फसल बाजार में आने लगी है। करीब महीनेभर तक यह फसल अरहर के भाव पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगी। इसके तत्काल बाद महाराष्ट्र, फिर मध्य प्रदेश और अप्रैल तक उत्तर प्रदेश की नई फसल बाजार को भर देगी। इससे भाव नीचे ही रहने की उम्मीद है। पिछली बार असमय हुई बरसात से फसल चौपट हो गई थी। इससे दाल काफी महंगी रही। म्यामांर, रंगून से भी अरहर के इंपोर्ट में बाधा बनी रही।

-भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष लखनऊ दाल मिलर्स एसोसिएशन

सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को 20 साल कैद

प्रतापगढ़ : अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दोषी पाते हुए थाना अंतू के श्याम पुजारी व दौलत को 20--20 वर्ष की कारावास और 20-20 हजार रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया।

वादिनी ने कोर्ट को बताया कि 8 अप्रैल 2016 को मेरी लड़की को पुजारी अपने हाते में घसीट कर ले गया और वहां पर मौजूद गांव के दौलत के साथ मिलकर दोनों लोगों ने उसकी लड़की के साथ बलात्कार किया। लड़की ने उसे अपनी आप बीती बताई। तब मुकदमा दर्ज कराया गया। पीड़िता ने कोर्ट में उपस्थित होकर बताया कि घटना के दिन वह बाहर नल पर पानी लेने गई थी, उसके घर के बगल पुजारी ने उसे बुलाया, वहां पर दौलत भी था दोनों ने उसके साथ गलत काम किया। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप कुमार पांडेय ने न्यायालय में राज्य की ओर से पैरवी की।

डिबाई की पूर्व विधायक ने डीजीपी से की बात, पुलिस पर पक्षपात का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाजपा नेताओं में हुए विवाद में फायरिंग के आरोप में पूर्व विधायक पर दर्ज हुई है रिपोर्ट
- पूर्व विधायक की तहरीर पर अभी दूसरे पक्ष पर फायरिंग की दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

अमृत विचार : कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच हुए विवाद में एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाने के मामले में पूर्व विधायक अनीता लोधी के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है लेकिन इनकी तहरीर पर पुलिस ने भाजपा के ही दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस वजह से मामला तूल पकड़ रहा है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराने के बाद शनिवार को दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए डीजीपी से फोन पर बात की। उन्होंने कासगंज पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मनमानी करने की शिकायत की है। डीजीपी ने उन्हें न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया है।

पूर्व विधायक का कहना है कि इस मामले में मुख्यमंत्री से मिलकर कार्रवाई कराएंगी। आरोप है कि उन्होंने अखिलेश प्रताप से पहले पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी, लेकिन उनकी तहरीर पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इसको लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। शनिवार को उन्होंने डीजीपी से फोन पर बात की और उन्हें पूरे घटनाक्रम बताया। कासगंज पुलिस पर मनमानी का आरोप भी लगाया। दरअसल, डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी बीते गुरुवार को कासगंज के अमापुर चांडी रोड स्थित रवि गेस्ट हाउस में बैठक करने आई थीं। आरोप है कि यहां उनके काफिले पर भाजपा के ही कुछ लोगों ने फायरिंग की, जिससे वह बच गईं। उधर, सांसद के समर्थक अखिलेश प्रताप सिंह का आरोप है कि वह गेस्ट हाउस में पार्टी का कार्यक्रम देखकर रुके थे। तभी डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी ने समर्थकों के साथ हमला कर दिया। इस मामले में अखिलेश प्रताप की ओर से की पूर्व विधायक अनीता लोधी व तीन साथियों के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुझे न्याय चाहिए

पूर्व विधायक अनीता लोधी ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर एटा लोकसभा क्षेत्र से तैयारी कर रही हूं। पुलिस ने मेरे पक्ष को नहीं सुना। इस मामले की मैंने डीजीपी से शिकायत की है। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया है। हर हाल में मुझे न्याय चाहिए।

अनियंत्रित डायबिटीज से अन्य बीमारियां होने का खतरा : ब्रजेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी गंभीर बीमारी है। यह तेजी से बढ़ रही है। अनियंत्रित डायबिटीज से कई तरह की दूसरी गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। सतर्क रहकर जीवनशैली में सुधारकर डायबिटीज के खतरों से खुद को बचा सकते हैं। यह बातें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

वह अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया (आरएसएसडीआई) की कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डायबिटीज पर काबू पाने के जीवनशैली सुधारे। नियमित कसरत करें। संतुलित भोजन लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डायबिटीज मरीजों की जांच और इलाज की सुविधा है। कान्फ्रेंस में जो भी सिफारिशें आएंगी, सरकार उस पर अमल करेगी। नीति निर्धारण व बदलाव करेगी। इसका सीधा फायदा डायबिटीज मरीजों को मिलेगा। कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुधारा जा रहा है। प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

सेमिनार का दीप जलाकर शुभारम्भ करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

डायबिटीज मरीजों की आंख पर खतरा

डॉ. पूजा कनोडिया ने बताया कि बेकाबू डायबिटीज से आंखों की रोशनी तक जा सकती है। चिकित्सा विज्ञान में इसे डायबिटिक रेटिनोपैथी कहते हैं। इसमें आंखों को खून पहुंचाने वाली नसों में दिक्कत आ जाती है। नतीजतन मरीज की नजर कमजोर हो जाती है। इससे बचने के लिए डायबिटीज मरीज समय-समय पर आंखों की जांच कराएं।

40 शिकायतों की सुनवाई करेगा यूपी रेरा

लखनऊ : गौतम बुद्ध नगर तथा गाजियाबाद में प्रोमोटर्स से जुड़ी 40 शिकायतों का यूपी रेरा अगले महीने विभिन्न तिथियों में ऑनलाइन सुनवाई करेगा। रेरा ने प्रोमोटर्स को अपना पक्ष रखने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी कर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। रेरा की विभिन्न पीठों की सुनवाई में कई तिथियों में अनुपस्थित रहने वाले पक्षकारों को अंतिम मौका दिया है। ई-कोर्ट के माध्यम से सुनवाई में जुड़ने के लिए पक्षकारों को निर्धारित सुनवाई तिथि से दो दिन पहले रेरा रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी पर लिंक भेज देगा।

40 में से 13 शिकायतें एसजेपी ग्लोबल लिमिटेड, चार सारे सामग रियल्टी प्रालि., अर्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और वर्धमान एस्टेड एण्ड डेवलपर्स की तीन-तीन शिकायतें, पैरी डेवलपर्स प्रालि. तथा अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन प्रालि. की दो-दो शिकायतें हैं।

सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय से ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जालसाज ने कंपनी का मैनेजर बन किस्तों के रूप में जमा कराये रुपये
- जमा रसीद नहीं मिलने पर कंपनी आफिस पहुंचने पर ठगी का पता चला

अमृत विचार: पूर्व मंत्री और रायबरेली के ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज पांडेय के संग 39.35 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी का मैनेजर बन विधायक को झांसे में लिया। जमा किये गये रुपयों की रसीद नहीं मिलने पर विधायक कम्पनी के ऑफिस पहुंचे तो पता चला कि कोई भी किस्त भी नहीं जमा हुई है। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर कैंट पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री व रायबरेली की ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि दिलकुशा कालोनी स्थित उनके आवास पर जनवरी 2019 में एक शख्स मुलाकात करने आया था। खुद का परिचय पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लखनऊ के प्रबंधक रमाकांत पांडेय के रूप में दिया था। उसने कम्पनी के नये प्लान में 10 लाख सालाना किस्त जमा करने पर चार साल बाद 39.20 लाख और 5,37,554 रुपये बोनस मिलने की बात कही। यह भी कहा कि चार साल बाद रुपये निकालेंगे तो बोनस के साथ 63,23,980 रुपये मिलेंगे।

विधायक ने फरवरी 2019 का दस लाख का चेक रमाकांत को सौंप दिया। कथित प्रबंधक ने उनकी बात सीए से कराई। सीए ने कहा कि प्लान मेल कर दीजिए, मैं विधायक को समझा दूंगा। कुछ दिन बाद मेल पर बॉन्ड भेजा गया। तो बांड और प्लान का मिलान करने पर योजनाओं में अंतर मिला। विधायक ने प्रबंधक को काल कर बुला दोनों योजनाओं का अंतर बताया। तब प्रबंधक ने योजना का लाभ मिलने की लिखित गारंटी दी। विधायक ने तीन साल तक किस्त के रूप में 29,35,409 रुपये जमा किये। इसके बाद प्रबंधक ने विधानसभा सचिवालय में मुख्य सचेतक के कमरे पहुंच विधायक का मेडिकल कराया चौथी किस्त ली। जिसकी रसीद बाद में देने को कहा। विधायक जनवरी में पीएनबी मेटलाइफ के ऑफिस पहुंचे। जहां कोई भी किस्त जमा होने का रिकॉर्ड नहीं मिला। 39.35 लाख की ठगी का पता चलने पर विधायक ने पुलिस आयुक्त से शिकायत दर्ज कराई थी। कैंट पुलिस ने रमाकांत पांडेय पर धोखाधड़ी और अमानत में ख्यानत की रिपोर्ट दर्ज की है।

ओबरा की दूसरी इकाई से बिजली उत्पादन जल्द

लखनऊ। ओबरा सी की 660 मेगावाट की निर्माणाधीन दूसरी इकाई से भी जल्द उत्पादन शुरू होगा। उत्पादन निगम के अधिकारी इसकी कवायद में जुटे हैं।

इस परियोजना की पहली इकाई से बीते दिन कामर्शियल उत्पादन शुरू हो गया। इससे प्रदेश को 660 मेगावॉट की अतिरिक्त बिजली मिलेगी। इससे प्रदेश की बिजली उत्पादन की क्षमता 7140 मेगावाट हो गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि जवाहरपुर और घाटमपुर परियोजना की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई से अप्रैल तक बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्रदेश में बेहतर बिजली आपूर्ति व इसकी गुणवत्ता बनाये रखने के लिए संरचनागत ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जल्द ही प्रदेश में बिजली की किल्लत खत्म होगी। उन्होंने बताया कि ओबरा सी की दूसरी इकाई से जून तक बिजली का उत्पादन शुरू होगा।

मौसम बारिश के साथ तेज हवाओं के चलने से एक बार फिर लुढ़क सकता है अधिकतम व न्यूनतम तापमान

तीन दिन प्रदेश में बारिश व ओलावृष्टि के आसार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में रविवार से मंगलवार तक बारिश, बिजली कड़कने और ओलावृष्टि के आसार हैं। इस दौरान कुछ हिस्सों में हल्की और कुछ जिलों में अधिक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से जारी बुलेटिन के अनुसार पूर्वी, पश्चिमी और बुन्देलखंड अंचलों के ज्यादातर हिस्सों में बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं के चलने के आसार हैं। जबकि कुछ हिस्सों में सोमवार से मंगलवार के बीच भी इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने कहा कि बारिश के दौरान घर से बाहर होने पर किसी पेड़ आदि के नीचे आश्रय न लें, सुरक्षित स्थान पर ही ठहरें।



इन जिलों में बारिश, बिजली कड़कने का अनुमान: आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, अमेठी, अमरोहा, औरय्या, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बागपत, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई हाथरस, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर के आसपास रविवार को बारिश होने के साथ बिजली गिरने की भी आशंका है।

इन जिलों में ओलावृष्टि के आसार

रविवार से सोमवार के बीच आगरा, अमरोहा, औरैया बागपत, बांदा, बिजनौर, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशाम्बी, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज, रामपुर, सहारनपुर, शामली और आसपास के इलाकों में ओले पड़ने का आरेंज अलर्ट है।

इन जिलों में वज्रपात की आशंका

कासगंज, कौशाम्बी, लखीपुरखीरी, लखनऊ, महोबा, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संत कबीरनगर, संत रविदास नगर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सीतापुर, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी और आसपास के इलाकों में भी वज्रपात की आशंका है।

'गजेटियर' बताएगा शहर का इतिहास

लखनऊ : अंग्रेजों के जमाने में बना लखनऊ समेत प्रदेश के सभी शहरों का 'गजेटियर' नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इससे शहरों का इतिहास और भूगोल भी बदल जाएगा। प्रदेश सरकार ने इसकी कवायद भी शुरू कर दी है। पहले चरण में लखनऊ और मुरादाबाद का मॉडल ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसमें शहर की सीमा, क्षेत्रफल, प्रमुख ऐतिहासिक और शासकीय इमारतों से लेकर विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन का ब्योरा रहेगा। साथ ही लखनऊ की संस्कृति, भाषा, जाति, जनसंख्या और समुदाय की भी अपडेट जानकारी मिलेगी। इसके लिए नगर निगम समेत कई अन्य विभागों ने जिला गजेटियर विभाग द्वारा मांगी गई सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी है।

मां-बेटे और चचेरे भाई का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

तिहरा हत्याकांड

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार। मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में शनिवार शाम फरहीन (40) बेटे हन्जला खान (20) और उनके चेचरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज (50) का शव पहुंचा। इसके बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। सुबह से ही मृतकों के नाते-रिश्तेदार गांव में पहुंचने लगे। इस दौरान परिजन ने आलाधिकारियों से हत्यारोपी सिराज और उसके बेटे फराज का एनकाउंटर करने की भी मांग की।

शाम सवा पांचे बजे तीनों को ईदगाह क्रबिस्तान में सुपुर्दे-ए-खाक किया गया। इस दौरान तिहरा हत्याकांड के चश्मदीद (फरीद के घरेलू नौकर) नन्हके ने आलाधिकारियों को पूरी दास्तां बयां की। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेटे हन्जला खान के सिर पर एक गोली लगने, जबकि फरहीन और उसके चचेरे भाई मुनीर खां उर्फ ताज के सीने पर भी एक-एक गोली मारी गई।

तीन लाशों को देख दहशत में आया चश्मदीद

मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के महमूदनगर निवासी नौकर नन्हके ने बताया कि जिस वक्त सिराज खां उर्फ लल्लन ने बेटे फराज के साथ रायफल से ताबड़तोड़ गोलियां चलाई तब वह किचन की सफाई कर रहा था। घर पहुंचते ही हत्यारोपी पिता-पुत्र गाली-गलौज करने लगे। तब मुनीर खां उर्फ ताज कमरे से बाहर निकलकर विरोध करने लगे। आरोपियों ने राइफल से उन्हें गोली मार दी। उसके बाद हन्जला खान और मालकिन फरहीन की गोली मारकर हत्या कर दी। नौकर ने बताया कि वह अपनी जान बचाने के लिए कमरे में पड़े एक तख्त के नीचे छिप गया था।

परिजनों ने की एनकाउंटर की मांग

फरीद की बहन नज्मी ने घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से हत्यारोपी पिता-पुत्र का एनकाउंटर करने की मांग की। कहा कि अगर, पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार करेगी तब भी वह कोर्ट से छूट कर आएंगे और हमारे परिवार को खत्म कर देंगे। वहीं, डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि जमीन के विवाद में सिराज के निशाने पर फरीद थे। हत्याकांड के बाद क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

एक नजर

सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ.सुधीर राठी को, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के तहत हुई है। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को दी गई है। मालूम हो कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा रही हैं।

हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी जिला चेयरमैन मनोनीत

अमृत विचार, लखनऊ : हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग गोरखपुर का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने शनिवार को इस सिलसिले में पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने अंसारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

446 सरकारी चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोतरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रुपये वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के महामंत्री डॉ.अमित सिंह ने बताया कि अभी अन्य अधिकृत चिकित्सक हैं, जिन्हें इस सूची में लाभ नहीं मिला है। शासन को निर्धारित समय पर एसएसीपी की बैठक करनी चाहिए ताकि चिकित्सकों को समय पर लाभ मिल सके।

विधान सभा सत्र में भाग लेने जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

सत्र के लिए जाते सपा नेता शिवपाल यादव, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व अन्य।

सत्र में हिस्सा लेने जातीं कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा, साथ में अन्य।

विप में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

सपा सदस्यों ने दो बार किया सदन का वाकआउट, केशव मौर्या बोले- सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विधान परिषद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को

लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम-105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है। सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई।

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले। सपा के ही लाल बिहारी यादव ने कहा कि घटना के दूसरे दिन लड़कों को पकड़ा जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है। पांच हजार लोगों ने घेराव किया तो दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पॉक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा।

सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कार्यस्थगन अस्वीकार करते हुए सरकार को संदर्भित कर दिया।

बसपा ने उठाया भर्ती और पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी नें सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने तथ्यों से सदन को अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम-110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। वहीं, नियम-111 के तहत आने वाली 10 सूचनाओं में तीन भाजपा की, अन्य दलों की एक-एक कुल छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

सदस्यों के निधन पर शोक के बाद विधानसभा स्थगित

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने सदन के पूर्व सदस्य मोबीन अहमद आजमी, सतीश चन्द्र, जटाशंकर सिंह, मो. इरशाद खान, जगदीश गांधी व डॉ. सुरेश संगल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

नहीं उठा मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड का मामला

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीबी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

कैंसर केयर समेत कई सुविधाओं से लैस होगा मेडिकल डिवाइस पार्क

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत उच्च चिकित्सीय तमाम सुविधाएं होंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं (सीआईएफ) के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित चयनित मेडिकल डिवाइस पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए एकमुश्त अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अब मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोलॉजी व इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस के इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस उद्देश्य से यीडा द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) के माध्यम से गामा रेडिएशन सुविधाएं स्थापित करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से इन सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन में रुचि रखने वाली कंपनियों को आमंत्रित किया जा चुका है और कार्य वितरण की प्रक्रिया जारी है।

पार्क में चिकित्सा जगत बड़ी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का फोकस है। रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास करना है।

राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कार्यक्रम में उपस्थित अन्य। अमृत विचार

कांग्रेस के कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोऑर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डॉ. युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं।

इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चौधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। मालूम हो कि कांग्रेस ने पूर्व में कुल 80 सीटों पर कोआर्डीनेटरों की सूची जारी की थी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे, तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश से एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

प्रशिक्षण शिविर में एडीएम सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

अमृत विचार : प्रदेश सरकार सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को आयोजन होगा।

अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि शिविर में जलवायु परिवर्तन और संवेदनशीलता, आपदा प्रबंधन, राहत लॉजिस्टिक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन, डिजिटल पहल और डिजाइन थिंकिंग के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इससे अधिकारियों को जिला स्तर पर नीति, प्रबंधन और क्रियान्वयन तंत्र को समझने में मदद मिलेगी।

प्रशिक्षण शिविर में एक्सपर्ट द्वारा अधिकारियों को नई प्रबंधन तकनीक के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में नये अवसरों की जानकारी दी जायेगी। शिविर को प्रदेश के वर्तमान जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिक्रिया को देखते हुए डिजाइन किया गया है। सरकार का शिविर के जरिये बढ़ती आपदाओं की घटनाओं को कम करने के साथ जनहानि को न्यूनतम करना उद्देश्य है।

चार सत्र में होगी कार्यशाला

शिविर के पहले सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ऑफ स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट नीरज द्विवेदी, दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के सीनियर ऑफिशियल्स, तीसरे सत्र में इंटेलेक्ट चेन्नई के सीईओ डॉ. अरुण जैन और चौथे सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और कोच्चि के जीटी भरत सम्मिलित होंगे। दूसरे दिन पहले सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और जीटी भरत, दूसरे तीसरे और चौथे सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रो. एस वेंकट शामिल होंगे।

वर्ग पहेली-332

बाएं से दाएं

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।



वर्ग पहेली - 331 का हल

	1 छु			
	2 अ	भं	3 ज	न
	न		न	
4 ख़ा			यि	5 झ
6 न	चि	7 के	ता	प
दा		वाँ		का
नी		8 च	चो	ड़	ना

सुडोकू-49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6				8	
	8	9			4			5
3			2			7		
	2			8	9			6
		7				3	9	
9				1			4	
		1			7			8
4			1			9	5	
	9				5			

सुडोकू - 48 का हल

7	6	5	9	3	1	2	4	8
9	4	3	6	2	8	1	5	7
8	2	1	5	7	4	3	9	6
5	9	6	8	1	3	7	2	4
3	7	4	2	5	9	8	6	1
1	8	2	7	4	6	9	3	5
4	3	7	1	6	2	5	8	9
6	1	9	3	8	5	4	7	2
2	5	8	4	9	7	6	1	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। **दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

वृष — आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

मिथुन — आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

कर्क — आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

सिंह — आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

कन्या — आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

तुला — आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

वृश्चिक — आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

धनु — आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

मकर — आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

कुंभ — आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

मीन — आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- सल्तनत — सुबह : 10.00
- सपूत — रात : 07.00

SONY MAX
- नमस्ते लंदन — सुबह : 10.03
- पीके — रात : 07.00

SONY PIX
- दहेज — सुबह : 09.19
- टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- जयंतभाई की लव स्टोरी — सुबह : 10.30
- कहानी 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- कच्चे लिंबु — दोपहर : 01.52
- दोस्ताना — रात : 09.48

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...

सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

मालदा। पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्घाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।

संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

एक नजर

सेना ने एलओसी के समीप की गोलीबारी

मेंढर/जम्मू। सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद शनिवार को गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मेंढर के साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी और फौरन जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार तड़के मेंढर के एक अग्रिम गांव में गोलीबारी हुई और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया है। इलाके में हाल में भारी हिमपात हुआ है।

विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

रांची। रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद संजय सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी।

शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

▸▸ **भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

▸▸ **कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना**

अमृत विचार: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

फर्जी डाक्टरों के विरुद्ध बनेगा कानून, सांसदों की बैठक मंगलवार को

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

▸▸ **दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित**

अमृत विचार: फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। जिसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है तब वह बड़े डाक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उस स्थिति में मरीज को महंगा इलाज करवाना पड़ता है और कई मामलों में मरीज की मृत्यु भी हो जाती है। बदनाम अंग्रेजी डॉक्टर होते हैं।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डाक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है। लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और धड़ल्ले से मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। इसी तरह आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डा. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डिग्रियों की नेम प्लेट लगाकर फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं और कई मरीजों की अब तक मृत्यु भी हो चुकी है।

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजीलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है तो हम आवाज नहीं उठा पाते हैं।

ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए " बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000 -2100
ज्वार	2600 -4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000 -2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400 -5500
अरहर	8000 -8300
मसूर	5500 -5600
मटर	4400 -4500
उड़दहरा	10000 -10200
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	8500 -8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	15000-15200
अरहरस्पेशल1	12500-12700
चनादाल	6700-6800
मटरदाल	5400-5500
मसूरमलका	7050-7100
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8500- 12000
उड़द धोवा	10000- 12500
मूँगदाल	9000 -10500
मूँग धोवा	9500-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000 - 2300
बासमती नं.1	9100 - 11000
सेला	2500 - 3000
बासमती नं.2	7000 - 8000
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4950-5000
अलसी	4500 -4600 रुपये।

6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

नई दिल्ली। देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4.0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

नई दिल्ली। द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति नग)	48,050-48,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,250
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,100
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,100
सोना जेवरात गिन्नी	63,100
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,350
चांदी आभूषण	73,000।

एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

रिलायंस ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां**

धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

रामकुमार रामनाथन। ● एजेंसी

राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

विनियस (लिथुआनिया)। राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3-0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6-3, 4-6, 6-3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6-3, 6-7, 6-4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6-3, 6-2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6-3, 6-4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4-0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0-2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

अहमदाबाद, एजेंसी

साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर श्रृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच), ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।

209 रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

6 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी

यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्राशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड 253/10 (55.5 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर	76	78	11/2
बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप	21	17	4/0
ऑली पोप बो बुमराह	23	55	2/0
जो रूट का गिल बो बुमराह	5	10	1/0
जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह	25	39	4/0
बेन स्टोक्स बो बुमराह	47	54	5/1
बेन फोक्स बो कुलदीप	6	10	1/0
रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप	6	15	1/0
टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह	21	24	2/1
जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह	6	19	1/0
शोएब बशीर नाबाद	8	15	1/0

अतिरिक्त : 9, **कुल :** 55.5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन :** 1-59, 2-114, 3-123, 4-136, 5-159, 6-172, 7-182, 8-229, 9-234, **गेंदबाजी :** बुमराह 15.5-5-45-6, मुकेश 7-1-44-0, कुलदीप 17-1-71-3, अश्विन 12-0-61-0, अक्षर 4-0-24-1

भारत 396/10 (112 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन	209	290	19/7
रोहित शर्मा का पोप बो बशीर	14	41	0/0
शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन	34	46	5/0
श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले	27	59	3/0
रजत पाटीदार बो रेहान	32	72	3/0
अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर	27	51	4/0
श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान	17	23	2/1
अश्विन का फोक्स बो एंडरसन	20	37	4/0
कुलदीप यादव नाबाद	8	42	0/0
जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान	6	9	1/0
मुकेश कुमार का रूट बो बशीर	0	3	0/0

अतिरिक्त : 02, **कुल :** 112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन :** 1-40, 2-89, 3-179, 4-249, 5-301, 6-330, 7-364, 8-383, 9-395, **गेंदबाजी :** एंडरसन 25-4-47-3, रूट 14-0-71-0, हार्टले 18-2-74-1, बशीर 38-1-138-3, रेहान 17-2-65-3

खेल डायरी

मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

लंदन। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3.15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी।

अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की अस्मिता को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 21-13, 21-12 से हराया। सुपानिडा ने पहले गेम में 8-3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद अस्मिता को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6-7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। सुपानिडा ने अगले 10 में से 9 अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए आरती ने किया क्वालीफाई

पुणे। भारतीय शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा-बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 वर्षीय कोल्हापुर निवासी आरती महिला एकल एसयू-5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल में 7 कांस्य पदक जीते हैं।

भारत की श्रीवल्ली और जील देसाई ने किया उलटफेर

मुंबई। भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शनिवार को डब्ल्यूटीए टूर पदार्पण करते हुए मुंबई ओपन के पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में यूनान की वालेनटिनी ग्रामाटिकोपोलू को हराकर उलटफेर किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली जील देसाई ने भी यूनानी खिलाड़ी साफो साकेलारिडी को हराकर बाहर किया। श्रीवल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 117वीं विश्व रैंकिंग पर काबिज वालेनटिनी को 6-3, 6-2 से पराजित किया। जील देसाई ने साफो पर 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। गैर वरीय वैदेही चौधरी भी प्रतिद्वंद्वी चौथी वरीय देजाना रादानोविच के रिटायर्ड हर्ट होने पर दूसरे दौर में पहुंच गईं। मधुरिमा सावंत और समीक्षा श्राफ अगले दौर में नहीं पहुंच सकीं।

मुंबई ओपन

नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के मुताबिक बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं।

विराट कोहली की वापसी पर संदेह केएल राहुल के फिट होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

विराट कोहली की इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों में वापसी पर संदेह है। कोहली इस समय देश से बाहर हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर या बीसीसीआई के अधिकारी उनसे बात करेंगे ताकि पता चल सके कि वह टीम में शामिल होने की स्थिति में हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि कोहली का टेस्ट से बाहर होने का व्यक्तिगत कारण उनके दूसरे बच्चे के जन्म का इंतजार है जिसका खुलासा उनके करीबी मित्र और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर किया है। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली ने ब्रेक लेकर बिल्कुल सही किया है। उनके दूसरे बच्चे का जन्म होने वाला है। यह परिवार का समय है।

डिविलियर्स ने किया खुलासा कहा- जल्द ही दूसरे बच्चे के पिता बनने वाले हैं विराट कोहली

आर्यन और करन ने असम के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

आर्यन जुयाल और करन शर्मा।



मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू

अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री

साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी

अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खल न जाए।

अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज

अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद, शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तमिलनाडु में 6 साल पहले हुई मौतों के मामले में रद होंगी कानूनी कार्यवाही

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी।

शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

बेल्जियम के नागरिक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की खंडपीठ ने कहा, पर्वतारोहण / ट्रेकिंग कर रहा दल दुर्भाग्य से जंगल की आग में घिर गए। मौत केवल दुर्घटना है। इससे अपीलकर्ता (बेल्जियम के नागरिक) की किसी लापरवाही या आपराधिक इरादे की पुष्टि नहीं होती। अपीलकर्ता की उन ट्रेकर्स की मृत्यु में कोई भूमिका नहीं थी। जंगल की आग प्राकृतिक कारणों से लगी।

सैन फ्रांसिस्को में खालिस्तानी समर्थक आपस में भिड़े

सैन फ्रांसिस्को। खालिस्तानी समर्थकों से जुड़ा एक वीडियो जमकर सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो के मुताबिक, सैन फ्रांसिस्को में कई खालिस्तानी समर्थक हाथ में खालिस्तानी झंडा लिए खड़े हुए थे। बड़ी संख्या में खालिस्तानी समर्थक वहां नारेबाजी कर रहे थे।

इसी दौरान, अचानक वहां मौजूद खालिस्तानी समर्थक एक-दूसरे पर हमला करने लगे। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि वहां मौजूद पुलिसकर्मी इस झड़प को थामने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बवाल में शामिल लोग खालिस्तान के झंडे लहराते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर सिद्धांत सिब्बल ने इस वीडियो को अपनी पोस्ट के जरिए साझा किया।

विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

कैंसर से बचाएगा उपवास

डॉ. अर्जुन अग्रवाल
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नई तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है। इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफ्लिट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।

शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया गया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिस की रिसर्च में यह पाया गया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- इसी तरह वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो उनमें कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने इस पर भी शोध किया और इस आशंका को निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

एक नजर

तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

अंकारा। तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते रविवार की प्रार्थना के दौरान इस्तांबुल चर्च में दो आइएस बंदूकधारियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में उग्र प्रदर्शन

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दो करीबी आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबी को गिरफ्तार किया है। जिसने गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों की छिपने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पता लगाया और उसे एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ चंडीगढ़ और हरियाणा में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

दमिश्क, एजेंसी

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका

अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे

ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता को फैलाई मौत की खबर: पूनम

नई दिल्ली। मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे की निधन की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके मैनेजर ने सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत की जानकारी दी थी, जिसके बाद ये खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।

शुक्रवार को पूनम पांडे की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी। तमाम बॉलीवुड हस्तियों ने पूनम की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया। निधन की सूचना के दूसरे दिन पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांगती नजर आ रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरुक करने के लिए ये नाटक करना पड़ा।

नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक

विशाखापत्तनम, एजेंसी

▸▸ संधायक भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत, रक्षा मंत्री बोले महासागर में बढ़ेगी मजबूती

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा,

आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...

श्रीनगर : कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी

मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

माले, एजेंसी

मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था।

मालदीव सरकार ने किया आधिकारिक अनुरोध

मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है, जिसमें भारत सरकार से घटना का व्यापक विवरण मांगा गया है।

गैर-इस्लामिक निकाह मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को सात-सात साल की जेल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।

इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल (सिफर मामला) और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

कराची। पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।

विज्ञान | जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।

एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।

पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

हिंदुओं को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

लंदन, एजेंसी

▸▸ ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम

हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।